

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www. jagranmorchadaily@ gmail.com

आम जन का आधार

लखनऊ से प्रकाशित



वर्ष : 04 अंक : 360 | लखनऊ | रविवार, 22 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य 05 रुपया


## देश की गरिमा व छवि को बिगाड़ना उचित नहीं : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने नई दिल्ली में हुए एआई शिखर सम्मेलन में कांग्रेस की यूथ विंग के विरोध प्रदर्शन करने को लेकर कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे अति–अशोभनीय व निन्दनीय करार देते हुए कहा है कि इस प्रकार के अन्तर–राष्ट्रीय कार्यक्रमों में इस प्रकार के आचरण से देश की गरिमा एवं छवि को प्रभावित करता है, यह उचित नहीं है।

बसपा प्रमुख ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, नई दिल्ली में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट', जिसमें देश व विदेश के भी काफी प्रमुख लोग आमंत्रित थे। यह इवेन्ट अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्ख़ियों में था। इस दौरान जिन भी लोगों ने अर्द्धनग्न होकर अपना रोष प्रकट किया है,जिसमें अधिकतर कांग्रेसी युवा बताये जा रहे हैं। वह अति-अशोभनीय व निन्दनीय है। उन्होंने आगे लिखा है कि अगर यह सम्मेलन अन्तरराष्ट्रीय स्तर का नहीं होता तो अलग बात थी, किन्तु समिट के दौरान ऐसा आचरण करना यह चिन्ता की बात है। अर्थात अपने देश की गरिमा व छवि को ना बिगाड़ा जाये तो यह उचित होगा।

## गुयाना के उपराष्ट्रपति डॉ.भरत जगदेव ने श्रीराम जन्मभूमि का दर्शन पूजन किया

अयोध्या। भारत दौरे पर आए गुयाना के उपराष्ट्रपति डॉक्टर भरत जगदेव ने शनिवार को अयोध्या पहुंचे और श्रीराम जन्मभूमि में राम लला का दर्शन पूजन किया। वह दर्शन के बाद तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय के साथ श्रीराम जन्मभूमि परिसर का भ्रमण कर मंदिर निर्माण की भव्यता का अवलोकन किया। वह निर्माण की भव्यता निहारी और दिव्यता को आत्मसात किया। महासचित ने उन्हें लम्बे संघर्ष, आन्दोलन, न्यायालय प्रक्रिया और निर्माण संबंधी आवश्यक जानकारी दी। भारतीय मूल के डॉ. जगदेव के पूर्वज अयोध्या से ही सटे अमेठी जिले के गांव पूरे ठाकुरैन से जुड़े रहे हैं। उप राष्ट्रपति डा. भरत जगदेव इन दिनों भारत के दौरे पर आए हैं। उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआइ इम्पैक्ट समिट–2026 में भी हिस्सा लिया है। दर्शन पूजन के बाद राम मंदिर परिसर से उनका काफिला महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट के लिए रवाना हुआ, एयरपोर्ट से गुयाना वापस जाएंगे।

## श्रीनगर: सड़क दुर्घटना में 7 सीआरपीएफ जवान घायल

श्रीनगर। श्रीनगर के दागपोरा इलाके में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 7 जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना अहमद नगर के दागपोरा रोड स्थित उमर हेयर में हुई, जब एक बीपी पेट्रोल पंप वाहन के चालक ने नियंत्रण खो दिया जिससे वाहन सड़क से नहर में जा गिरा।

### दोनों देशों के बीच व्यापार केवल आंकड़ों का विषय नहीं बल्कि पारस्परिक विश्वास

# भारत-ब्राजील पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार 20 बिलियन डॉलर से आगे ले जाने को प्रतिबद्ध : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और ब्राजील आने वाले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 बिलियन डॉलर से आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार केवल आंकड़ों का विषय नहीं बल्कि पारस्परिक विश्वास और मजबूत रणनीतिक साझेदारी का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को हैदराबाद हाउस में ब्राजील के राष्ट्रपति लुईं इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत-ब्राजील संबंधों को राष्ट्रपति लूला की दूरदृष्टि और प्रेरक नेतृत्व का लंबे समय से लाभ मिलता रहा है। बीते वर्षों में कई अवसरों पर हुई मुलाकातों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हर भेंट में उन्होंने भारत के प्रति राष्ट्रपति लूला की गहरी मित्रता और विश्वास को महसूस किया है।




प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति लूला ने ऐतिहासिक एआई इंपैक्ट समिट में भाग लेकर दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई ऊर्ज़ा प्रदान की है। उन्होंने राष्ट्रपति के साथ आए बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि यह दल दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक विश्वास का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्राजील लैटिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत-मर्कोसुर व्यापार समझौते के विस्तार से आर्थिक सहयोग और सुदृढ़ होगा। प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को विशेष महत्व देते हुए उन्होंने कहा कि यह साझेदारी न केवल दोनों देशों बल्कि पूरे ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि ब्राजील में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना पर काम चल रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सुपर कंप्यूटर, सेमीकंडक्टर और ब्लॉकचेन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश मानते हैं कि प्रौद्योगिकी समावेशी होनी चाहिए और निष्पक्ष प्रगति का सेतु बननी चाहिए।

ऊर्ज़ा सहयोग को संबंधों का मजबूत स्तंभ बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हाइड्रोकार्बन के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्ज़ा, एथेनॉल ब्लेंडिंग और सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग को गति दी जा रही है। ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस में ब्राजील की सक्रिय भागीदारी को उन्होंने हरित भविष्य के प्रति साझा संकल्प का प्रतीक बताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्राजील ने आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) की सह-अध्यक्षता का प्रस्ताव रखा है, जो स्वागतयोग्य है। इस क्षेत्र में ब्राजील का अनुभव गठबंधन को और सशक्त करेगा। क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ से जुड़े समझौते को उन्होंने सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। रक्षा क्षेत्र में बढ़ते सहयोग को भी उन्होंने पारस्परिक भरोसे और रणनीतिक तालमेल का उदाहरण बताया। कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में सहयोग को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नए आयाम दिए जा रहे हैं। क्लाइमेट रेजिलिएंट एग्रीकल्चर, प्रिसिजन फार्मिंग और बायो फर्टिलाइजर जैसे क्षेत्रों में साझेदारी दोनों देशों की खाद्य सुरक्षा को मजबूत करेगी। ब्राजील में ऑयलसीड्स, दालों और इंटीग्रेटेड फार्मिंग के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना को उन्होंने महत्वपूर्ण पहल बताया।

स्वास्थ्य और फार्मा क्षेत्र में अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत से ब्राजील को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की आपूर्ति बढ़ाई जाएगी। साथ ही ब्राजील में आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा के विस्तार पर भी काम किया जाएगा, जिससे समग्र स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा।

वैश्विक मंचों पर भारत और ब्राजील की साझेदारी को सशक्त बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों लोकतांत्रिक देश ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं को आगे बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से होना चाहिए। आतंकवाद को मानवता का शत्रु बताते हुए उन्होंने इस पर एकजुट कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रपति लूला की यह यात्रा भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को और गहराई देगी तथा आने वाले वर्षों में सहयोग के नए आयाम स्थापित करेगी।

## देश के 52 हजार गाँवों में होगा आदिवासी विकास


नई दिल्ली । अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम (एबीवीकेए) ने देशभर में आदिवासी सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए एक ऐतिहासिक पैन-इंडिया समझौते पर (एमओयू) हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल के तहत 52 हजार गांवों में व्यवस्थित और प्रभावशाली विकास कार्यक्रम लागू किए जाएंगे। इस राष्ट्रीय पहल से आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास, सामाजिक समावेशन और सांस्कृतिक संरक्षण को नया संबल मिलेगा। इस ऐतिहासिक एमओयू समारोह में वनवासी कल्याण आश्रम के महासचिव योगेश श्रीधर बापट, अंडर ट्रायल वेलफ़ेअर असोसिएशन (यूटीडब्ल्यूए) के अध्यक्ष दिगंत शर्मा, सौभाग्य योग साधना फाउंडेशन (एसवाईएसएफ) के प्रत्यूष शर्मा, भारत टैक्सप्लेयर प्लेटफार्म फाउंडेशन के सीए रवींद्र तुराखिया और टोरस सोशल फाउंडेशन (टीएसएफ) के विश्वास जाधव उपस्थित थे।

इस अवसर पर मौजुदा प्रतिनिधियों ने कहा कि भारत की आत्मा उसके जनजातीय समाज में बसती है। यह एमओयू केवल कागज नहीं, बल्कि सम्मान, सहभागिता और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह साझेदारी 15 साल की दीर्घकालिक योजना के तहत आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी बदलाव लाने का लक्ष्य रखती है। एमओयू के अंतर्गत एक मजबूत क्रियान्वयन ढांचा तैयार किया गया है, जो स्थानीय गतिविधियों को राष्ट्रीय रणनीति और संसाधनों से जोड़ता है।

## सीआरपीएफ के स्थापना समारोह में शामिल हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

एजेंसी

गुवाहाटी। राजधानी गुवाहाटी के सरुसजाई स्थित अर्जुन भोगेश्वर बरुवा खेल परिसर में शनिवार को आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 87वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिस्सा लिया। सीआरपीएफ द्वारा आयोजित परेड कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। गुवाहाटी के सरुसजाई स्थित अर्जुन भोगेश्वर बरुवा खेल परिसर में शनिवार को सीआरपीएफ के द्वारा विशेष भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीआरपीएफ के स्थापाना दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बल के कार्यों की प्रशंसा की। इस मौके पर सीआरपीएफ की कुछ आकर्षक कार्यशैली-बैंड आदि भी प्रस्तुत हुए। विभिन्न अभियानों में सीआरपीएफ द्वारा इस्तेमाल किए गए अत्याधुनिक सशस्त्र विभिन्न वाहन भी प्रदर्शित किए गए। ज्ञात हो कि, दो दिवसीय दौरे पर असम पहुंचे अमित शाह का आज दूसरा दिन है। इस कार्यक्रम के बाद केंद्रीय गृह मंत्री गुवाहाटी के सोनापुर स्थित कचुतली जाएंगे। जहां



पर वे 10वें असम पुलिस बटालियन के मुख्यालय की आधारशिला रखेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, सीआरपीएफ के महानिदेशक जीपी सिंह आदि मौजूद थे। सीआरपीएफ 86 वर्ष से अपने उत्कृष्ण प्रदर्शन, शौर्य, धैर्य, वीरता एवं बलिदान के साथ देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत कर रही है। बल के 2270 जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिए हैं, उनको मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर इस कार्यक्रम में उपस्थित हुआ हूं। उनके बलिदानी जज्बा के कारण ही देश को बचाने एवं सरक्षित करने का कार्य हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश में तीन बड़े हॉट स्पाट थे। जम्मू कश्मीर और माओवादी एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र में पूर्व में बम धमाके होते थे, जिन्हें सीआरपीएफ ने रोककर देश में शांति और सुरक्षा को कायम किया है।

## कर्नाटक में ट्रैक्टर पलटने से महाराष्ट्र के दो वर्षीय बच्चे समेत 4 की मौत

बागलकोट । कर्नाटक राज्य के बागलकोट जिले के जमखंडी तालुका स्थित कट्टे केरे के समीप शनिवार तड़के भीषण हादसे में दो वर्षीय मासूम सहित 4 लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में 8 अन्य लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार गन्ना कटाई कार्य के लिए मजदूरों को लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अलग होकर पलट गई, जिससे यह हादसा हुआ। दुर्घटना रात लगभग 2 बजे के आसपास हुई बताई जा रही है।द्य मृतकों की पहचान मनीष पांडे (23), हलकी पांडे (2), लक्ष्मी चिरमडी (27) और रेखा भूके के रूप में हुई है। सभी मृतक महाराष्ट्र के यवतमाल जिला के बुसा तालुका अंतर्गत गुपवाड़ी गांव के निवासी थे। वे गन्ना कटाई कार्य के सिलसिले में जमखंडी क्षेत्र में आए थे। घटना की सूचना मिलते ही जमखंडी पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेस मुख्यालय पर भाजपा का प्रदर्शन

### कई कार्यकर्ता हिरासत में

एजेंसी

नई दिल्ली । भारत मंडपम में चल रहे एआई शिखर सम्मेलन में भारतीय युवा कांग्रेस के प्रदर्शन के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस मुख्यालय के बाहर शनिवार को प्रदर्शन किया। भाजपा ने कांग्रेस के प्रदर्शन की निंदा करते हुए इसे देश की छवि खराब कराने की कोशिश बताया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अन्य नेताओं को हिरासत में ले लिया और कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार भाटिया, विष्णु मित्तल, प्रवीण शंकर कपूर, उपमहापौर जयभगवान यादव, जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बब्बर, माया विष्ट और अन्य लोग मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों के बैरिकेड्स तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश के दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा और अन्य कार्यकर्ताओं को तुगलकरोड स्थित थाने ले गई, जहां से लगभग एक घंटे बाद उनको चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि एआई शिखर सम्मेलन भाजपा का नहीं भारत राष्ट्र का कार्यक्रम था और उसमें घुस कर प्रदर्शन करना सीधा



राष्ट्रद्रोह है। उन्होंने कहा कि एआई शिखर सम्मेलन जैसे महत्वपूर्ण मंच पर, जहां भारत अपनी नवाचार क्षमता, स्टार्टअप इकोसिस्टम और डिजिटल क्रांति का प्रदर्शन कर रहा था, वहां इस प्रकार का प्रदर्शन कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को दर्शाता है। सचदेवा ने कहा कि जब पूरा विश्व भारत की तकनीकी प्रगति और डिजिटल नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है, ऐसे समय में कांग्रेस द्वारा इस प्रकार का हंगामा करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देशहित से ऊपर अपनी राजनीतिक हताशा को रख रही है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत की उपलब्धियों को कमतर दिखाने का प्रयास कर रही है। सचदेवा ने कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि यह वही मानसिकता है जो संसद से लेकर सड़कों तक देश को बदनाम करने की कोशिश करती रही है। भारत आज तकनीक, स्टार्टअप और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जिसे कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। मनोज तिवारी ने कहा कि शुक्रवार को जिस प्रकार की घटना हुई है वह समान्य घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस जबतक कांग्रेस के लोगों को पकड़ती उससे पहले ही वहां उपस्थित जनता ने ही उन्हें सबक सिखा दिया। सांसद तिवारी ने कहा कि एआई शिखर सम्मेलन में कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन राहुल गांधी और उनकी पूरी कांग्रेस की हताशा को दर्शाता है।






## दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट, लाल किला और चांदनी चौक के आसपास सुरक्षा कड़ी



नई दिल्ली । दिल्ली में एक बार फिर आतंकी हमले की आशंका को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। इस खुफिया जानकारी के बाद राजधानी में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) दिल्ली में आईईडी हमले की साजिश रच रहा है। सूत्रों के अनुसार आतंकियों के निशाने पर ऐतिहासिक लाल किला स्थित मंदिर और उसके आसपास का इलाका हो सकता है। खासकर भीड़भाड़ वाले चांदनी चौक स्थित प्रमुख मंदिर को लेकर इनपुट मिला है। हालांकि आधिकारिक तौर पर किसी विशेष स्थल का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों ने संवेदनशील धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 6 फरवरी को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में स्थित टेरलाई इमाम बारगाह में जुमे की नमाज के दौरान हुए विस्फोट के बाद यह आतंकी संगठन भारत में बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। उस हमले में कई लोगों की मौत हुई थी और कई अन्य घायल हुए थे। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को जैसे ही संभावित खतरे की जानकारी मिली, वैसे ही लाल किला, चांदनी चौक और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बाजारों, पार्किंग स्थलों और धार्मिक स्थलों की सघन जांच की जा रही है।

# लखनऊ में 22वीं पुष्प प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। लखनऊ नगर निगम द्वारा पद्मश्री डॉ0 एस0सी0 राय पार्क (ई-पार्क) के प्रांगण में 22वीं पुष्प प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कोरोना काल के दौरान स्थगित कर दी गई यह लोकप्रिय प्रदर्शनी इस वर्ष पुनः प्रारंभ की गई है।

इस आयोजन को पुनर्जीवित करने में महापौर , पार्षदगण, नगर आयुक्त तथा क्षेत्रीय समाजसेवियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शनिवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने विधिवत फीता काटकर पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

उद्घाटन के उपरांत महापौर सुषमा खर्कवाल ने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान उद्यान अधीक्षक गंगाराम गौतम एवं शशिकांत शशि जी ने उन्हें प्रदर्शनी की रूपरेखा, प्रतियोगिता की श्रेणियों एवं प्रतिभागियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महापौर ने बच्चों द्वारा तैयार की गई कलात्मक पुष्प सज्जा को विशेष रूप से सराहा। इसके अतिरिक्त थीम आधारित प्रदर्शनी और महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह और रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन शहर की सांस्कृतिक और पर्यावरणीय चेतना को सशक्त बनाते हैं। इस फ्लावर शो में ताजे फूलों से बनाई गई आकर्षक कलाकृतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। महापौर ने सबसे पहले लक्ष्मण जी की फूलों से बनी सुंदर आकृति का अवलोकन किया। इसके बाद होली पर्व को ध्यान में रखते हुए राधा-कृष्ण के होली खेलते हुए दृश्य को पुष्पों से साकार किया गया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही मोर, तितली और पेंगुइन की मनमोहक पुष्प आकृतियां भी प्रदर्शित की गईं। इन सजीव कलाकृतियों को देखकर माननीय महापौर अभिभूत हो उठीं और उन्होंने घोषणा की कि अगले वर्ष इस प्रदर्शनी को और भी बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भागीदारी कर सकें। इस वर्ष की प्रतियोगिता 24 वर्गों एवं 262 श्रेणियों के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। शहर के विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों तथा आम नागरिकों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया है। प्रतियोगिता में 1100 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आमजन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों को सजीव फल, फूल और सब्जियों की जानकारी देना है, ताकि वे प्रकृति के प्रति रुचि विकसित कर सकें और हरियाली के महत्व को समझ सकें।

# बुलंदशहर जेल में ड्यूटी को लेकर दो गुटों में हुई भिड़ंत

## महिला अधीक्षक से संभाले नहीं सम्भल रही बुलंदशहर जेल

### एक हेड वार्डर को अतिरिक्त बैरक का प्रभार देने को लेकर हुआ विवाद

### प्रमुख सचिव, डीजी जेल से घटना की जांच कराए जाने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय




लखनऊ ब्यूरो। प्रदेश की कमाऊ कही जाने वाली बुलंदशहर जेल में ड्यूटी को लेकर सुरक्षाकर्मियों के दो गुटों में भिड़ंत हो गई। एक हेड वार्डर को आराम देने देने के लिए बैरक का अतिरिक्त प्रभार दूसरे हेड वार्डर को देने को लेकर सुरक्षाकर्मियों के दो पक्षों में जमकर नोंकझोंक हो गई। मामला मारपीट में तब्दील हो पाता इससे पहले साथी अन्य हेड वार्डरो ने बीच बचाव कर मामले को शांत करा दिया। उधर पीड़ित वार्डरो ने प्रमुख सचिव कारागार, डीजी और परिक्षेत्र डीआईजी को पत्र भेजकर घटना की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उत्पीड़न का शिकार हुए वॉर्डरो को ओर से प्रमुख सचिव कारागार को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया है कि बुलंदशहर जाट बाहुल्य क्षेत्र होने की वजह से इस जेल में जाट सुरक्षाकर्मियों का दबदबा है। पत्र में बताया गया है कि घटना दो दिन पहले 19 फरवरी की है। प्रतिमाह ड्यूटी के लिए लगने वाले पर्चे में हेड वार्डर विपिन कुमार की ड्यूटी एक माह के लिए बैरक संख्या 04 में लगाई गई थी। इसी पर्चे में हेड वार्डर हवलदार यादव की ड्यूटी बैरक संख्या 05 पर लिखी गई थी। मुख्य चीफ नीत पाल ने हेड वार्डर विपिन कुमार को बैरक संख्या 04 से हटाकर आराम दिलाने के लिए दिन की ड्यूटी में लगा दिया। बैरक संख्या 05 में ड्यूटी कर रहे हेड वार्डर हवलदार यादव को बैरक 05 के साथ ही बैरक 04 का भी चार्ज दिया जा रहा था। हेड वार्डर हवलदार ने मुख्य चीफ नीत पाल से जब दो बैरकों में ड्यूटी लगाए जाने का विरोध किया तो धीरेन्द्र जाट समेत अन्य कर्मियों और हवलदार में नोंकझोंक शुरू हो गई। मामला मारपीट में तब्दील होता इससे पहले मौके पर मौजूद हेड वार्डर वीरेश पाल, लालाराम गौतम, बृजेश गौतम, नकुल, कुलदीप आदि ने दोनों पक्षों को समझाबुझाकर किसी तरह मामले को शांत करा दिया। सूत्रों का कहना है इससे पूर्व इस जेल में अधीक्षक के अपने चहेते कमाकर देने वाले हेड वार्डर और वार्डरों को कमाऊ स्थानों पर ड्यूटी पर लगा रखने की शिकायत हुई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि जेल में चहेते वार्डरो की महीनों ड्यूटी बदली ही नहीं जाती है। प्रमुख सचिव कारागार को भेजे गए पत्र में पीड़ित वार्डरो का आरोप है कि 19 फरवरी को हुई घटना से अधीक्षक को भी अवगत कराया गया लेकिन जेल में जाट का दबदबा होने की वजह से यहां किसी की नहीं चलती है। इससे जेल में कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। घटना से सभी कर्मचारी दहशत में है। उन्होंने घटना की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उधर इस संबंध में जब डीआईजी मेरठ जेल परिक्षेत्र सुभाष शाक्य से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसा कोई मामला अभी तक उनके संज्ञान में नहीं आया है। पता करके बताता हूं।

### तबादले के बाद भी बुलंदशहर जेल पर जमी डिप्टी जेलर

बुलंदशहर जेल में डिप्टी जेलर कृष्णा कुमारी की तानाशाही से वार्डर संवर्ग के कर्मियों में खासा आक्रोश व्याप्त है। डिप्टी जेलर कृष्णा कुमारी स्थानांतरण के बाद भी बुलंदशहर जेल पर जमी हुई है। कारागार मुख्यालय में मजबूत पकड़ और सेटिंग गेटिंग की वजह से इस स्थानांतरित महिला जेलर को अभी तक रिलीव नहीं किया गया है। बताया गया है कि महिला डिप्टी जेलर का स्थानांतरण सीतापुर जेल पर किया गया था। उधर इस संबंध में जब मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्दी ही स्थानांतरित महिला डिप्टी जेलर को रिलीव किया जाएगा।

### अखिल भारतीय पत्रकार एसोशिएशन द्वारा सेमिनार व शपथ ग्रहण समारोह आज

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ ।अखिल भारतीय पत्रकार एसोशिएशन द्वारा 22 फरवरी दिन रविवार को आयोजित लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका पर सेमिनार व वर्ष 2026 में गठित लखनऊ व प्रदेश के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह व वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान समारोह मेजबान होटल लाटूश रोड (निकट मकबुलगंज पुलिस चौकी ) आयोजित किया जाएगा ।

# नियमों को दरकिनार कर बोर्ड परीक्षा में लग रही शिक्षकों की ड्यूटी: महेंद्र

### संवेदनहीन हुए राजधानी की जिला विद्यालय निरीक्षक

### हार्ट सर्जरी वाले शिक्षक को बोर्ड ड्यूटी के लिय भेजा 50 किमी दूर

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के बीच लखनऊ जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय के कुप्रबंधन और तानाशाही के खिलाफ शनिवार को आम आदमी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने साक्ष्यों के साथ विभाग पर भ्रष्टाचार और शिक्षकों के मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

उन्होंने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक शिक्षक की जान से खिलवाड़ कर रहे है।रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज के विज्ञान शिक्षक की हाल ही में हार्ट सर्जरी हुई है। चिकित्सा मानकों के अनुसार उन्हें पूर्ण विश्राम और तनावमुक्त रहने की सलाह दी गई है, लेकिन डीआईओएस कार्यालय ने अमानवीयता की सारी हदें पार करते हुए उनकी ड्यूटी घर से 50 किलोमीटर दूर अयोध्या मेमोरियल इंटर कॉलेज फैजाबाद रोड में लगा दी है। कार्यालय को इसकी जानकारी दी गई लेकिन चार दिन परीक्षा बीत जाने के बाद भी शिक्षक को वहां से हटाकर समीप के विद्यालय में ड्यूटी नहीं लगाई गई। विभाग किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है?

इसी प्रकार जनपद के बप्पा वोकेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज, मोतीलाल इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, एमकेसडी, विद्यांत इंटर कॉलेज, सेंटिनल इंटर कॉलेज, गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित अधिकाश परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित न होने से परीक्षा संचालन में गंभीर कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। केंद्र व्यवस्थापक द्वारा संबंधित अधिकारियों से लगातार दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर कक्ष निरीक्षकों की तत्काल उपलब्धता की मांग की जा रही है, किंतु अब तक आवश्यक संख्या में कक्ष निरीक्षक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है कई परीक्षा केंद्रों पर शिक्षकों की कमी का हवाला देकर सब्जेक्ट टीचर (विषय अध्यापक) से ही ड्यूटी कराई जा रही है।?''नियम है कि जिस विषय की परीक्षा हो, उस विषय का शिक्षक ड्यूटी पर नहीं रहेगा। लेकिन लखनऊ में नियम केवल कागजों पर हैं। यह सीधे तौर पर नकल को संरक्षण देने और परीक्षा की गोपनीयता भंग करने की साजिश है। कक्ष निरीक्षकों की कमी के कारण परीक्षा की सुचारु एवं पारदर्शी व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि परीक्षार्थियों के हितों के साथ भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।

# 44वां श्री श्याम निशानोत्सव दूसरे दिन धूमधाम से मनाया

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। श्री श्याम ज्योत मंडल ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में 44वां श्री श्याम निशानोत्सव धूमधाम मना रहा है। जमघट म्हारे श्याम का भजन संध्या के दूसरे दिन संजय शर्मा, लव अग्रवाल, अरविंद सहल एवं कुमार मुकेश ने लखनवी ठाठ एवं कोलकाता की सुरमयी अन्दाज में भक्तिमय भजनों की संतरगी छठा बिखेरे रहे थे। मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि खाटू श्याम का दरबार दूसरे दिन रंगबिरंगी रोशनी से जगमगा रहा था। मल्ल राजवंश काल के राज दरबार में स्वर्ण कमल वाले सिंहासन पर कलयुग के अवतारी खाटू नरेश विराजमान थे। बाबा श्याम का शीश पर मोर पंख का स्वर्ण मुकुट, माथे पर तिलक, आंखे कजराली, कानों में कुण्डल, मुख व ललाट पर तेजपुंज के प्रकाशमय था। बाबा का बाघा हीरा पन्ना, बेशकीमती मोतियों से अलकृत एवं रंग बिरंगे फूलों से महक रहा था। बाबा की मनमोहिनी छवि भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। 50 फुट ऊंचा 111 फुट चौड़े खाटू नरेश दरबार के दोनों ओर पवनसुत हनुमान एवं बाबा श्याम का निशान चढ़ाये गये थे। राजमहल की दीवारों पर देवी देवताओं, टेराकोटा की नक्काशी उकेरी गई थी। राजदरबार में पुरी के भगवान जगनाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन भी हो रहे थे। जमघट म्हारे श्याम के दूसरे दिन लव अग्रवाल ने मन की बात सांवरिया से आज बताकर देख लो, तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे..., अरविंद सहल ने ए श्याम तेरे हम जबसे दीवाने हो गए, कीर्तन की रात आज थानों आनो है..., संजय शर्मा ने किसी की नैया का मांझी बन जाता है, वो उंगली पकड़ता है, रास्ता दिखलाता है, रास्ता दिखलाता हैं..., वो भाव है मेरे भजन में, दुःख दूर हो जाए, मैं गाऊ तो वो आने को मजबूर हो जाए... जैसे कर्णप्रिय भजनों को सुनाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्सव के अंतिम चरण में भक्तों ने बाबा श्याम के संग रंग बिरंगे फूलों की होली खेली। श्याम ज्योत मंडल ने भजन गायकों एवं उत्सव में अपनी सेवा देने वाले सहयोगी को सम्मानित कर अभिनंदन किया। उत्सव के समापन पर भक्तों मंडल की ओर से प्रसाद वितरित गया।इस अवसर पर अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सुरेश कंछल, सदस्य मुकेश अग्रवाल, सचिन कंछल, मोती कंछल, योगेन्द्र, विवेक, सक्षम, मोहित, निश्चल, वासु, श्रेयस, राजरानी अग्रवाल, साक्षी एवं श्याम भक्त मौजूद थे।

### मन की बाता सांवरिया से आज बता कर देख लो , तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे

### जमघट म्हारे श्याम दरबार में लव अग्रवाल, अरविंद सहल, संजय शर्मा एवं कुमार मुकेश ने भक्तिमय भजनों से समा बांधा

**बाक्स डायरी**

23 फरवरी रविवार को प्रातः 11 बजे महाराजा अग्रसेन पार्क तिलकनगर से श्री श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू धाम मंदिर तक जाकर समाप्त होगी।

अनुपम मित्तल
सचिव-मीडिया प्रभारी
9415026373

# चौक थाना क्षेत्र में एलआईसी एजेंट के टप्पेबाजों ने उड़ाए 25 हजार, मोटर साइकिल से हुए फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ ।पारा थाना क्षेत्र बुद्धेश्वर पुलिस चौकी क्षेत्र में शुक्रवार 20 फरवरी को ई रिक्शा से दुबगा जा रही महिला का दिन दहाड़े टप्पेबाज महिला ने गहनों का डिब्बा उड़ाने की खबर को लोग भूल भी नही पाये थे कि शुक्रवार को ही चौक थाना क्षेत्र में यहियागंज मुर्तजा हुसैन रोड नि0 सुरेश कुमार एलआईसी एजेंट सुभाष मार्ग स्थित बैक से रुपया निकाल कर ई रिक्शे से चौक एलआईसी आर्फिस पैसा जमा करने जा रहे थे सुभाष मार्ग पर रास्ते में दो युवकों ने ई रिक्शा पर बैठकर थोड़ी देर में सुरेश कुमार की जेब काट कर 25 हजार रुपये निकाल कर रास्ते में दोनो युवक उतर कर अपने साथियों संग मोटर साइकिल से रकाबगंज रोड की तरफ फरार हो गए ।

यहियागंज मुर्तजा हुसैन रोड नि0 सुरेश कुमार ने बताया कि मैं 20 फरवरी शुक्रवार की दोपहर लगभग एक बजे में सुभाष मार्ग स्थित एचडीएफसी बैक से चेक द्वारा 25 हजार निकाल कर ई रिक्शा से चौक एलआईसी आर्फिस जा रहे थे आगामार ड्योढ़ी चौकी के सामने दो युवक ई रिक्शा पर सवार हुए क्वीन मैरी अस्पताल के बीच में दोनों युवकों ने सुरेश की जेब ब्लैड से काट कर 25 हजार उड़ाये दिये । क्वीन मैरी अस्पाल से पहले रास्ते में उतर कर अन्य अपने साथी संग मोटर साइकिल से रकाबगंज की तरफ फरार हो गए ।

पीड़ित ने बताया कि क्वीन मैरी अस्पताल से पहले गुमटी दुकानदार ने बताया कि दोनों युवक कुछ लेकर भागे है जब मैने अपने रुपये देखे तो जेब कटी हुई थी रुपये गायब थे । जब तक हम उनको पकड़ने दौड़े तब तक पहले से खड़े अन्य युवक दोनों युवकों को मोटर साइकिल पर बैठाकर रकाबगंज की तरफ भाग गया । मैं परेशान होकर घर लौट आया आज मैंने पाटा नाला चौकी प्रभारी को लिखित शिकायत पत्र दिया है पुलिस ने शिकायत पत्र लेकर कल सीसीटीवी फुटेज देखने की बात कह कर टाल दिया ।

पाटा नाला चौकी प्रभारी विनीत सिंह ने बताया कि पीड़ित प्रार्थना पत्र शाम को लेकर आया था मैंने उससे कहाँ कि अभी तराबी चल रही है उसके बाद क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज देखता हूँ । समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने रिपोर्ट नही दर्ज की थी।

# आई0आई0एल0एम0 एकेडमी आफ हायर लर्निंग के तीन दिवसीय17वें वार्षिकोत्सव ज़ील 2026 समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय




लखनऊ । गोमती नगर स्थित आई0आई0एल0एम0 एकेडमी आफ हायर लर्निंग के 17वें वार्षिकोत्सव ‟ज़ील 2026‟ के द्वितीय चरण का शुभारम्भ दिंनाक 20 फरवरी को संस्थान के निदेशक डॉ0 वी0 वी0 गोपाल एवं डीन डॉ. सुचिता विश्वकर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया, एवं 21 फरवरी 2026 को भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसके साथ ही तीन दिवसीय ‟ज़ील 2026‟ का समापन हो गया। ज़ील 2026 में शहर के 40 से ज्यादा स्नातक, स्नात्तकोत्तर एवं प्रबंध संस्थानों के छात्रों ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया।

ज़ील 2026 के अंतिम दिन आई0आई0एल0एम0 परिसर में चारों ओर उत्साह, उल्लास एवम जश्न का माहौल था। छात्रों के जोश एवम उत्साह का हाल यह था कि प्रातः काल से ही आई0आई0एल0एम0 परिसर में छात्रो का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था और देखते ही देखते पूरा संस्थान परिसर छात्रो के उत्साह एवम शोर से गूजने लगा। जब जब कोई प्रतिभागी धमाकेदार प्रस्तुति देता, तो दर्शक दीर्घा में बैठे छात्र अपने कदमों को थिरकने से न रोक पाते।

तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव ज़ील 2026 का प्रथम चरण खेलकूद प्रतियोगिताओं पर आधारित था तथा द्वितीय चरण शैक्षिक एवम सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं पर आधारित था। ज़ील 2026 में भाग ले रहे विभिन्न संस्थानों के छात्रों का उत्साह देखते ही बनता था। हर प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन करके विजेता बनने को आतुर दिखाई पड़ रहा था।

ज़ील 2026 के पुरस्कार वितरण समारोह में विशेष अतिथि सुश्री अपूर्वा चौहान, मिस इंटरनेशनल दिवा इंडिया 2025, के साथ गेस्ट ऑफ ऑनर अजय कुमार सिंह, वाईस प्रेसीडेन्ट, आई0आई0एल0एम0 यूनीवर्सिटी ग्रेटर नोयडा (पूर्व वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारी, उत्तर प्रदेश शासन), आई0आई0एल0एम0 लखनऊ के निदेशक डॉ0 वी0 वी0 गोपाल एवं डीन डॉ0 सुचिता विश्वकर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अंतिम दिन 20, 21 फरवरी 2026 को वर्डस्वर्थ, स्पलेस आफ कलर, फार्मर्स ऑफ आर्ट एवं डान्स आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। जील में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंग देखने को मिले। छात्रों को देख कर ऐसा प्रतीत हो रहो था मानो आकाश के सितारे धरती पर उतर आये हों। आई0आई0एल0एम0 के निदेशक डॉ0 वी0 वी0 गोपाल ने अपने समापन भाषण में जीतने वाले प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ज़ील 2026 का सफल आयोजन विभिन्न कालेजों के सहयोग तथा आई0आई0एल0एम0 के फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों के विशेष प्रयास के कारण ही सम्भव हो सका। उन्होने आगे भी ऐसे ही सहयोग की आशा की। इस वर्ष ज़ीलदृ 2026 के प्रायोजकों में वाडीलाल, तनिष्क, फयूजन फिट, मोनस्टर एनर्जी, ड्रिपइन, विवाह कलेक्शन, वत्स प्लस, किट्टो जंक्शन आदि प्रमुख हैं। अंत में संयोजक डॉ0 फवाद अली खान एवं डॉ0 रीतिका अग्रवाल ने सभी प्रायोजकों, प्रतिभागी छात्रों एवम् आई0आई0एल0एम0 के छात्रों तथा अध्यापकों को उनके सराहनीय सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सुरेश दुबे बने सीजेएम, सिविल जज और एसीजेएम के भी बदले कोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** न्यायिक महकमे में बड़ा प्रशासनिक बदलाव करते हुए हाईकोर्ट ने बरेली जिला न्यायालय में महत्वपूर्ण तबादले किए हैं। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रहे सुरेश कुमार दुबे को अब बरेली का नया मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) नियुक्त किया गया है। नये मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पदभार ग्रहण के साथ ही अब निगाहें इस बात पर होंगी कि लंबित आपराधिक मामलों और आर्थिक अपराधों की सुनवाई में कितनी तेजी आती है।

हाईकोर्ट के आदेश पर सुरेश कुमार दुबे को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) से पदोन्नत कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बरेली बनाया गया है। यह नियुक्ति पूर्व सीजेएम अलका पांडेय के स्थान पर की गई है। जिले की



सुरेश कुमार दुबे और सलोनी रस्तोगी

आपराधिक न्याय व्यवस्था में सीजेएम की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। ऐसे में यह बदलाव न्यायिक प्रशासन के लिहाज से अहम माना जा रहा है। सीजेएम रहीं अलका पांडेय को अब अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बरेली बनाया गया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सलोनी रस्तोगी को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) नियुक्त किया गया है।

### दीपक कुमार को मिली अहम जिम्मेदारी

दीपक कुमार मिश्रा को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 9(2) के तहत आर्थिक अपराधों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति विशेष रूप से आर्थिक अपराधों की प्रभावी सुनवाई और त्वरित निपटान को ध्यान में रखते हुए की गई है।

स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए शुरू किया गया अभियान

# मैरिज होम में शादी के दौरान फैलाया कूड़ा तो लगेगा जुर्माना

- नगर निगम ने संचालकों से सहयोग मांगा, नियमों का सख्ती से पालन
- उल्लंघन करने पर मैरिज होम संचालकों पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम ने सख्ती बढ़ा दी है। अब शहर के सभी मैरिज होम में जीरो वेस्ट थीम पर ही शादी समारोह आयोजित किए जाएंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर संचालकों पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया जाएगा। नगर निगम ने सभी मैरिज होम संचालकों की बैठक कर उनसे सहयोग मांगा है और स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम के दौरान कचरा प्रबंधन के नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। एसबीएम बरेली प्रभारी राजीव कुमार राठी ने बताया कि एक शादी समारोह में औसतन करीब 2000 किलो तक कचरा निकलता है, जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। नई व्यवस्था के तहत विवाह समारोह की सजावट और खानपान में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्लास्टिक कप, प्लेट, चम्मच, बोतल और थर्माकोल सामग्री के उपयोग पर रोक रहेगी। इसके स्थान पर पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने होंगे।

### गीला और सूखा कूड़ा अलग करना होगा अनिवार्य

नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि समारोह से निकले कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की जिम्मेदारी निगम की होगी, लेकिन इसके लिए मैरिज होम संचालकों को कचरे का पृथक्करण करना अनिवार्य होगा। गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखना होगा। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल करने और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया है। नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सुभाषनगर में बदमाशों ने की लूटपाट विरोध पर युवक की गोली मारकर हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के प्रगति नगर मोहल्ले में शुक्रवार देर रात लूट की वारदात ने एक परिवार को हमेशा के लिए उजाड़ दिया। घर के बरामदे में पत्नी के साथ सो रहे 40 वर्षीय जोगेंद्र लोधी को बदमाशों ने सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही वह वहीं ढेर हो गए। पत्नी के शोर मचाते ही आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी और दहशत का माहौल है।

पुलिस के अनुसार मूल रूप से आंवला क्षेत्र के ग्राम तिगरा खानपुर निवासी जोगेंद्र लोधी पत्नी अनीता के साथ प्रगति नगर में रहते थे। शुक्रवार रात करीब एक बजे दोनों घर के बरामदे में सो रहे थे। तभी मकान की छत पर किसी के चलने जैसी आहट हुई। अनहोनी की आशंका में जोगेंद्र और उनकी पत्नी जीने से छत की



रोते-बिलखते परिजन व मृतक का फाइल फोटो

ओर बढ़े। जैसे ही जोगेंद्र सीढ़ियों के पास पहुंचे, ऊपर पहले से छिपे दो बदमाशों में से एक ने उन पर फायर झोंक दिया। गोली सीधे उनके सीने में लगी। जिससे जोगेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज और अनीता के चीखने-चिल्लाने से मोहल्ला दहशत में आ गया, लेकिन तब तक हमलावर भाग चुके थे।



पति को लहूलुहान हालत में गिरता देख अनीता के होश उड़ गए। उन्होंने चीख-चीखकर मदद की गुहार लगाई। पड़ोसी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना पर सुभाषनगर थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया है। पुलिस प्राथमिक जांच में इसे लूट की नीयत से की गई वारदात मान रही है। इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि अनीता की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

### मोहल्ले में दहशत, सवालों के घेरे में सुरक्षा

प्रगति नगर जैसे रिहायशी इलाके में आधी रात को घर में घुसकर गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना ने स्थानीय लोगों को डरा दिया है। लोगों का कहना है कि यदि बदमाश इस तरह छत के रास्ते घर में घुस सकते हैं, तो कोई भी सुरक्षित नहीं है। घटना के बाद क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। सुभाषनगर इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह का कहना है कि घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा। तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और संभावित आरोपियों की पहचान की कोशिश की जा रही है। अधिकारियों ने परिजनों को भरोसा दिलाया है कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# फरीदपुर में दो अल्ट्रासाउंड सेंटर सील, एक पर दर्ज होगा मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फरीदपुर में अवैध रूप से चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर शनिवार को प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए ताबड़तोड़ कार्रवाई की। जिलाधिकारी अविनाश सिंह और मुख्य चिकित्सा अधिकारी विश्राम सिंह के आदेश पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तीन केंद्रों पर औचक छापा मारा। जांच के दौरान दो सेंटरों पर तुरंत ताला जड़ दिया गया, जबकि एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

छापेमारी की शुरुआत मर्सी अल्ट्रासाउंड से हुई। यहां टीम को वैध पंजीकरण से जुड़े दस्तावेज नहीं मिले। बिना अनुमति के सेंटर संचालित होता पाया गया। नियमों की खुली अनदेखी देख टीम ने बिना देर किए सेंटर को सील कर दिया। आसपास के लोगों में चर्चा रही कि लंबे समय से यहां काम चल रहा था, लेकिन अब प्रशासन की सख्ती ने खेल बिगाड़ दिया। इसके बाद टीम सहारा अल्ट्रासाउंड पहुंची। जांच में सामने आया कि सेंटर अपने पंजीकृत स्थान से अलग जगह पर चल रहा था। यह सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन




है। अधिकारियों ने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए सेंटर को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान कर्मचारियों में अफरातफरी का माहौल रहा।

तीसरे नंबर पर एल्फा अल्ट्रासाउंड की बारी आई, लेकिन टीम के पहुंचने से पहले ही सेंटर बंद कर दिया गया था। जानकारी मिली कि निरीक्षण की भनक लगते ही संचालक फरार हो गया। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित चिकित्सक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अपना नाम केंद्र से हटाने का आवेदन दे रखा है। प्राथमिक जांच में गड़बड़ी के संकेत मिलने पर अब इस सेंटर के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। नोडल पीसीपीएनडीटी व डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अहमद अंसारी ने साफ शब्दों में कहा कि जिले में अवैध रूप से संचालित किसी भी अल्ट्रासाउंड सेंटर को बख्शा नहीं जाएगा।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से हाईस्कूल छात्र की मौत, दो साथियों की हालत नाजुक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शाही थाना क्षेत्र के सेवा ज्वालापुर गांव के पास सड़क हादसे में हाईस्कूल के छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे और किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है।

सेवा ज्वालापुर गांव निवासी अरविंद (पुत्र खूबकरन), वीरेंद्र (पुत्र ओमपाल) और नरेश पाल (पुत्र नरोत्तम) शुक्रवार रात करीब दस बजे शाही कस्बे से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक सेवा ज्वालापुर चौराहे से लगभग सौ मीटर पहले पहुंची, तभी किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि



तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों ने घायलों को तुरंत बरेली के अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया। वीरेंद्र और नरेश पाल का इलाज जारी है। दोनों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। अरविंद दो भाई और दो बहनों में तीसरे नंबर का था। वह दसवीं कक्षा का छात्र था। परिजनों ने बताया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ बरात और अन्य कार्यक्रमों में वेटर का काम कर परिवार की आर्थिक मदद करता था। बेटे की अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक का माहौल है।

उधर, शाही क्षेत्र में ही शुक्रवार रात दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। नरखेड़ा गांव निवासी देवी दास धनेटा-शीशगढ़ मार्ग पर वाहन की तेज रोशनी से चकाचौंध होकर बाइक से पेड़ में जा टकराए। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना में इसी गांव के धर्मपाल रात करीब साढ़े नौ बजे घर लौटते समय सामने से आ रही बरात की बग्घी से टकरा गए, जिससे वह घायल हो गए।

# भाजयुमो ने कलक्ट्रेट गेट पर फूंका राहुल गांधी का पुतला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भारत मंडपम (प्रगति मैदान) में आयोजित वैश्विक एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कथित अमर्यादित प्रदर्शन और देश विरोधी नारेबाजी के विरोध में शनिवार को बरेली में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों कार्यकर्ता कलक्ट्रेट गेट पर एकत्र हुए और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन का नेतृत्व भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मुकेश राजपूत और महानगर अध्यक्ष अमन सक्सेना ने किया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस तरह की राजनीति देश की छवि को नुकसान पहुंचाती है।



भाजयुमो कार्यकर्ता दोपहर में कलक्ट्रेट पहुंचे और धरना-प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ जमकर नारे लगाए। उन्होंने कहा कि वैश्विक एआई समिट जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम में विपक्षी दल के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया प्रदर्शन न केवल असंवैधानिक है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख को भी प्रभावित करने वाला है।

जिलाध्यक्ष मुकेश राजपूत ने कहा कि देश जब तकनीकी क्षेत्र में विश्व नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब इस प्रकार के कृत्य राष्ट्रहित के खिलाफ हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसे किसी भी देशविरोधी आचरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान कलक्ट्रेट परिसर में पुलिस बल तैनात रहा। किसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा गया। हालांकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और बाद में कार्यकर्ता वहां से लौट गए। भाजयुमो के इस विरोध प्रदर्शन के बाद शहर की सियासत में हलचल बढ़ गई है।

### राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

भाजयुमो पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। महानगर अध्यक्ष अमन सक्सेना ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अशोभनीय व्यवहार करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।यदि आरोप सिद्ध होते हैं तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की हरकत न कर सके।

# पतंजलि सरसों तेल समेत 15 नमूने भरे, रंगीन चिप्स जब्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** होली के रंग बाजार में उतरने से पहले ही मिलावटखोरों की नींद उड़ा दी गई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शनिवार को जिले भर में छापेमारी कर 15 खाद्य पदार्थों के नमूने भरे और 10 किलो संदिग्ध रंगीन चिप्स सीज कर दिए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में टीम ने फरीदपुर, नवाबगंज, सेंथल, बहेड़ी बाजार और परसाखेड़ा तक दबिश दी। छापेमारी की खबर लगते ही कई दुकानों में हड़कंप मच गया।

केसरपुर फरीदपुर स्थित पतंजलि फूड्स लिमिटेड के भंडारगृह से सरसों का तेल (महाकोष ब्रांड), वनस्पति (महाकोष ब्रांड) और रिफाइंड सोयाबीन ऑयल के नमूने भरे गए। गोपालपुर फरीदपुर में एक डेयरी प्रतिष्ठान से मिश्रित दूध का



नमूना लिया गया, जबकि बक्सरिया में वनस्पति (गगन ब्रांड) और सरसों के तेल की सैंपलिंग की गई। विभाग ने साफ कर दिया है कि त्योहार के नाम पर घटिया तेल-घी बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

नवाबगंज के बाईपास रोड स्थित पप्पू किराना स्टोर से रंगीन चिप्स और किशमिश के नमूने लिए गए। मौके पर 10 किलो रंगीन चिप्स संदिग्ध पाए जाने पर जब्त कर सीज कर दिए गए। इनकी अनुमानित कीमत करीब 1200 रुपये बताई जा रही है। सेंथल में सेलिब्रेशन स्वीट्स से गुझिया और भारत डेयरी से पनीर का नमूना लिया गया। बहेड़ी बाजार की एक दुकान से दो अलग-अलग ब्रांड के सरसों तेल के नमूने भरे गए।

### नमकीन और मसालों पर भी नजर, फैक्ट्रियों तक पहुंची टीम

परसाखेड़ा स्थित एक फूड यूनिट से पैक्ड नमकीन पफ, टमाटो मिक्स सीजनिंग पाउडर और मिक्स मसाला के नमूने लिए गए। विभाग की टीम सीधे उत्पादन इकाई तक पहुंची, जिससे कारोबारी वर्ग में हलचल मच गई। सभी 15 नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद अगर मिलावट या मानक से कम गुणवत्ता पाई गई तो संबंधित दुकानदारों और फर्मों पर मुकदमा दर्ज कर भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

होली पर मिलावटखोरी करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। आम जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जहां भी शिकायत मिलेगी, तुरंत छापा पड़ेगा। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर होली तक विशेष अभियान जारी रहेगा। विभाग ने साफ संदेश दे दिया है कि इस बार त्योहार पर मिलावटखोरों की खैर नहीं।



अक्षय गोयल, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी

# विश्वविद्यालय में फीस बढ़ोतरी पर हंगामा, एबीवीपी ने किया घेराव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में माइग्रेशन सर्टिफिकेट और प्रोविजनल डिग्री की फीस में की गई वृद्धि को लेकर शुक्रवार को हंगामा हो गया। फीस 200 से बढ़ाकर 1000 किए जाने के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। छात्रों ने बढ़ी हुई फीस तत्काल वापस लेने की मांग की।

परिषद के पदाधिकारियों का कहना था कि माइग्रेशन और प्रोविजनल डिग्री जैसे दस्तावेज उच्च शिक्षा और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रवेश के लिए आवश्यक होते हैं। ऐसे में फीस में पांच गुना बढ़ोतरी करना




छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना है। उनका आरोप था कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस संबंध में किसी भी छात्र संगठन से चर्चा नहीं की और एकतरफा निर्णय लागू कर दिया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्र हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुल्क वृद्धि का निर्णय वापस नहीं लिया तो परिषद चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

प्रदर्शन के दौरान विभाग संगठन मंत्री विकास गोला, अरुण सूर्यवंशी, विपिन शर्मा, खुशी, मनीषा प्रताप, नितिन मिश्रा, कुनाल मिश्रा, ट्विंकल गुप्ता, हर्ष वर्धन, सत्यम गुर्जर, हर्ष राजपूत और लक्की शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में दिनभर इस मुद्दे को लेकर चर्चाएं होती रहीं। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन छात्र संगठनों का कहना है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# डीएम-एसपी की मौजूदगी में सुनी गईं फरियादियों की समस्याएं, कई मामलों का मौके पर निस्तारण

## तहसील कलान में सम्पूर्ण समाधान दिवस

शाहजहांपुर। तहसील कलान सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके निष्पक्ष व समयबद्ध निस्तारण का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की विभागवार समीक्षा की गई। कई मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया कि लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण समाधान तय समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों को जल्द राहत मिल सके। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्राधिकारी जलालाबाद, उपजिलाधिकारी कलान



सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने अपने-अपने विभाग से जुड़ी शिकायतों पर कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई शुरू करने की बात कही। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे अपनी शिकायतें सही तथ्यों के साथ प्रस्तुत करें और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें, ताकि समस्याओं का जल्द समाधान हो सके। प्रशासन का कहना है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य एक ही मंच पर आमजन की समस्याओं का समाधान कर प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में 65 शिकायतें आईं, 10 का मौके पर निस्तारण

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और समाज कल्याण विभाग से संबंधित 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 10, राजस्व-पुलिस की 10, विकास विभाग की 7, चकबंदी की 1, पुलिस विभाग की 15, विद्युत विभाग की 4 तथा अन्य विभागों की 8 शिकायतें शामिल रहीं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की समीक्षा बैठक, संगठन मजबूत करने पर जोर

शाहजहांपुर। संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय सचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप सरोहा कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। यहां प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम कठेरिया के नेतृत्व में उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सरोहा ने कहा कि यह समीक्षा बैठक शाहजहांपुर में अनुसूचित जाति विभाग के संगठन की मजबूती को परखने के लिए आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि जिले में संगठन की स्थिति ठीक है, लेकिन इसे और मजबूत बनाने के लिए जिला अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन में जुड़ने के लिए कोई भी व्यक्ति खुले मंच से आवेदन कर सकता है। सरोजा ने आरोप लगाया कि आजादी से पहले और बाद में दलितों पर अत्याचार होते रहे हैं, लेकिन मौजूदा ल्लडबल इंजनङ्क



सरकार में दलितों और मुस्लिमों पर अत्याचार बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में आम लोगों की सुनवाई नहीं होती। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग पूरे प्रदेश में वकीलों की टीम गठित करेगा, जो दलित उत्पीड़न के मामलों में पीड़ितों की निशुल्क कानूनी मदद करेगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही प्रदेश में ल्लभीम यात्राङ्क निकालने की रणनीति बनाई जा रही है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष व सांसद तनुज पुनिया शीघ्र ही शाहजहांपुर का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लेंगे। कार्यक्रम का संचालन गंगाराम कठेरिया ने किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, प्रदेश सचिव तनवीर सफदर, फुरकान अहमद कुरैशी, संजय सक्सेना, सुशील शर्मा, सईद अंसारी, शान मोहम्मद, फरमान खान, शाश्वत मिश्रा, शिवदर्शन, हिमांशु आर्य, सूरज सम्राट, ऋषभ गौतम, विमल कश्यप, आदित्य, रोहित, राजीव गौतम, अनुराग गौतम, अनमोल भारती सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीडीओ ने तहसील भवन व ब्लॉक कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

तिलहर-शाहजहांपुर। सीडीओ डॉ अपराजिता सिंह ने तहसील व ब्लाक कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। सीडीओ अपराजिता सिंह ने तहसील पहुंचकर नव निर्मित तहसील भवन का व्यापक निरीक्षण किया। उन्हानें कुछ खामियां मिलने पर सुधार कराए जाने के एसडीएम सदानंद सरोज व तहसीलदार दीपेंद्र कुमार को निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान भवन एवं कमरों के अलावा मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। कुछ आवश्यक सुधारात्मक बिंदु ओ पर चर्चा करते हुए कमरों में एक्जॉस्ट फैन लगवाने,प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने के लिए लाइटों की संख्या बढ़ाने,खिड़कियों की जाली व कांच दुरुस्त कराने के साथ ही पीने के पानी की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी कमियों को शीघ्रता से दूर कर कार्यालय



परिसर में स्वच्छ,व्यवस्थित एवं नागरिकों के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के जरूरी कदम उठाए जाएं। इस मौके पर एसडीएम सदानंद सरोज व तहसीलदार दीपेंद्र कुमार व स्टाफ मौजूद रहा। तदोपरांत सीडीओ अपराजिता सिंह ने ब्लॉक कार्यालय की ओर कूच किया।वहां पहुंच कर सभागार,बीडीओ कार्यालय का निरिक्षण किया। पशु चिकित्सालय परिसर में व्यवस्थाएं बेहतर कराने के भी निर्देश भी दिये।

# लाट साहब जुलूस से पहले धार्मिक स्थलों को तिरपाल से ढकने का काम शुरू

शाहजहांपुर। होली पर निकलने वाले लाट साहब के जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जुलूस मार्ग पर पड़ने वाले धार्मिक स्थलों को तिरपाल से ढकने का काम शुरू हो गया है। इस बार पुलिस ने पहली बार 24 स्थानों को संवेदनशील घोषित किया है, जहां पैरा मिलिट्री फोर्स तैनात की जाएगी। पुलिस ने पूरे जुलूस मार्ग का नक्शा तैयार कर लिया है। संवेदनशील स्थानों पर पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान तैनात रहेंगे। इसके अलावा चार कंपनी पीएसी और एक यूनिट एनडीआरएफ की भी मांग की गई है। जुलूस के दौरान गलियों में बैरियर लगाए जाएंगे, ताकि



कोई भी व्यक्ति अचानक बाहर न निकल सके। जुलूस मार्ग पर दुकानें भी बंद रहेंगी। बड़ा लाट साहब जुलूस करीब सात किलोमीटर लंबा होता है, जिसमें 20 मस्जिद, 6 मजार और 4 कब्रिस्तान को ढका जाता है। छोटा लाट साहब जुलूस लगभग तीन किलोमीटर का होता है, जिसमें 8 मस्जिद और 2 मजार ढकी जाती हैं। जुलूस को रस्सियों से घेरकर आगे बढ़ाया जाएगा। इतिहासकारों के अनुसार यह परंपरा 1746-47 में अंतिम नवाब अब्दुल्ला खां ने शुरू की थी। बाद में अंग्रेजी शासन में इस पर रोक लगा दी गई, लेकिन लोगों ने इसे जारी रखा और इसका नाम 'लाट साहब का जुलूस' पड़ गया। जुलूस में एक युवक को लाट साहब बनाया जाता है और उसे नगर में घुमाया जाता है। बदले में उसे इनाम भी दिया जाता है। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। आयोजकों और स्थानीय लोगों से समन्वय बनाकर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जा रहा है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे।

## एसआईआर के तहत आज खुलेंगे स्कूल,मेडिकल बोर्ड की मंजूरी से ही मिलेगा अवकाश

शाहजहांपुर। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत 22 फरवरी (रविवार) को जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार इस दिन दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर यह अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे और मतदाताओं से फार्म-6 सहित अन्य प्रपत्र प्राप्त करेंगे। पहले इस विशेष अभियान का समय सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक निर्धारित था, लेकिन संशोधित आदेश के अनुसार अब समय पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक कर दिया गया है। सभी संबंधित अधिकारियों को नए समय के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा 22 फरवरी को जिले के सभी प्राथमिक विद्यालय सुबह 10 बजे से खुले रहेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि सभी प्रधानाध्यापक अपने स्टाफ के साथ विद्यालय में उपस्थित रहें और क्षेत्र में भ्रमण कर बीएलओ को फार्म-6 भरवाने में सहयोग दें। वहीं, निर्वाचन पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के चिकित्सकीय अवकाश को लेकर भी सख्ती बरती गई है। अब इस कार्य में लगे किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को मेडिकल बोर्ड की संस्तुति के बिना चिकित्सकीय अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल मेडिकल बोर्ड गठित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पुनरीक्षण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित न हो। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रजनीश कुमार मिश्र ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

## सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की डीएम ने की समीक्षा,लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिन विभागों की ग्रेडिंग खराब पाई गई, उनके अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा के अनुपस्थित रहने पर डीएम ने नाराजगी जताई। डीएम ने फैमिली आईडी बनाने की रफ्तार बढ़ाने को कहा। खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिन गोवंशों को सुपुर्दगी में दिया गया है, उनकी जानकारी पंचायत घरों की दीवारों पर वॉल पेंटिंग के जरिए लिखी जाए और शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर भी अंकित कराया जाए। उन्होंने साफ कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और खराब रैंकिंग वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पर्यटन, प्राथमिक शिक्षा, लोक निर्माण, व्यावसायिक शिक्षा और समाज कल्याण समेत 32 निर्माण परियोजनाएं देरी से चलती पाई गईं। संबंधित कार्यदायी संस्थाओं से जवाब मांगा गया और सभी कार्य समय पर व गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राजस्व मामलों की समीक्षा में डीएम सख्त, 6 माह से अधिक लंबित वाद जल्द निस्तारित करने के निर्देश

शाहजहांपुर। कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड (राजस्व) वादों और स्टाफ की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने निर्देश दिए कि स्टांप के 6 माह से अधिक पुराने मामलों को अगले दो माह में निस्तारित किया जाए। आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों को गलत तरीके से स्पेशल क्लोज करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करते समय शिकायतकर्ता से बात जरूर की जाए। शराब की दुकानों के निर्धारित समय के बाद खुलने और ओवररेटिंग पर उप जिलाधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के 45 दिन से अधिक लंबित मामलों को तुरंत निपटाने को कहा गया। डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि 5 वर्ष से अधिक पुराने लंबित वादों का 31 मार्च तक नियमित सुनवाई कर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। धारा 24 के मामलों में 45 दिन से अधिक की देरी न हो। कर व गैर-कर राजस्व की समीक्षा में आबकारी, मंडी समिति सहित अन्य विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शादी से लौट रहे मजदूर की सड़क हादसे में मौत

शाहजहांपुर। थाना कटरा क्षेत्र में रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सलेमपुर खुर्द गांव निवासी सत्यभान के रूप में हुई है। वह एक रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होकर पैदल घर लौट रहे थे, तभी खैरपुर के पास किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सत्यभान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सड़क से गुजर रहे लोगों ने खून से लथपथ हालत में उन्हें देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार सत्यभान मेहनत-मजदूरी कर अपनी पत्नी मीरा देवी और तीन बच्चों का पालन-पोषण करते थे। वह परिवार के इकलौते कमाने वाले थे। अचानक हुई इस मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

## ससुराल में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

शाहजहांपुर। जिले के पुवायां क्षेत्र में ससुराल आए एक युवक का शव सुबह गांव के पास बाग में पेड़ से लटका मिला। घटना से परिवार और गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पीलीभीत जिले के 28 वर्षीय जंडैल के रूप में हुई है। वह अयोध्या में मजदूरी करता था और अपनी पांच साल की बेटी के मुंडन संस्कार के लिए एक सप्ताह पहले घर आया था। जानकारी के अनुसार, जंडैल की शादी करीब आठ साल पहले सकरापुर गांव की विनिता से हुई थी। उसकी दो बेटियां हैं। बेटी अनन्या के मुंडन की तैयारियां चल रही थीं, हालांकि तारीख तय नहीं हुई थी। शुक्रवार को जंडैल अपने ससुराल सकरापुर में एक परिचित के तिलक समारोह में शामिल होने गया था। रात ज्यादा हो जाने पर वह ससुराल में ही रुक गया। बताया जा रहा है कि देर रात वह घर से बाहर निकला और पास के बाग में जाकर फांसी लगा ली। जब काफी देर तक वह वापस नहीं लौटा तो परिजन उसे तलाशते रहे। शनिवार सुबह गांव के लोग काम पर निकले तो बाग में उसका शव पेड़ से लटका देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव को नीचे उतरवाकर पहचान कराई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के ताऊ पुत्तूलाल ने बताया -

# निपुण आंकलन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न,1700 छात्राओं का हुआ मूल्यांकन

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के समस्त विकास खंडों एवं नगर क्षेत्र में संचालित 16 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में निपुण आंकलन परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में लगभग 1700 छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी शैक्षिक उपलब्धियों का प्रदर्शन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि निपुण आंकलन परीक्षा का प्रश्नपत्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया था। वहां से प्रश्नपत्रों को सीधे सभी कस्तूरबा विद्यालयों के परीक्षा केंद्रों पर भेजा गया, जिससे परीक्षा की गोपनीयता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर नियुक्त परीक्षकों की देखरेख में छात्राओं का एकीकृत प्रश्नपत्र के माध्यम से सभी विषयों में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से आंकलन किया गया। इस परीक्षा के



परिणामों के आधार पर कस्तूरबा विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के संविदा नवीनीकरण की प्रक्रिया भी निर्धारित की जाएगी। परीक्षा की निष्पक्षता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी केंद्रों पर परीक्षा सकुशल एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई।

## पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, सीसीटीवी में कैद वारदात

शाहजहांपुर। सदर बाजार थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, मोहल्ला मदराखेल निवासी रामलड़ैते के बेटे कौशल मिश्र पर 11 फरवरी को हमला हुआ। कौशल अपने साले को अस्पताल छोड़कर वापस घर लौट रहे थे। आरोप है कि आनंदपुरम कॉलोनी के पास पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की गई। पीड़ित पक्ष का कहना है कि एक आरोपी ने धारदार हथियार से भी वार किया, जिससे कौशल गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर युवक को बचाया। इसके बाद परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज हुआ। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित परिवार का आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद अभी तक आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ददरौल के दाउदपुर में बनेगा मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय

शाहजहांपुर। जिले के विकास खंड ददरौल की ग्राम पंचायत दाउदपुर उर्फ मुरादगांव में मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का नया भवन बनाया जाएगा। इस परियोजना को शासन स्तर से मंजूरी मिल गई है। विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन श्री अवधेश कुमार तिवारी के पत्र के अनुसार प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक के लिए बनने वाले इस विद्यालय भवन की कुल लागत 24 करोड़ 67 लाख 50 हजार रुपये (जीएसटी सहित) तय की गई है। यह विद्यालय आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए कुल धनराशि का 50 प्रतिशत यानी 12 करोड़ 33 लाख 75 हजार रुपये की पहली किस्त भी जारी कर दी गई है।

## रामलीला मैदान में प्रेमी युगल ने खाया जहर, हालत गंभीर

शाहजहांपुर। कांट थाना क्षेत्र में एक प्रेमी युगल द्वारा जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश करने का मामला सामने आया है। दोनों को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, 19 वर्षीय युवक और युवती ने रामलीला मैदान में जहरीला पदार्थ खा लिया। जहर खाने के बाद दोनों मैदान में बेहोश होकर गिर पड़े। वहां से गुजर रहे लोगों ने उन्हें बेसुध हालत में देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि दोनों अलग-अलग गांवों के रहने वाले हैं और पिछले चार-पांच महीनों से उनके बीच प्रेम संबंध थे। घटना की खबर मिलते ही दोनों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। कांट थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और फिलहाल दोनों का इलाज जारी है।

# साधना की धारा में शांति और श्रद्धा का प्रवाह

### रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के तीसरे चरण का दूसरा दिन

### देश विदेश के हजारों अभ्यासियों ने की ध्यान साधना किया गुरु दर्शन



शाहजहांपुर। श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव के तीसरे चरण के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रातःकाल सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देश विदेश से आये हजारों अभ्यासियों ने ध्यान साधना कर मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की। आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना से आलोकित वातावरण रहा। इस अवसर पर पूज्य दाजी ने अपने संदेश में कहा कि आध्यात्मिक विकास के लिए दो तत्त्व अनिवार्य हैं ग्रहण करने की इच्छा और ग्रहण करने के लिए आंतरिक रिक्तता। जो पात्र पहले से ही भरा है, उसमें और कुछ भरा नहीं जा सकता। यह इस बात का सटीक विवरण है कि चेतना में भी यही होता है जब अहंकार उस स्थान को घेर लेता है, जहाँ विकास घटित होना था। बसंत उत्सव के अंतर्गत आश्रम परिसर में श्रद्धा, साधना और शांति का दिव्य वातावरण रहा। सायंकालीन ध्यान सत्र में भी पूज्य दाजी ने साधकों को ध्यान कराया, जिससे वातावरण और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। आयोजन को सफल बनाने में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, सर्वेश चंद्रा, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, माधो गोपाल अग्रवाल,श्री गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, हर्षवर्धन अग्रवाल, ममता सिंह, राज गोपाल अग्रवाल, प्रमोद कुमार सिंह,शुभम सक्सेना, जोन प्रभारी सौमेंद्र त्यागी, माया सिंह, बबिता यादव,बेबी राज, कुमार अभय, विनोद श्रीवास्तव, राकेश सक्सेना,डा. प्रसन्न कुमार, के एम त्रिपाठी,डा. अनुभव सक्सेना, सहित अनेक साधकों का योगदान रहा।

# सपा पर कसे तंज, शहर की सफाई व्यवस्था पर सख्त हुए राज्यमंत्री

जागरण मोर्चा कार्यालय


गांधी सभागार में बैठक करते राज्यमंत्री

पीलीभीत। सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिक्षा लेनी चाहिए, ऐसा कहना है राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार का। राज्यमंत्री ने सपा जिलाध्यक्ष पर तंज कसते हुए उन्हें फ़ेसबुकिया करार दिया है।

शनिवार को गांधी सभागार में व्यापारियों और नगर पालिका सभासदों के साथ प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आए सभासदों और व्यापारियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से राज्यमंत्री को अवगत कराया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रसून द्विवेदी, उपजिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया समेत बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका से संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। राज्यमंत्री ने बारी-बारी से सभी की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देशित किया। बैठक में मुख्यता नगर पालिका पीलीभीत से जुड़ी शिकायतों के बारे में मंत्री को बताया गया। शहर की सफाई व्यवस्था में हीला-हवाली पर मंत्री ने डीएम को आदेश दिया कि सुबह आठ बजे से पहले शहर का कूड़ा उठ जाना चाहिए इसको लेकर के प्रतिदिन के हिसाब से एक अधिकारी की जिम्मेदारी तय करी जाए जो यह सुनिश्चित करे कि शहर में समय से साफ-सफाई हो गई है। मंत्री ने कूड़ा गाड़ियों में जीपीएस के जरिए निगरानी रखने का आदेश भी दिया। शहर के ड्रेनेज सिस्टम में सुधार के लिए भी अधिकारियों को सुझाव दिए गए। बैठक के बाद प्रेस वार्ता करते हुए राज्यमंत्री ने सपा पर जमकर हमला बोला। मंत्री ने कहा कि सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ से जाकर ट्यूशन लेनी चाहिए क्यों कि उन्हें तो विरासत में कुर्सी मिल गई थी इस लिए उन्हें राजनीति के बारे में कुछ पता ही नहीं है। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह ''जग्गा'' पर तंज कसते हुए मंत्री ने कहा वह तो सिर्फ फ़ेसबुकिया नेता हैं उन्हें हमारे भाजपा के जिलाध्यक्ष से सीख लेनी चाहिए।

### सपा जिलाध्यक्ष को बताया फ़ेसबुकिया

### अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

सपा जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में समाजवादी पार्टी जिले में एक चुनाव भी नहीं जीत सकी हैं। पूर्व मंत्री फूलबाबू की शहर विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियों पर मंत्री बोले कि उनका बहुत बहुत स्वागत है। बाजार और शहर के जाम पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में व्यापार मंडल की ओर से अनूप अग्रवाल, अफरोज जिलानी, शैली अग्रवाल, ऋषि कन्नौजिया, अर्जुन सिंह टहलानी और सभासदों की ओर से पुष्पा उपाध्याय, विपिन त्यागी आदि मौजूद रहे।

# क्या हुआ उस कोतवाल का? मुझे फ़ेसबुकिया होने पर गर्व हैं: जग्गा

जागरण मोर्चा कार्यालय।


सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा

पीलीभीत। राज्यमंत्री के समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष को फ़ेसबुकिया कहने पर जगदेव सिंह जग्गा की ओर से भी देर शाम प्रतिक्रिया आई है। जग्गा का कहना है कि पोस्ट ग्रेजुएट मंत्री संजय गंगवार का बयान उनकी घबराहट और हताशा का प्रतीक है। जब जनता के असली सवालों–किसानों की बदहाली, युवाओं की बेरोज़गारी, गिरती कानून-व्यवस्था और बढ़ते भ्रष्टाचार–का जवाब नहीं होता, तब भाजपा के नेता व्यक्तिगत टिप्पणियों और स्तरहीन भाषा का सहारा लेते हैं। मुझे ‛फ़ेसबुकिया जिला अध्यक्ष’ कहने वाले पोस्ट ग्रेजुएट मंत्री जी यह भूल रहे हैं कि आज सोशल मीडिया जनता की आवाज़ है। यदि जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाना उन्हें ‛फ़ेसबुकिया’ लगता है, तो मुझे इस पर गर्व है कि मैं जनता की आवाज़ को हर मंच पर बुलंद कर रहा हूं। भाजपा के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में चुनाव जीतने की बात करने वाले मंत्री जी यह भी स्पष्ट करें कि क्या लोकतंत्र में जीत केवल सत्ता के बल पर होती है या जनता के विश्वास से? जनता सब देख रही है कि किस तरह प्रशासनिक दबाव, धनबल और सत्ता का प्रभाव चुनावों में इस्तेमाल होता रहा है। जहां तक ‛लूट’ का सवाल है, पोस्ट ग्रेजुएट मंत्री जी पहले आत्ममंथन करें। जनता पूछ रही है कि जो व्यक्ति कभी किराए के मकान में रहता था, वह आज आलीशान महलों में कैसे रह रहा है? शहर के चारों ओर जमीनों और संपत्तियों में किन-किन का हिस्सा है? और अवैध कब्जे वक्त आने पर जल्द ही सार्वजनिक होगी, क्या यह सब जनता की सेवा से हुआ या सत्ता के संरक्षण से? विधानसभा में झूठ बोलकर और जनता को भ्रमित कर राजनीति चमकाने की कोशिश ज्यादा दिन नहीं चलेगी। और मेरा वही सीधा सवाल आज भी कायम है पोस्ट ग्रेजुएट मंत्री ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि कोतवाल को हटाने के लिए मुख्यमंत्री से मिलेंगे। जनता जानना चाहती कि क्या हुआ उस कोतवाल का? क्या वह बयान सिर्फ कैमरे और सुर्खियों के लिए था, या वास्तव में कोई कार्रवाई हुई?

जनता जवाब चाहती है, बयानबाज़ी नहीं। समाजवादी पार्टी सच्चाई और जनसंघर्ष की राजनीति करती है और करती रहेगी। लोकतंत्र में अंतिम फैसला जनता का होता है–और जनता सब देख रही है कि किस तरह जमीनों पर अवैध कब्जे करके जो है अपने कैंप कार्यालय बनाए हुए हैं जनता समझ रही है। दो राजनैतिक पार्टियों की इस तीखा टिप्पणी से राजनैतिक गलियारों ने सियासी माहौल बेहद गर्म है।

# बाघ मित्रों को अपडेट ऐप का दिया गया प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय।




पीलीभीत। वन्यजीवऽमानव संघर्ष को रोकने में बाघ मित्रों की अहम भूमिका को देखते हुए उनके माध्यम से मोबाइल ऐप द्वारा लगातार डेटा संग्रह किया जा रहा है। हाल ही में बाघ मित्र ऐप के अपडेट होने के कारण कई बाघ मित्रों के मोबाइल फ़ोनों में ऐप ठीक से काम नहीं कर रहा था, जिससे डेटा संग्रह में समस्याएँ उत्पन्न हो रही थीं। इन समस्याओं के समाधान तथा बाघ मित्रों को ऐप के अपडेटेड वर्जन एवं नए फीचर्स से परिचित कराने के उद्देश्य से आमडंडा दियोरिया रेंज में बाघ मित्र सदस्यों के लिए एक रिफ्रेशर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान सभी बाघ मित्रों को ऐप के नए फीचर्स की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों के मोबाइल फ़ोनों में ऐप को अपडेट किया गया तथा तकनीकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। साथ ही ऐप के सही उपयोग, डेटा एंट्री एवं रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझाया गया। यह प्रशिक्षण वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार डब्ल्यू डब्ल्यू ?फ़ एवं राहुल कुमार द्वारा दिया गया, जबकि प्रशिक्षण सत्र में उपराजिक विशाल कुमार पीलीभीत टाइगर रिज़र्व की उपस्थिति रही। इस प्रशिक्षण के पश्चात बाघ मित्र ऐप सुचारु रूप से कार्य करने लगा है, जिससे बाघ मित्र अब अधिक सटीक, व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से डेटा संग्रह कर पा रहे हैं। यह पहल भविष्य में बाघ संरक्षण एवं निगरानी प्रयासों को और अधिक मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

# 21 करोड़ क़े बैंक घोटाले में मोबाइल बंद कर फरार 15 आरोपी, पुलिस की तलाश तेज

गोंडा । कोऑपरेटिव बैंक में इक्कीस करोड़ रुप ये के घोटाले के मामले में पंद्रह आरोपी 39 दि न बाद मोबाइल बंद करके फरार है।पुलिस मो बाइल बंद होने के कारण उनकी लोकेशन नहीं निकाल पा रही है। मामले में 16 आरोपी बनाए गए थे। एक मुख्य आरोपी को पुलिस अब तक गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है,हालांकि पुलिस टीमें अन्य जिलों में आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रहीं हैं।पुलिस का दावा है कि ज ल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।कोऑपरेटिव बैंक की स्टेशन रोड़ महा रानीगंज शाखा में इक्कीस करोड़ सैतालीस ला ख 78 हजार रुपये के बड़े घोटाले का राजफा श हुआ था।इसके बाद महाप्रबंधक की तहरीर पर सोलह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।इस मामले में तीन तत्कालीन शाखा प्रबंधक पवन पाल,अजय कुमार और सुशील कुमार,कैशियर पवन कुमार के अलावा की खा ताधारक में से गोंडा जिले क़े एक बीजेपी विधा यक क़े करीबी का नाम जद किए गए थे। इस मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए प्रबंधक पवन पाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।वि वेचक सभाजीत सिंह मामले से संबंधित आव श्यक दस्तावेजों समेत अन्य पहलुओं की बारी की से जांच कर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लगातार प्रयास कर रहे हैं। बताया जाता है कि मामले में अन्य पंद्रह फरार आरोपियों ने पु लिस से बचने के लिए मोबाइल बंद कर रखा है जिससे उनकी लोकेशन का सटीक पता नहीं च ल रहा है।मोबाइल नंबर बंद होने के कारण आ रोपियों की लोकेशन नहीं मिल पा रही है। नगर कोतवाली के अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह ने बताया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिर फ्तार कर जेल भेजा जाएगा।पुलिस इन आरो पियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी का र्रवाई कर सकती है।

## युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

जागरण मोर्चा कार्यालय।

पीलीभीत। भारतीय जनता युवा मोर्चा टीम ने शनिवार को गैस चौराहा पर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। यह पुतला फूंकने का कार्यक्रम कांग्रेस यूथ के कार्यकर्ताओं द्वारा एआई सबमिट कार्यक्रम में अपने कपड़े उतारकर देश को बदनाम करने के विरोध में किया गया था। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चेतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस यूथ के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया यह कार्य देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को बदनाम करने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ती है और यह कार्य उसी का एक उदाहरण है। इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य कांग्रेस पार्टी की देश विरोधी नीतियों को उजागर करना है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का काम किया है और यह कार्य उसी का एक उदाहरण है। युवा मोर्चा कांग्रेस पार्टी की इन नीतियों का विरोध करता है और देश की प्रतिष्ठा को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान, जिला मंत्री युवा मोर्चा राहुल सक्सेना, प्रतीक पांडे, नगर महामंत्री युवा मोर्चा उज्जवल वर्मा, बरहा मंडल अध्यक्ष बाबूराम वर्मा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री मुकेश वर्मा, किशन राजपूत, अविनाश राणा, सार्थक मिश्रा, अमन बाबू, नरेंद्र तिवारी, अरुण शर्मा, प्रियांशु मिश्रा सहित दर्जनों युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खिलाड़ी संवाद गोष्ठी में शिक्षिकाओं और खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

जागरण मोर्चा कार्यालय।

पीलीभीत। मेरठ में हुई खिलाड़ी संवाद गोष्ठी को संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा संबोधित किया गया। संघ प्रमुख ने ब्रज प्रांत, मेरठ प्रांत व उत्तराखंड के ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों व खेल शिक्षको के साथ संवाद किया। संघ प्रमुख ने कहा कि देश के निर्माण व विकास में खिलाड़ियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। खिलाड़ी में अनुशासन, एकता, कठिन परिश्रम, जीत हार का का अनुभव व देश प्रेम कूट कूट कर भरा होता है जो एक श्रेष्ठ नागरिक के गुण हैं। उन्होंने विभिन्न खिलाड़ियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए जिसमें पीलीभीत के वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नरेश अग्रवाल ने मास्टर्स खिलाड़ियों को भी अन्य खिलाड़ियों की भांति सुविधाओं को देने से सम्बन्धित प्रश्न किया। जिले से वरिष्ठ खिलाड़ी व शिक्षिका अनिता जोशी व विजय लक्ष्मी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सतीश शर्मा, कोच महेश कुमार, संजीव कुमार, देव, धर्मेंद्र, वासु, गायत्री, समीक्षा, वीरपाल, तनु, रुचि, अरविंद, भूमिका आदि खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सभी खिलाड़ी व खेल शिक्षक शनिवार को बैठक से बापिस आ गए।

## निरंजनकुंज कॉलोनी में होली को लेकर बैठक आज

जागरण मोर्चा कार्यालय।

बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी निरंजन कुंज कॉलोनी में होली के पर्व के लिए बैठक का आयोजन रविवार को सुबह 10 बजे से महा मातेश्वरी मंदिर के प्रांगण में किया जायेगा। कमेटी की ओर से बताया गया सभी कॉलोनीवासियों से अधिकाधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर आपस में विचार कर होली के पर्व को कैसे मनाये इस बिषय पर विचार किया जायेगा। बैठक में विशेष रूप से होली आयोजन समिति का नवीनीकरण, होली के आयोजन की रूपरेखा और
सभी के सुझावों व मार्गदर्शन से होली के पर्व को मनाने का निर्णय लिया जाएगा।

## पुलिस ने भागवत कथा में लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायरिंग करने वाले युवक को पकड़ा

तिलोई अमे । थाना मोहनगंज पुलिस ने श्रीमद भागवत कथा में हर्ष फायरिंग करने वाले युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से एक बारह बोर एसबीबीएल लाइसेंसी बंदूक, दो जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल हर्ष फायरिंग करने वाले शिव बहादुर यादव पुत्र स्व. भगौती प्रसाद यादव निवासी पूरे दल सिंह मजरे चिलूली थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब पचपन वर्ष को एक बारह बोर एसबीबीएल लाइसेंसी बंदूक,दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि बीती चौदह फरवरी को उसके नये घर पर भागवत कथा का आयोजन था जिसमें उसने उसके पास से बरामद उसी बंदूक से हर्ष फायरिंग की गई थी। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त युवक द्वारा लाइसेंस की शर्तों का का उल्लंघन करते हुये हर्ष फायरिंग की गई थी जिसके सम्बंध में थाना मोहनगंज पर आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## 22 फरवरी को मतदेय स्थलों पर आयोजित होगा शिविर

बहराइच । जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने एवं नोटिस चरण में अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देश पर 22 फरवरी 2026 (रविवार) को समस्त पदाभिहित स्थलों पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया है। विशेष अभियान दिवस को सभी पदाभिहित स्थलों पर पदाभिहित अधिकारी (बूथ लेवल अधिकारी) पूर्वान्ह 10:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक उपस्थिति रहकर दावे और आपत्तियां प्राप्त करने इत्यादि की कार्यवाही करेंगे। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि विशेष अभियान तिथि को अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के ऐसे पात्र व्यक्ति जिनका नाम अभी भी मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वे अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 में आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त डुप्लीकेट, शिफ्टेड तथा मृतक मतदाताओं के नामों को कटवाने के लिए प्रारूप-7 तथा नाम या अन्य किसी विवरण में संशोधन कराने तथा एक ही विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानान्तरित कराने के लिए फार्म-8 में आवेदन कर सकते हैं। विशेष अभियान दिवस में ऐसे मतदाता जिन्हें नोटिस जारी हुई है वह भी मतदेय स्थलों पर जाकर अपनी सुनवाई बीएलओ के द्वारा करा सकते हैं। डीएम श्री त्रिपाठी ने समस्त नागरिकों का आहवान किया है कि इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

## चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों में 23 फरवरी से आयोजित होगी ग्राम चौपाल

बहराइच। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि प्रदेश के चकबन्दी आयुक्त एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के आदेश पर चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों में ग्राम वासियों की चकबन्दी सम्बन्धी विभिन्न समस्याओं की सुनवाई एवं निस्तारण हेतु माह फरवरी 2026 में निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम चौपाल का आयोजन होगा। ग्राम चौपाल आयोजन हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम लख्खारामपुर में 23 फरवरी तथा मंझारातौकली में 27 फरवरी को चकबन्दी अधिकारी सदर तृतीय के नेतृत्व में ग्राम चौपाल आयोजित होगी। इसी प्रकार ग्राम मैकूपुरवा में 24 फरवरी व मीरपुरकोनिया में 26 फरवरी को चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम/द्वितीय के नेतृत्व में ग्राम चौपाल आयोजित होगी। जबकि ग्राम बल्दूपुरवा में 25 व इमिलियागंज में 28 फरवरी 2026 को बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी बहराइच के नेतृत्व में ग्राम चौपाल आयोजित होगी।

## क्षेत्रीय विधायक ने विधानसभा में की परशुराम जयंती का अवकाश घोषित करने की मांग

कांठ। विधान सभा की कार्यवाही के दौरान विधायक कांठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने भगवान श्री परशुराम जयंती के पावन पर्व पर प्रदेश में राजकीय अवकाश घोषित किए जाने की जोरदार मांग सदन में उठाई।विधायक कांठ कमाल अख्तर ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम भारतीय संस्कृति, धर्म और परंपरा के प्रतीक हैं। वे न्याय, साहस और धर्मरक्षा के आदर्श माने जाते हैं, प्रदेश के लाखों श्रद्धालुओं की भावनाएं इस पावन पर्व से जुड़ी हुई हैं, ऐसे में सरकार का दायित्व है कि वह जनभावनाओं का सम्मान करते हुए भगवान श्री परशुराम जयंती पर पुनः सार्वजनिक अवकाश घोषित करे। उन्होंने कहा कि पूर्व में समाजवादी पार्टी की सरकार में इस अवसर पर राजकीय अवकाश दिया जाता था किन्तु वर्तमान भाजपा की सरकार द्वारा इसे समाप्त कर दिया गया है, जो उचित नहीं है। यदि अन्य महापुरुषों एवं विभिन्न धार्मिक अवसरों पर अवकाश दिया जा सकता है, तो भगवान परशुराम जयंती जैसे महत्वपूर्ण दिवस को नजरअंदाज करना न्यायसंगत नहीं है। क्षेत्रीय विधायक ने यह भी कहा कि यह मुद्दा किसी एक वर्ग विशेष का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता और सामाजिक सम्मान का विषय है।

## किशनगंज सैन्य छावनी को लेकर दोहरी राजनीति कब तक?

किशनगंज में प्रस्तावित सैन्य छावनी को लेकर खड़ा किया गया विवाद केवल भूमि अधिग्रहण का प्रश्न नहीं है, यह नेतृत्व की विश्वसनीयता की अग्निपरीक्षा है। किसान चिंतित हैं और चिंता स्वाभाविक है लेकिन असली सवाल यह है कि क्या जनप्रतिनिधि इन चिंताओं का समाधान खोज रहे हैं या उन्हें राजनीतिक ढाल बनाकर राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहे हैं?जब वही नेता संसद में खड़े होकर किशनगंज से जुड़े सिलीगुड़ी गलियारे को देश की जीवनरेखा बताते हैं, उसे सामरिक दृष्टि से अनिवार्य मानते हैं, उत्तर-पूर्व को जोड़ने वाली परियोजनाओं को राष्ट्रीय आवश्यकता घोषित करते हैं, तब उनकी आवाज़ में राष्ट्रहित गूंजता है। किंतु जब उसी भूभाग में सेना की स्थायी उपस्थिति की बात आती है, तो वही स्वर विरोध में बदल जाता है। यह विरोध केवल नीति का नहीं, नीयत का भी परीक्षण है।

क्या सुरक्षा केवल रेल लाइन तक सीमित है? क्या परिवहन ढांचा सामरिक है, पर उसकी रक्षा के लिए सैनिक उपस्थिति असामरिक? यदि गलियारे की मजबूती आवश्यक है, तो उसकी सुरक्षा की रीढ़ क्यों विवादास्पद बना दी जाती है? यह विरोधाभास संयोग नहीं हो सकता। यह राजनीतिक सुविधा का गणित है।

भूमि अधिग्रहण निःस्संदेह संवेदनशील विषय है। किसानों की आजीविका सर्वोपरि है। परंतु नेतृत्व का दायित्व केवल भावनाओं को हवा देना नहीं बल्कि तथ्यों को स्पष्ट करना भी है। क्या किसानों को बताया गया कि सीमांत क्षेत्र में सैन्य छावनी केवल जमीन का उपयोग नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की दीर्घकालिक सुरक्षा और स्थिरता की गारंटी है? क्या संवाद हुआ, या केवल आशंका को उछाला गया?

राष्ट्र की सुरक्षा खंडों में नहीं चलती। रेल, सड़क, संचार और सैन्य उपस्थिति, ये सब मिलकर समग्र सुरक्षा तंत्र बनाते हैं। यदि एक का समर्थन और दूसरे का विरोध किया जाए, तो यह रणनीतिक दृष्टि नहीं, राजनीतिक अवसरवाद कहलाता है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि सुरक्षा जैसे विषय को भी पहचान और ध्रुवीकरण के चश्मे से देखा जाने लगा है। सेना की छावनी कोई सांप्रदायिक या राजनीतिक प्रतीक नहीं होती; वह राष्ट्रीय एकता का संरक्षक स्तंभ होती है। उसे विवाद का विषय बनाना दूरगामी खतरों को आमंत्रण देना है।

किशनगंज के नागरिक यह जानने के अधिकारी हैं कि उनके नाम पर कौन-सी राजनीति की जा रही है। क्या सचमुच उनकी चिंता प्राथमिक है, या यह एक बड़े राजनीतिक खेल का मोहरा है? नेतृत्व का अर्थ केवल विरोध दर्ज कराना नहीं, बल्कि कठिन निर्णयों के समय साहस दिखाना भी है।

यदि जनप्रतिनिधि सचमुच किसानों के हितैषी हैं, तो उन्हें पुनर्वास, उचित मुआवजा और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष करना चाहिए, न कि राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता को ही संदिग्ध ठहराना चाहिए। विकास और सुरक्षा परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं।

आज किशनगंज में जो हो रहा है, वह केवल एक जिले का प्रश्न नहीं है। यह उस राजनीतिक संस्कृति का दर्पण है, जहां राष्ट्रहित और जनभावना के बीच कृत्रिम टकराव पैदा कर लाभ उठाने की कोशिश की जाती है।

समय आ गया है कि नेता तय करें कि वे इतिहास में दूरदर्शी राष्ट्रनिर्माता के रूप में दर्ज होना चाहते हैं, या क्षणिक राजनीति के शोर में खो जाना चाहते हैं। किशनगंज की यह कसौटी केवल स्थानीय नहीं, राष्ट्रीय स्मृति में अंकित होगी।(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# एआई का नया युग और भारत की मानव केंद्रित दृष्टि

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मानव एआई की परिकल्पना इंसानों का, इंसानों द्वारा और इंसानों के लिए एआई को व्यापक वैश्विक समर्थन मिला। इस दृष्टि का सार यह है कि एआई का विकास केवल व्यावसायिक लाभ या तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित न रहे, बल्कि सामाजिक कल्याण, नैतिक मानकों और समावेशी विकास को प्राथमिकता दे। समिट में 70 से अधिक देशों ने अंतिम घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जोकि पिछले सम्मेलन से अधिक संख्या है। वस्?तुतः यह तथ्य दर्शाता है कि जिम्मेदार और नैतिक एआई पर भारत की पहल को बहुपक्षीय समर्थन प्राप्त हुआ है। निवेश का अभूतपूर्व प्रवाहः विश्वास का आर्थिक रूप अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अवसंरचना से जुड़े निवेश प्रस्ताव 250 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुके हैं, जबकि डीप-टेक और वेंचर कैपिटल निवेश प्रतिबद्धताएं लगभग 20 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। इन प्रतिबद्धताओं का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि एआई अवसंरचना में उच्च क्षमता वाले डेटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर निर्माण और साइबर सुरक्षा जैसे घटक शामिल होते हैं। यह निवेश संकेत देता है कि भारत केवल उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि एआई समाधान विकसित करने वाला वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद भारतीय इंजीनियरों और शोधकर्ताओं द्वारा विकसित उच्च गुणवत्ता वाले मॉडल उद्योग जगत के लिए आश्चर्य का विषय बने हैं। रिकॉर्ड भागीदारी और वैश्विक उपस्थिति समिट में 5 लाख से अधिक आगंतुकों ने भाग लिया। विश्व के लगभग सभी प्रमुख एआई प्रतिष्ठानों, उद्योग दिग्गजों और स्टार्टअप्स की भागीदारी ने इसे वैश्विक मंच का रूप दिया। प्रदर्शनी में नई तकनीकों, नवाचारों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों का प्रदर्शन हुआ। मंत्रिस्तरीय संवाद, लीडर्स प्लेनरी और उद्घाटन सत्रों में चर्चाओं की गुणवत्ता को असाधारण बताया गया।

ढाई लाख विद्यार्थियों की भागीदारी के साथ एक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना, जो यह दर्शाता है कि भारत एआई को युवा शक्ति से जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह भागीदारी भविष्य की कौशल संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस कदम है। एआई स्टैक और सॉवरेन मॉडलः रणनीतिक आत्मनिर्भरता भारत ने एआई स्टैक की पांच परतों के निर्माण की नीति अपनाई है, जिसमें डेटा, प्लेटफॉर्म, मॉडल, एप्लिकेशन और गवर्नेंस शामिल हैं। ल्लसॉवरेन बुकेङ्क मॉडल की अवधारणा का उद्देश्य देश के लिए स्वदेशी एआई क्षमताओं का विकास करना है, जिससे रणनीतिक निर्भरता कम हो सके। एआई सुरक्षा के लिए 12 संस्थानों का नेटवर्क तैयार किया गया है, जो मानकों, शोध और परीक्षण पर कार्य कर रहा है। सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन को सुदृढ़ करने के लिए ल्लपैक्स सिलिकाङ्क समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल चिप निर्माण और संपूर्ण सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। एआई का व्यावहारिक उपयोगः भारत की बढ़त अमेरिकी कंपनी ओपनएआई के अनुसार तकनीकी कार्यों के लिए चैटजीपीटी के उपयोग में भारत वैश्विक औसत से काफी आगे है। भारत में डेटा विश्लेषण का उपयोग वैश्विक औसत से लगभग चार गुना अधिक है, जबकि कोडिंग के लिए कोडेक्स का उपयोग करीब तीन गुना ज्यादा है। भारतीय उपयोगकर्ता कोडिंग से जुड़े प्रश्न वैश्विक औसत की तुलना में तीन गुना अधिक पूछते हैं और शिक्षा से संबंधित प्रश्न लगभग दोगुने हैं। साप्ताहिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 10 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जिससे भारत अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा बाजार बन गया है। कार्य से संबंधित उपयोग 35 प्रतिशत तक है, जो वैश्विक औसत से अधिक है। इससे स्पष्ट है कि एआई को कार्यालयों में ड्राफ्टिंग, एडिटिंग, तकनीकी सहायता और डिबगिंग के लिए प्रभावी उपकरण के रूप में अपनाया जा रहा है। युवा शक्ति और जनसांख्यिकीय लाभ 18 से 24 वर्ष आयु वर्ग कुल संदेशों का लगभग आधा हिस्सा भेजता है, जबकि 18 से 34 वर्ष वर्ग 80 प्रतिशत उपभोक्ता संदेशों के लिए जिम्मेदार है। यह जनसांख्यिकीय प्रवृत्ति बताती है कि भारत की युवा आबादी तकनीकी परिवर्तन को तेजी से अपना रही है। भौगोलिक दृष्टि से तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे तकनीकी केंद्र कोडिंग क्षमताओं के उपयोग में अग्रणी हैं। यह क्षेत्रीय नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को दर्शाता है वैश्विक सहयोगः ग्लोबल साउथ की आवाज कनाडा, स्विट्जरलैंड, ब्राजील और अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने भारत की पहल की सराहना की। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला के नेतृत्व में आए बड़े प्रतिनिधिमंडल ने एआई, रक्षा, कृषि और ऊर्जा क्षेत्रों में साझेदारी को ऐतिहासिक बताया। कनाडा के मंत्री इवान सोलोमन ने इसे सभी देशों के लिए खुला मंच बताया। यह सम्मेलन ग्लोबल साउथ के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि तकनीकी क्रांति में विकासशील देशों की भागीदारी सुनिश्चित करना वैश्विक असमानताओं को कम करने का माध्यम बन सकता है। स्वास्थ्य और नियमनः जिम्मेदार विस्तार की आवश्यकता डब्ल्यूएचओ की पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जनरल सौम्या स्वामीनाथन ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इमेज रिकग्निशन और पैटर्न एनालिसिस के माध्यम से एक्स-रे और पैथोलॉजी स्लाइड पढ़ने जैसे कार्य विशेषज्ञों की कमी वाले क्षेत्रों में सहायक हो सकते हैं।

नई तकनीकी क्रांति के इस दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वैश्विक शक्ति संतुलन, आर्थिक निवेश और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाला परिवर्तनकारी उपकरण बन चुका है। देश की राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित ल्लइंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026ङ्क ने यह संकेत स्पष्ट कर दिया कि भारत इस परिवर्तन के केंद्र में स्वयं को स्थापित कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार यह आयोजन ल्लभव्य रूप से सफलङ्क रहा और देश को एआई क्षेत्र में 250 अरब डॉलर से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह आंकड़ा आज सिर्फ आर्थिक भरोसे का संकेत नहीं है, यह तो वैश्विक मंच पर भारत की नीति-दृष्टि की स्वीकृति को रेखांकित करता है।

मानव-केंद्रित एआई : भारत की विशिष्ट पहचान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत ल्लमानव एआईङ्क की परिकल्पना इंसानों का, इंसानों द्वारा और इंसानों के लिए एआई को व्यापक वैश्विक समर्थन मिला। इस दृष्टि का सार यह है कि एआई का विकास केवल व्यावसायिक लाभ या तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित न रहे, बल्कि सामाजिक कल्याण, नैतिक मानकों और समावेशी विकास को प्राथमिकता दे। समिट में 70 से अधिक देशों ने अंतिम घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जोकि पिछले सम्मेलन से अधिक संख्या है। वस्?तुतः यह तथ्य दर्शाता है कि जिम्मेदार और नैतिक एआई पर भारत की पहल को बहुपक्षीय समर्थन प्राप्त हुआ है।

निवेश का अभूतपूर्व प्रवाहः विश्वास का आर्थिक रूप

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अवसंरचना से जुड़े निवेश प्रस्ताव 250 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुके हैं, जबकि डीप-टेक और वेंचर कैपिटल निवेश प्रतिबद्धताएं लगभग 20 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। इन प्रतिबद्धताओं का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि एआई अवसंरचना में उच्च क्षमता वाले डेटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर निर्माण और साइबर सुरक्षा जैसे घटक शामिल होते हैं।

यह निवेश संकेत देता है कि भारत केवल उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि एआई समाधान विकसित करने वाला वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद भारतीय इंजीनियरों और शोधकर्ताओं द्वारा विकसित उच्च गुणवत्ता वाले मॉडल उद्योग जगत के लिए आश्चर्य का विषय बने हैं।

रिकॉर्ड भागीदारी और वैश्विक उपस्थिति

समिट में 5 लाख से अधिक आगंतुकों ने भाग लिया। विश्व के लगभग सभी प्रमुख एआई प्रतिष्ठानों, उद्योग दिग्गजों और स्टार्टअप्स की भागीदारी ने इसे वैश्विक मंच का रूप दिया। प्रदर्शनी में नई तकनीकों, नवाचारों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों का प्रदर्शन हुआ। मंत्रिस्तरीय संवाद, लीडर्स प्लेनरी और उद्घाटन सत्रों में चर्चाओं की गुणवत्ता को असाधारण बताया गया।

ढाई लाख विद्यार्थियों की भागीदारी के साथ एक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना, जो यह दर्शाता है कि भारत एआई को युवा शक्ति से जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह भागीदारी भविष्य की कौशल संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

एआई स्टैक और सॉवरेन मॉडलः रणनीतिक आत्मनिर्भरता

भारत ने एआई स्टैक की पांच परतों के निर्माण की नीति अपनाई है, जिसमें डेटा, प्लेटफॉर्म, मॉडल, एप्लिकेशन और गवर्नेंस शामिल हैं। ल्लसॉवरेन बुकेङ्क मॉडल की अवधारणा का उद्देश्य देश के लिए स्वदेशी एआई क्षमताओं का विकास करना है, जिससे रणनीतिक निर्भरता कम हो सके।

एआई सुरक्षा के लिए 12 संस्थानों का नेटवर्क तैयार किया गया है, जो मानकों, शोध और परीक्षण पर कार्य कर रहा है। सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन को सुदृढ़ करने के लिए ल्लपैक्स सिलिकाङ्क समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल चिप निर्माण और संपूर्ण सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

एआई का व्यावहारिक उपयोगः भारत की बढ़त

अमेरिकी कंपनी ओपनएआई के अनुसार तकनीकी कार्यों के लिए चैटजीपीटी के उपयोग में भारत वैश्विक औसत से काफी आगे है। भारत में डेटा विश्लेषण का उपयोग वैश्विक औसत से लगभग चार गुना अधिक है, जबकि कोडिंग के लिए कोडेक्स का उपयोग करीब तीन गुना ज्यादा है। भारतीय उपयोगकर्ता कोडिंग से जुड़े प्रश्न वैश्विक औसत की तुलना में तीन गुना अधिक पूछते हैं और शिक्षा से संबंधित प्रश्न लगभग दोगुने हैं।

साप्ताहिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 10 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जिससे भारत अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा बाजार बन गया है। कार्य से संबंधित उपयोग 35 प्रतिशत तक है, जो वैश्विक औसत से अधिक है। इससे स्पष्ट है कि एआई को कार्यालयों में ड्राफ्टिंग, एडिटिंग, तकनीकी सहायता और डिबगिंग के लिए प्रभावी उपकरण के रूप में अपनाया जा रहा है।

युवा शक्ति और जनसांख्यिकीय लाभ 18 से 24 वर्ष आयु वर्ग कुल संदेशों का लगभग आधा हिस्सा भेजता है, जबकि 18 से 34 वर्ष वर्ग 80 प्रतिशत उपभोक्ता संदेशों के लिए जिम्मेदार है। यह जनसांख्यिकीय प्रवृत्ति बताती है कि भारत की युवा आबादी तकनीकी परिवर्तन को तेजी से अपना रही है। भौगोलिक दृष्टि से तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे तकनीकी केंद्र कोडिंग क्षमताओं के उपयोग में अग्रणी हैं। यह क्षेत्रीय नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को दर्शाता है। वैश्विक सहयोगः ग्लोबल साउथ की आवाज

कनाडा, स्विट्जरलैंड, ब्राजील और अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने भारत की पहल की सराहना की। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला के नेतृत्व में आए बड़े प्रतिनिधिमंडल ने एआई, रक्षा, कृषि और ऊर्जा क्षेत्रों में साझेदारी को ऐतिहासिक बताया। कनाडा के मंत्री इवान सोलोमन ने इसे सभी देशों के लिए खुला मंच बताया। यह सम्मेलन ग्लोबल साउथ के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि तकनीकी क्रांति में विकासशील देशों की भागीदारी सुनिश्चित करना वैश्विक असमानताओं को कम करने का माध्यम बन सकता है। स्वास्थ्य और नियमनः जिम्मेदार विस्तार की आवश्यकता

डब्ल्यूएचओ की पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जनरल सौम्या स्वामीनाथन ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

# मातृभाषा के सहारे भारत का सांस्कृतिक विकास

## अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (21 फरवरी) पर विशेष- सत्येंद्र सिंह




मानव जीवन शैली में शिक्षा हो या व्यवस्था दोनों ही स्थितियों में मातृभाषा का महत्व कितना है यह सर्वविदित है। व्यवहारिक जीवन और अध्ययनशीलता के लिए ककहरा सीखना हो तो मातृभाषा के बिना सब व्यर्थ है। निज भाषा के बिना किसी भी चीज को सीखना, समझना और जानना असंभव है। कवि भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने निज भाषा का महत्व बताते हुए लिखा है कि -

'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटन न हिय के सूल ।।

निज भाषा से तात्पर्य हिंदी सहित सभी स्थानीय भारतीय भाषाओं से है। फिर आगे लिखते हैं -

अंग्रेजी पढ़के जदपि, सब गुण होत प्रवीण। पै
निज भाषा ज्ञान के, रहत हीन के हीन ।।

अर्थात अंग्रेजी जैसी विदेशी भाषाओं में प्राप्त शिक्षा से आप प्रवीण तो हो जाओगे किंतु सांस्कृतिक एवं व्यवहारिक दृष्टिकोण से हीन ही रहोगे।

मातृभाषा से बच्चों का परिचय घर और परिवेश से ही शुरू हो जाता है। अपनी मातृभाषा में बातचीत करने और चीजों को समझने-समझाने की क्षमता के साथ बच्चे विद्यालय में जाना शुरू करते हैं। इस तरह से अगर मातृभाषा से विद्यालयों में पढ़ाया जाय तो इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं।

मातृभाषा को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने के लिए 10 जनवरी 1975 को नागपुर से प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने की शुरूआत की गई। इस दिवस में 30 देशों के 122 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मारिशस के तत्कालीन प्रधानमंत्री सर शिवसागर रामगुलाम ने कहा कि हिंदी अंतरराष्ट्रीय भाषा है।

इस अवसर पर बहुत-सी बातें हिंदी, अवधी, भोजपुरी, ब्रजभाषा, मगही, मराठी, कोंकणी, बागड़ी, मारवाड़ी, मालकी, निमाड़ी, बंगला, असमिया, मलयालम, तमिल, तेलगु, कन्नड़, जनजातीय भाषाओं आदि में कही जाती है तो इसका व्यापक प्रभाव होता है। विदेशों में बसे भारतवंशियों ने अपनी भाषा, संस्कृति, आचार-विचार को साहित्यिक रूप में लिखकर और भी समृद्ध बनाया। दुनिया में 40 देशों के 600 विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई होती है। ग्लोबल होती दुनिया में हिंदी पारम्परिक ज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मिशाल बन रही है। हिंदी साल दर साल इंग्लिश कंटेंट के 19 प्रतिशत के मुकाबले में 94 प्रतिशत के तेज गति से बढ़ रही है। हिंदी भाषा का प्रकाशपुंज सहिष्णुता, विश्व शांति और सद्भाव का संदेश पूरे विश्व के मानव जगत को दे रहा है।

इसी वजह से भारत में स्थानीय भाषा के विपरीत अगर हम बच्चों को गीत, संवाद के लिए स्थानीय भाषा के बजाय अंग्रेजी को प्रोत्साहित कर रहे हैं तो हम उन्हें अपने परिवेश, संस्कृति और जड़ों से काट देना चाहते हैं। इससे बचने का एक ही तरीका है कि हम अपनी मातृभाषा में संवाद, चिंतन और विचार-विमर्श को दैनिक जीवन की शैली में शामिल करें।ढ इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर भारत सरकार ने भी 2020 में नई शिक्षा नीति जारी कर भारत भर में निज भाषा में शिक्षा के महत्व को प्रतिपादित किया है, विलुप्त होती भाषाएं अपने अस्तित्व को पुनः प्राप्त कर सकती हैं, यह सराहनीय कदम है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से हिंदी के साथ-साथ भारतीय एवं जनजातीय भाषाओं का महत्व बढ़े, इस ओर ध्यान देना आवश्यक है। भाषा को जब-तक बाजार अपनाता नहीं है तब-तक भाषा का विकास होता नहीं है। भारतीय बाजार को हिंदी के साथ स्थानीय भाषाओं, जनजातीय भाषाओं को स्वीकारना होगा। भारत में हिंदी एवं स्थानीय भाषाओं का पर्याप्त प्रचार-प्रसार एवं बाजार आधारित शिक्षा व्यवस्था का अनुपालन अनिवार्यतः होना चाहिए। मातृभाषा के सहारे भारत का लोकतांत्रिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक विकास संभव है।

(लेखक, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।)

# टांडा में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

## शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील टांडा सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया। इस दौरान दिवस में आए फरियादियों के बच्चों को दुलार कर चाकलेट वितरण की।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान 22 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 7 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विद्युत पेंशन, विकास विभाग आदि अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतों एवं मांगों को गम्भीरतापूर्वक सुना और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकताओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करें जिसमें शिकायतकर्ता की संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण है। ग्राम पंचायत गागन नगला में भाग संख्या-24 में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान बीएलओ द्वारा शिकायत की गई कि बाबर नामक व्यक्ति द्वारा पुनरीक्षण कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है तथा उन्हें धमकाया जा रहा है, जिस पर शिकायत को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


तहसील में जनसुनवाई करते एसडीएम आशुतोष कुमार

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम अहमदाबाद में सड़क पर अवैध रूप से कब्जा कर पेड़ लगाए गए हैं जिसपर जिलाधिकारी ने तत्काल राजस्व और पुलिस टीम को मौके पर भेजा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आनलाइन खतौनी की कापी भी प्रदान की गई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक ने गम्भीरतापूर्वक सुना तथा थाना प्रभारियों को मौके पर ही शिकायतों को निस्तारण करने के निर्देश दिए.इसी प्रकार तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। जिसमें 22 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। तहसील मिलक में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। जिसमें 9 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।

इसके अतिरिक्त तहसील स्वार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 9 शिकायतें प्राप्त हुई। 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी शाहबाद की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुई। 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।

### संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी लोगों की फरियादें

**शाहबाद**। शनिवार को शाहबाद तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम आशुतोष कुमार ने की। संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की फरियादें सुनते हुए एसडीएम आशुतोष कुमार ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल दस शिकायती पत्र आए। 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। जबकि बची हुई शिकायतों को निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। इस मौके पर बीडीओ धीरेन्द्र पाल सिंह, नायब तहसीलदार हरीश जोशी, नायब तहसीलदार राजेश कुमार, एसडीओ अलंकृत मिश्रा आदि रहे।

# अमेरिका से मुक्त व्यापार समझौता रद्द करें भारत सरकारः उस्मान

## किसान यूनियन ने तहसील सदर में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन


एडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

जागरण मोर्चा,कार्यालय

**रामपुरः** शनिवार को किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तहसील सदर परिसर में एकत्रित हुए। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका से किए गए मुक्त व्यापार समझौते को रद्द करने और बेसहारा गोवंशीय पशुओं को संरक्षित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने के बाद प्रधानमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एडीएम को सौंपा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा जहां एक और केंद्र सरकार किसान हित में बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रही है वहीं अमेरिका से मुक्त व्यापार समझौते में कृषि उत्पाद शामिल कर किसानों को बर्बाद करने का काम कर रही है हाल ही में जो समझौता किया गया है उसमें यदि कोई वस्तु भारत अमेरिका के बाजारों में बेचता है तो उसको 18 प्रतिशत तक टैरिफ देना होगा वहीं अमेरिका यदि कोई उत्पादन भारत के बाजारों में बेचता है। ट्रंप द्वारा जो टैरिफ लगाए गए हैं वह पूरी तरह से गैर कानूनी है। उनको इसके लगाने का अधिकार नहीं है उन्होंने आगे कहा पूरे भारत में गोवंशीय पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। जिसका मुख्य कारण यह है किसान को उसके गाय के दूध का उचित मूल्य नहीं मिलता जिस कारण मजबूरी में वह अपने गोवंशीय पशु को छुट्टा छोड़ने पर मजबूर हो जाता है यदि सरकार सच में गोवंशीय पशुओं को संरक्षित करना चाहती है। तब प्रति गोवंश पशु को पालने वाले किसान को हर महीने 2000 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाए। प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में जबर सिंह, महफूज अहमद, रमेश कुमार, मकसूद अली बाबर अली आदि लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने कोर्ट मोहर्रिर को दिए दिशा निर्देश


मोहर्रिर को जानकारी देते एसपी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा शनिवार को जनपद बरेली में कोर्ट मोहर्रिर, पैरोकारो के होने वाले एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दृष्टिगत समस्त पैरोकार, कोर्ट मोहर्रिर के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# जिलाधिकारी ने तहसील टांडा का किया वार्षिक निरीक्षण

## विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तृत लिया जायजा, लम्बित वादों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने तहसील टाण्डा का वार्षिक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी न्यायालय, अभिलेखागार कक्ष, भू-लेख अनुभाग, कम्प्यूटर कक्ष एवं रजिस्ट्रार कक्ष आदि का क्रमवार निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय में लंबित वादों की पत्रावलियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने एक वर्ष से अधिक पुराने वादों, धारा-24, धारा-116, ऑफलाइन आईजीआरएस एवं विरासत से संबंधित प्रकरणों का परीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि एक वर्ष से अधिक पुराने वादों का शीघ्र निस्तारण तय किया जाए। उन्होंने पट्टों की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए कि पट्टा आवंटन की कार्यवाही समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जाए। साथ ही अवैध कब्जों का चिन्हांकन कर कब्जा मुक्त कराने की प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।


टांडा में निरीक्षण के दौरान कर्मचारी से वातार्लाप करते डीएम

राजस्व वसूली की स्थिति की समीक्षा में प्रगति संतोषजनक पाई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी खतौनी कक्ष भी पहुंचे, जहां उन्होंने उपस्थित कृषकों से खतौनी संबंधी समस्याओं एवं निर्धारित शुल्क के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा व्यवस्थाओं को पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मतदाता पंजीकरण केन्द्र का निरीक्षण कर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने ईआरओ से अब तक निर्गत नोटिसों के वितरण, डाटा फीडिंग, फार्म-6 की प्राप्ति, जनसुनवाई एवं साक्ष्य मिलान आदि बिंदुओं पर अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त कर सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

# आज मनाया जाएगा विशेष अभियान दिवस

## सभी बूथों पर पढ़ी जाएगी मतदाता सूची

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 22 फरवरी को विशेष अभियान दिवस निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि आयोग के निदेर्शानुसार जनपद की सभी 5 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों– 34-स्वार, 35-चमरौआ, 36-बिलासपुर, 37-रामपुर एवं 38-मिलक (अजा)–में ग्राम सभा एवं वार्ड कमेटी की बैठकों के माध्यम से संबंधित पार्षद, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, बूथ लेवल एजेंट एवं स्थानीय प्रतिनिधियों को उक्त कार्यवाही की जानकारी देते हुए उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर आलेख्य



निर्वाचक नामावली पढ़कर सुनाई जाएगी। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में छूट गया है अथवा किसी प्रकार का संशोधन अपेक्षित है, तो संबंधित मतदाता निम्न प्रपत्र भरकर आवश्यक अभिलेखों सहित बीएलओ को उपलब्ध करा सकते हैं।

जिसमें फार्म-6 नए मतदाताओं के लिए घोषणा-पत्र सहित,फार्म-7 मतदाता सूची से नाम अपमार्जन के लिए फार्म-8 प्रविष्टि में संशोधन या स्थानांतरण हेतु घोषणा-पत्र सहित मतदाता के स्थानांतरण की स्थिति में केवल फार्म-8 ही भरा जाए, फार्म-6 नहीं है।

# लिथुआनिया के विदेश मामलों के उप मंत्री से मिले नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां

## मुलाकात के दौरान अर्थव्यवस्था व नवाचार मंत्री एडविनास ग्रिक्सस और लिथुआनिया की राजदूत डायना मिकेविचिएन भी मौजूद रहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन के दौरान लिथुआनिया के विदेश मामलों के उप मंत्री तौरिमास वेलिस से मुलाकात की। शिष्टाचार भेंट के दौरान लिथुआनिया के अर्थव्यवस्था और नवाचार मंत्री एडविनास ग्रिक्सस और लिथुआनिया की राजदूत डायना मिकेविचिएन भी मौजूद रहीं।

नवेद मियां ने बताया कि लिथुआनिया के विदेश उप मंत्री ने इस बात पर जोर दिया जिम्मेदार एआई की शुरूआत मजबूत सार्वजनिक क्षेत्र की नींव से होती है। उन्होंने अंतराष्ट्रीय सहयोग की वकालत की और साझेदारों को एआई के जोखिमों से लोकतंत्र और कानून के शासन की रक्षा करने के उद्देश्य से विलनियस कन्वेंशन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने लिथुआनिया के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के भीतर एआई के प्रति अपनाए दृष्टिकोण पर अंतर्दृष्टि साझा की, जिसमें शासन को सभी के लिए सुलभ बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने यूरोपीय


दिल्ली में लिथुआनिया के विदेश मामलों के उप मंत्री तौरिमास वेलिस के साथ पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां

संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौते और उच्च मूल्यवर्धित क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा करने के लिए भारत के सचिव (ईआर) सुधाकर दलेला से मुलाकात की।नवेद मियां ने बताया कि विदेश मामलों के उप मंत्री ने लिथुआनियाई प्रतिनिधिमंडल के साथ एआई क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला और भारत में इसे बढ़ावा देने में लिथुआनियाई दूतावास की भूमिका की प्रशंसा की।

# जीवन मूल्यों की वाहक मातृभाषाः डॉ मुनीश

## हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। विश्व हिंदी परिषद रामपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्व हिंदी परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुनीश चंद्र शर्मा अचलराज पांडेय नंदकिशोर समोनिया डॉ. व्योम वशिष्ठ ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि डॉ. मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि मातृभाषा हमारी संस्कृति और सभ्यता की आधारशिला है।यह केवल संवाद का माध्यम ही नहीं बल्कि हमारी परंपराओं, जीवन मूल्यों और ऐतिहासिक विरासत की वाहक है। इसका संरक्षण और संवर्धन हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा पर गर्व करने तथा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया।

अचलराज पांडेय ने कहा कि छात्रों को बत्ती गई बातों में उनका कर्ण खोजना चाहिए। इससे उनकी बुद्धि का विकास होता है। हमें कोई निर्णय लेने से पहले अपने विवेक का प्रयोग करना चाहिए। प्रधानाचार्य नंदकिशोर सामोनिया ने कहा कि स्वयं का विश्वास कभी विफल नहीं होता।

इसलिए जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपने आप पर भरोसा करना चाहिए। इस दौरान मातृभाषा के महत्व को लेकर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के अंत में डॉ. मुनीश चंद्र शर्मा ने निबंध प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। जिनमें अनुष्का चौरसिया प्रथम, ओम बाबू द्वितीय और शुभ सक्सेना तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में भाषा के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाते हैं। इस अवसर पर पूनम गुप्ता, नेहा, सुषमा सक्सेना, शालिनी सक्सेना, मुस्कान की अक्षरा,खुशी ,रंजीता ने विचार व्यक्त किए।

# आदमपुर में मजदूर की पशुशाला जलकर हुई राख

जागरण मोर्चा कार्यालय



झोपड़ी से उठती आग की लपटें

हसनपुरः गांव के बाहरी छोर पर स्थित एक पशुशाला में अचानक आग लगने से हजारों रुपये का नुकसान हो गया। आग की चपेट में आकर पशुशाला में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। यह पशुशाला गांव निवासी पप्पू पुत्र सतराम की बताई जा रही है, जो मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

घटना के समय पप्पू खेत पर काम करने गए हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पशुशाला से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने तुरंत पशु शाला में बंधे पशुओं को रस्सी काट कर बाहर निकाला तथा आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और पप्पू को भी सूचना दी गई। खबर मिलते ही पप्पू मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी। ग्रामवासियों ने सामूहिक प्रयास कर पानी और अन्य संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाया, परंतु जब तक आग पूरी तरह बुझाई जा सकी, तब तक पशुशाला में रखा चारा, लकड़ी, घरेलू उपयोग के कुछ कपड़े और अन्य सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुका था। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और पशुओं को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों का अनुमान है कि किसी चिंगारी या शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगी हो सकती है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है, ताकि मजदूरी पर निर्भर इस परिवार को हुए नुकसान की भरपाई हो सके और वे दोबारा अपनी पशुशाला खड़ी कर सकें।

# योगी सरकार ने दी शिक्षा मित्रों को बड़ी सौगात

जागरण मोर्चा कार्यालय



हसनपुरः उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों के हित में लिए ऐतिहासिक निर्णय से प्रदेश भर में खुशी की लहर है। सरकार ने शिक्षा मित्रों के मानदेय में भारी वृद्धि करते हुए इसे 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये कर दिया है। इसी क्रम में आज जनपद अमरोहा के हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारियों ने विधायक के आवास पर पहुँचकर सरकार का आभार व्यक्त किया। विधायक का स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर पोसवाल के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारी और शिक्षा मित्र विधायक से मिले। शिक्षा मित्रों ने विधायक को फूल-मालाएं पहनाईं और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की। इस दौरान शिक्षा मित्रों ने ''योगी सरकार जिंदाबाद'' के नारे भी लगाए।जिला अध्यक्ष सुधीर पोसवाल ने कहा कि शिक्षा मित्र लंबे समय से आर्थिक तंगी और मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे थे। सरकार का यह निर्णय शिक्षा मित्रों के परिवारों के लिए संजीवनी का काम करेगा। उन्होंने विशेष रूप से विधायक का आभार जताते हुए कहा कि विधायक जी ने समय-समय पर हमारी जायज मांगों को शासन और सदन तक पहुँचाया, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। प्राथमिक शिक्षक संघ (गंगेश्वरी) के ब्लॉक अध्यक्ष और शिक्षा मित्र संघ के जिला संरक्षक रामवीर सिंह ने सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि केवल शिक्षा मित्रों के लिए ही नहीं, बल्कि अनुदेशकों का मानदेय भी 9 हजार से बढ़ाकर 17 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही, सभी शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का निर्णय एक क्रांतिकारी कदम है। इससे अब उन्हें गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक रूप से परेशान नहीं होना पड़ेगा। इस आभार प्रकट कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक और संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप चौहान,ब्लॉक मंत्री जगत सिंह, दिग्विजय सिंह, राजकुमार चौहान,प्रदीप कुमार, भूरे सिंह, उमेश सैनी,मंगल सिंह, राजपाल सिंह, जयवर्धन सिंह,,भरत सिंह, उम्मेद अली, रणवीर सिंह, पन्नादत्त और देवेश कुमार, प्रेमलता राणा आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम न्यायिक ने सुनीं फरियादें

जागरण मोर्चा कार्यालय



हसनपुरः तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम न्यायिक धीरेंद्र प्रताप सिंह ने की। जहां उन्होंने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उनके साथ उप जिलाधिकारी हिंमाशु उपाध्याय और पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी भी मौजूद रहे। समाधान दिवस में कुल 16 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 2 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 6 शिकायतें राजस्व विभाग के थे, जबकि पुलिस विभाग से 4, विकास विभाग से 2, पूर्ति विभाग से 1 और अन्य विभागों से संबंधित 3 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। एडीएम न्यायिक ने शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं की अनदेखी करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार मनोज कुमार, वन रेंजर नरेश कुमार, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, विद्युत एसडीओ मिथिलेश कुमार सहित राजस्व विभाग के लेखपाल और पुलिस विभाग के अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पात्र राशन कार्ड धारकों के कार्ड समय-समय पर काट दिए जाते: चंद्रप्रकाश



पंचायत को संबोधित करते किसान नेता

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुरः भारतीय किसान संघ की बैठक करनपुर माफी स्थित तहसील के निकट कृषि कार्यालय में आयोजित की गई बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में बोलते हुए जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा ने कहा कि सरकार के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने की घोषणा 2025 में की गई।

परंतु अभी तक बैंक किसानों को उसका लाभ नहीं दे रहा है और लगभग पहले 2 वर्ष से 3.1 अनुदान राशि वापस नहीं की। हर घर जल हर घर नल योजना के तहत हर गांव में पानी की टंकी बनाई गई है । परंतु वह केवल सफ़ेद हाथी की तरह खड़ी हैं उन्हें शीघ्र चालू कराकर शुद्ध पानी हर घर तक पहुंचाया जाए। ताकि दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर सिंह ने कहा की आपूर्ति विभाग द्वारा अनेकों पात्र राशन कार्ड धारकों के कार्ड समय-समय पर काट दिए जाते हैं।फिर उन्हें पुनः चालू करने के लिए बड़े पैमाने पर अवैध वसूली की जाती है। जांच कर कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए ।किसानों द्वारा भूमि जोत में कमी के चलते उप जिला अधिकारी कार्यालय में चकबंदी का मामला चलाया जाता है।फैसला अनुकूल होने के बाद भी राजस्व विभाग की लापरवाही के चलते किसानों को तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं।भदौरा ग्राम के किसान रामचंद्र शर्मा के मामले में पेशी कार्य ठीक से किया जाए। धर्मपाल सिंह ने कहा कि भदौरा का मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में है ।शीघ्र ठीक कराकर ग्रामीणों को आने जाने वाली परेशानियों को समाप्त कराया जाए।बिजली विभाग द्वारा बिजली घर ताहरपुर में सुबह शाम कई घंटे बिजली कटौती की जा रही है।जिससे हाई स्कूल व इंटर बोर्ड के छात्र छात्राओं को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती को तुरंत बंद कराया जाए ।ज्ञापन देने वालों में धर्मपाल सिंह चौहान ,महिपाल सिंह, चौधरी कर्मेंद्र सिंह, जयप्रकाश शर्मा, धर्मेंद्र, शिवाजी ,जबर सिंह ,लल्लू सिंह, नरेश सिंह, सतीश कुमार, चंद्र प्रकाश शर्मा ,ओमवीर सिंह चौहान, रोहतास सिंह, सतीश कुमार ,धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# गंगानगर में गंगा के टापू पर धूप सेंकता मगरमच्छ

हसनपुरः शनिवार सुबह रहरा क्षेत्र के गंगानगर घाट पर गंगा नदी किनारे एक विशाल मगरमच्छ धूप सेंकता हुआ देखा गया। इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुट गए। ग्रामीणों द्वारा बनाए गए इसके वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा हैं, जिससे क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। ग्रामीण अपने पशुओं को पानी पिलाने और टहलने के लिए गंगनार घाट पहुंचे थे। तभी उनकी नजर नदी किनारे रेत के टीले पर पड़े एक बड़े मगरमच्छ पर पड़ी, जो शांत अवस्था में धूप सेंक रहा था। मगरमच्छ को देखकर शुरुआत में लोग सहम गए, लेकिन सुरक्षित दूरी से कई लोगों ने उसे अपने मोबाइल कैमरों में कैद करना शुरू कर दिया।वायरल वीडियो में मगरमच्छ आराम से लेटा हुआ दिखाई देता है और बीच-बीच में सिर उठाकर आसपास की गतिविधियों पर भी नजर डालता है।मगरमच्छ का आकार काफी बड़ा होने के कारण ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया।कुछ लोगों ने तुरंत अपने बच्चों और पशुओं को घाट से दूर कर दिया, जबकि कई युवक सुरक्षित दूरी बनाए रखकर इस अनोखे दृश्य को देखते रहे। ग्रामीणों ने घाट पर चेतावनी बोर्ड लगाने और निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।फिलहाल, गंगा किनारे मगरमच्छ के इस अनोखे दर्शन ने स्थानीय लोगों के बीच कौतूहल के साथ-साथ सतर्कता का संदेश भी दिया है।

## लिंक मार्ग पर युवती को बचाने को चक्कर में गिरी बाइक

हसनपुरः सैद नगली थाना क्षेत्र के एक गांव के निकट स्थित लिंक मार्ग पर पैदल चल रही युवती को बचाने के चक्कर में बाइक सवार सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। घायल को राहगीरों के द्वारा नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव एरोला अहमद यार का निवासी कृष्णा पुत्र नवाब सिंह सैदनगली थाना क्षेत्र के एक गांव से अपनी रिश्तेदारी से बाइक लेकर अपने घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक हैबतपुर बंजारा मार्ग पर अंधेरपुरी के निकट पहुंची तो आगे चल रही युवती को बचाने के चक्कर में युवक ने बाइक के ब्रेक तेज लगा दिए। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया राहगीरों के द्वारा घायल को गंभीर हालत में नगर के सीएचसी में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल अभी कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

हसनपुरः महाविद्यालय चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन डगरोली में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिन का उद्घाटन महाविद्यालय निदेशक पुनीत अग्रवाल ने गांव बोनावाली डगरोली में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने सभी स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा की हमारे विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सरकार ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शिक्षा,स्वास्थ्य, रोजगार,कृषि, विपणन,तकनीक, उद्योग, खेलकूद आदि क्षेत्रों में भरपूर अवसर प्रदान किए हैं। व्यावहारिक रूप देने के लिए बहुमुखी राष्ट्रीय सेवा योजना का संचालन किया जाता है द्य जिसके माध्यम से महाविद्यालय स्तर पर सात दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन कर ग्राम एवं मोहल्ले स्तर पर विभिन्न प्रकार के स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विधिक जागरूकता, आपदा प्रबंधन जैसे कार्यक्रम द्वारा स्वयंसेवकों के साथ-साथ आम जनता को भी जागरूक किया जाता है इसमें विशेष स्वयंसेवियों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है इन विशेष स्वयंसेवियों को प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी सेवाओं में अधिभर मिलता है। कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने स्वच्छता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा की स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत स्वच्छता सामुदायिक भागीदारी और सतत जीवन शैली का उत्सव है। इस अवसर पर डॉ. राकेश आर्य ,मनोज कुमार शर्मा, विनोद गुप्ता ,अतुल शर्मा ,लोकेश कुमार ,जूही त्यागी, कोशिंदर कुमार ,शिवानी ,नीरज, राखी,सरस्वती,मोनिका ,पूजा अनीता ,शीतल ,अनुराधा सहित सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## लिंक मार्ग पर युवती को बचाने को चक्कर में गिरी बाइक

हसनपुरः सैद नगली थाना क्षेत्र के एक गांव के निकट स्थित लिंक मार्ग पर पैदल चल रही युवती को बचाने के चक्कर में बाइक सवार सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। घायल को राहगीरों के द्वारा नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव एरोला अहमद यार का निवासी कृष्णा पुत्र नवाब सिंह सैदनगली थाना क्षेत्र के एक गांव से अपनी रिश्तेदारी से बाइक लेकर अपने घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक हैबतपुर बंजारा मार्ग पर अंधेरपुरी के निकट पहुंची तो आगे चल रही युवती को बचाने के चक्कर में युवक ने बाइक के ब्रेक तेज लगा दिए। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया राहगीरों के द्वारा घायल को गंभीर हालत में नगर के सीएचसी में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल अभी कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई है।

## आदमपुर में मजदूर की पशुशाला जलकर हुई राख

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुरः गांव के बाहरी छोर पर स्थित एक पशुशाला में अचानक आग लगने से हजारों रुपये का नुकसान हो गया। आग की चपेट में आकर पशुशाला में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। यह पशुशाला गांव निवासी पप्पू पुत्र सतराम की बताई जा रही है, जो मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

घटना के समय पप्पू खेत पर काम करने गए हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पशुशाला से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने तुरंत पशु शाला में बंधे पशुओं को रस्सी काट कर बाहर निकाला तथा आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और पप्पू को भी सूचना दी गई। खबर मिलते ही पप्पू मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी। ग्रामवासियों ने सामूहिक प्रयास कर पानी और अन्य संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाया, परंतु जब तक आग पूरी तरह बुझाई जा सकी, तब तक पशुशाला में रखा चारा, लकड़ी, घरेलू उपयोग के कुछ कपड़े और अन्य सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुका था। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और पशुओं को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों का अनुमान है कि किसी चिंगारी या शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगी हो सकती है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है, ताकि मजदूरी पर निर्भर इस परिवार को हुए नुकसान की भरपाई हो सके और वे दोबारा अपनी पशुशाला खड़ी कर सकें।

## राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

हसनपुरः महाविद्यालय चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन डगरोली में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिन का उद्घाटन महाविद्यालय निदेशक पुनीत अग्रवाल ने गांव बोने वाली डगरोली में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा की हमारे विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सरकार ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शिक्षा,स्वास्थ्य, रोजगार,कृषि, विपणन,तकनीक, उद्योग, खेलकूद आदि क्षेत्रों में भरपूर अवसर प्रदान किए हैं। व्यावहारिक रूप देने के लिए बहुमुखी राष्ट्रीय सेवा योजना का संचालन किया जाता है द्य जिसके माध्यम से महाविद्यालय स्तर पर सात दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन कर ग्राम एवं मोहल्ले स्तर पर विभिन्न प्रकार के स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विधिक जागरूकता, आपदा प्रबंधन जैसे कार्यक्रम द्वारा स्वयंसेवकों के साथ-साथ आम जनता को भी जागरूक किया जाता है इसमें विशेष स्वयंसेवियों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है इन विशेष स्वयंसेवियों को प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी सेवाओं में अधिभर मिलता है। कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने स्वच्छता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा की स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत स्वच्छता सामुदायिक भागीदारी और सतत जीवन शैली का उत्सव है। इस अवसर पर डॉ. राकेश आर्य ,मनोज कुमार शर्मा, विनोद गुप्ता ,अतुल शर्मा ,लोकेश कुमार ,जूही त्यागी, कोशिंदर कुमार ,शिवानी ,नीरज, राखी,सरस्वती,मोनिका ,पूजा अनीता ,शीतल ,अनुराधा सहित सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## चारदीवारी निर्माण में गबन के आरोपों की जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय

शेरकोटः गांव भिक्कावाला स्थित प्राथमिक विद्यालय में चारदीवारी निर्माण के नाम पर लाखों रुपये के गबन की शिकायत पर शनिवार को उप न्यायिक जिलाधिकारी रामआसरे जांच के लिए विद्यालय पहुंचे। उन्होंने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की स्थिति और संबंधित अभिलेखों की जानकारी ली।

शिकायतकर्ता नवनीत कुमार ने आरोप लगाया है कि प्रधानाध्यापिका ने चाहरदीवारी निर्माण के नाम पर शासन से जारी करीब 4 लाख 42 हजार रुपये का भुगतान अपने पति को ठेकेदार दर्शाकर करा लिया, जबकि संबंधित चारदीवारी पहले ही ग्राम पंचायत द्वारा बनवाई जा चुकी थी। उप न्यायिक जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से जानकारी लेकर मामले की जांच की और बताया कि जांच रिपोर्ट तैयार कर संबंधित अधिकारियों को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि इस मामले में करीब चार माह पूर्व भी विभागीय जांच कराई गई थी, लेकिन उसकी रिपोर्ट समय से प्रस्तुत नहीं की गई। इसके बाद आवेदक ने पुनः जिलाधिकारी बिजनौर को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, जिस पर अब दोबारा जांच की जा रही है।

## सरकारी अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप, सीएमओ से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

ठाकुरद्वाराः क्षेत्र के सरकारी अस्पताल में तैनात एक डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए मरीज के परिजनों ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला ताली वार्ड नंबर 8 निवासी ताजुद्दीन पुत्र जिला उद्दीन शिकायत में कहा कीकि दिनांक 19 फरवरी 2026 को वह अपनी बहन की तबीयत खराब होने पर उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। लेकिन वहां पर डॉक्टर मौजूद नही था। अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों से जब डॉक्टर को बुलाकर मैरिज को देखने की बात कही तो ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों ने कहा कि डॉक्टर अपने आवास पर सो रहे हैं। स्पष्ट कहा है कि रात में कोई भी मरीज आए तो स्वयं दवाई दे देना लेकिन मेरे को मत बुलाना । बार-बार कहने के बावजूद भी डॉक्टर को नहीं बुलाया गया फोन करने के बाद भी डॉक्टर अपनी रात्रि ड्यूटी पर नहीं पहुंचा। उसकी बहन की तबीयत और अत्यधिक खराब होती चली गई ।जिससे परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में उन्हें मजबूरन अन्य स्थान पर उपचार कराना पड़ा।पीड़ित पक्ष ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे सीएमओ कुलदीप चौधरी को शिकायती पत्र देकर चिकित्सक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की । ताकि भविष्य में अन्य मरीजों को इस प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

# शिक्षकों की बैठक में की सममस्याओं पर चर्चा

कांठ। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट की ब्लॉक कार्य समिति व संघर्ष समिति की मासिक बैठक ब्लाक संसाधन केंद्र कांठ पर संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा ने कहा कि गत वर्ष 01 सितम्बर को माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा सेवारत समस्त शिक्षकों पर टी ई टी अनिवार्यता से देश के लगभग 20 लाख शिक्षक प्रभावित हों रहे हैं। जिसके विरोध में टीचर्स फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया लगातार संघर्षरत है किसी भी शिक्षक का अहित नहीं होने दिया जाएगा।प्रांतीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ व राष्ट्रीय अध्यक्ष टीचर फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में संगठन टी ई टी की अनिवार्यता के विरोध में आर पार की लड़ाई के लिए तैयार है। शर्मा ने आगे बताया की संगठन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में भी लगातार पैरवी की जा रहीं है। सभी शिक्षक संगठित रहे।साथ ही 22 फ़रवरी से 26 फ़रवरी तक संगठन द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की रुपरेखा तय कर दी गयी है जिसमें सभी शिक्षक साथी प्रतिभाग करें।22 फ़रवरी को सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हैश टैग के माध्यम से अभियान चलाया जाएगा सभी शिक्षक एक्स पर अपना अकाउंट बना ले।जिला मंत्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी 23 फरवरी से 25 फरवरी तक तीन दिनों तक सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर विद्यालय नोटेट-बिफोर आरटीई एक्ट के विरोध में शिक्षण कार्य करेंगे व 26 फ़रवरी को कार्यालय ज़िला बेसिक शिक्षाधिकारी मुरादाबाद पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा व जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार को सम्बोधित ज्ञापन दिया जाएगा। सभी शिक्षक बढ़ चढ़ कर संगठन के कार्यक्रमों में प्रतिभाग करें।ब्लॉक अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने आर टी एक्ट से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टी ई टी की अनिवार्यता अव्यवहारिक है।संगठन नो टेट बिफोर आर टी ई एक्ट की लड़ाई लड़ रहा है। सभी संगठनों के एकमंच पर आकर टी ई टी के विरोध में लड़ाई लड़ने का हम स्वागत करते हैं एकता से लड़कर जीत सुनिश्चित होंगी।

बैठक में दुष्यंत यादव,प्रियंका चौधरी, मधुबाला,पारुल चौधरी,राजवीर सिंह,शाइस्ता,रजत चौधरी, जुबैर अहमद, दिनेश सैनी, मो रिजवान अहमद, मेघराज सिंह,कृष्णगोपाल,भूपेंद्र यादव, शमीम, मनीष गौतम,जावेद अख्तर,गौरव सिंह, अकरम अली, प्रभास उज्ज्वल,विवेक कुमार, विघ्ननेश कौशिक, मो इरफ़ान, शकील अहमद, चन्द्र शेखर सिंह, विमल,मो तनवीर, ब्रजेश कुमार,सुरेश कुमार, सलीम अहमद,रामनिवास, आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा व संचालन जुबैर अहमद अंसारी ने किया।

# खो बैराज से युवक ने लगाई छलांग, तलाश जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



शेरकोटः क्षेत्र के खो बैराज पर शनिवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। धामपुर निवासी योगेश सैनी पुत्र दिनेश सैनी ने अचानक बाइक से उतरकर खो बैराज में छलांग लगा दी। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई, जो समाचार लिखे जाने तक जारी थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार योगेश सैनी मुन्नी देवी मंदिर क्षेत्र, धामपुर का निवासी था। वह अपने दोस्त रिंकू के साथ सरकड़ा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से शेरकोट की ओर लौट रहा था। जैसे ही दोनों शेरकोट स्थित खो बैराज पर पहुंचे, योगेश ने अचानक बाइक रोकी और बिना कुछ कहे बैराज में छलांग लगा दी। घटना से घबराए रिंकू ने तुरंत आसपास मौजूद राहगीरों को सूचना दी और पुलिस को भी अवगत कराया।मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से युवक की खोज शुरू कराई। बाद में गोताखोरों को बुलाकर बैराज में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।बताया जा रहा है कि योगेश सैनी दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व हुई थी, लेकिन कुछ समय से पारिवारिक जीवन में तनाव चल रहा था और उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। योगेश देहरादून में एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। हाल ही में रिश्तेदारी में शादी होने के कारण वह कुछ दिन पहले ही अपने घर धामपुर आया हुआ था।घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन रो-रोकर बेसुध हैं। स्थानीय लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं। पुलिस द्वारा युवक की तलाश लगातार जारी है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 60 शिकायत दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय



ठाकुरद्वाराः शनिवार को ठाकुरद्वारा तहसील परिषद में लगे संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह के अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के साठ फरियादियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई । जिसमें से मात्र तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया ।

शनिवार को लगे संपूर्ण समाधान दिवस में भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता एडवोकेट ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि रतुपुरा रोड स्थित मंडी समिति मे स्थानीय कोतवाली पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहन पकड़े गए ट्रक डंपरों को मंडी समिति में खड़ा कर दिया जाता हैजबकि वहां पर सरकार द्वारा किसानों का धान में गेहूं खरीदने के लिए केंद्र बने हैं । वहीं प्रतिदिन सब्जी ब फलो की मंडी भी लगती है, स्थित है कि हिंदी समिति में फल विक्रेताओं व सब्जी विक्रेताओं के साथ-साथ समय पर ध्यान धान में गेहूं की फसल लाने वाले किसानों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। मंडी समिति के उत्तर में मंडी समिति की भूमि खाली पड़ी है लेकिन गहराई अधिक है । उमेश गुप्ता ने मांग की है कि मंडी समिति की भूमि में भराव डाल कर उसे क्षेत्र में वाहनों को खड़ा कराया जाए ताकि किसानों में सब्जी विक्रेताओं में मंडी में आने वाले रोग खरीदारों को परेशानी का सामना न करना पड़े। थाना डिलारी क्षेत्र के गांव डीलर निवासी शकुंतला देवी पत्नी ओमवीर सिंह ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि बीते 16 वर्षों से वह गांव के प्राथमिक विद्यालय में रसोइया पद पर कार्यरत थी। प्रति महा उसकी वेतन चेक द्वारा किया जाता था परंतु प्रार्थना का लगभग 8 माह से रसोइयों के पद से हटा दिया गया है प्रार्थना अपने वेतन से अपने परिवार का भरण पोषण क्या करते थे प्रार्थना की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है प्रार्थना के पति बीमार रहते हैं प्राथमिक को बिना सूचना दिए ग्राम प्रधान नेहम साज होकर उसे हटा दिया और उसके स्थान पर दूसरी प्रक्रिया को लगा दिया है । जिस कारण उसे अपने परिवार का लाल पालन पोषण करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है । अधिकारियों से मांग की है कि उसे पुनः रसोईया पद पर नियुक्त किया जाए । संपूर्ण समाधान दिवस में सीएमओ कुलदीप चौधरी, तहसील दार प्रवीण कुमार नायब तहसीलदार आदित्य मौर्य खंड विकास अधिकारी उमाशंकर मुद्गल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्य मंत्री से मिला गुरुद्वारा कंाठ कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल

कंाठ। गुरुद्वारा कंाठ कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने परीक्षाओं में विद्यार्थियों के धार्मिक प्रतीक धारण करने के संबंध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को दिया। मुख्यमंत्री ने सिख धर्म के प्रति आस्था प्रकट करते हुए परीक्षाओं में धार्मिक प्रतीक कृपाण धारण कर परीक्षा देने के निर्देश दिए हैं। डीएससएम डिग्री कॉलेज कंाठ में अमृत धारी सिख छात्र जपन सिंह पुत्र अमरीक सिंह को गत 27 जनवरी को कृपाण उतार का परीक्षा दिलाई गई थी। इसके बाद 4 फरवरी को कॉलेज के प्रोफ़ेसर सौरभ जिंदल ने यह कहते हुए छात्र को परीक्षा से वंचित कर दिया था कि प्रिंसिपल साहब ने कृपाण के साथ परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी है। इसके उपरांत गुरुद्वारा कंाठ में प्रोफ़ेसर सौरभ सिंघल एवं प्रिंसिपल द्वारा माफी मांगने पर यह मामला सुलझ गया था।इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं हो इस संबंध में स्थानीय गुरुद्वारा द्वारा कंाठ कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल सरदार बलदेव सिंह औलख राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से मिला। सिख धर्म की आस्था को फिर से ठेस न पहुंचे इस पुनरावृत्ति को रोकने के लिए राज्य मंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने परीक्षाओं के दौरान सिख विद्यार्थियों को धार्मिक प्रतीक धारण करने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया। ज्ञापन में सिख धर्म के नियमों के संबंध में अवगत कराया गया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के विशेष सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय विशाल भारद्वाज ने परीक्षाओं के दौरान सिख विद्यार्थियों को धार्मिक प्रतीक धारण करने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। प्रतिनिधि मंडल ने परीक्षा के दौरान सिख विद्यार्थी को धार्मिक प्रतीक धारण कर परीक्षा देने की अनुमति प्रदान होने पर मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया है। प्रतिनिधि मंडल में सरदार हरपाल सिंह जग्गी कासगंज, गुरुद्वारा कंाठ के संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा, अध्यक्ष सरदार कुलवंत सिंह, सरदार मंजीत सिंह सेक्रेटरी राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## कंाठ तहसील में बोर्ड परीक्षा में शनिवार को 90 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

कंाठः नगर एवं तहसील क्षेत्र में बने विभिन्न परीक्षा केदो पर शनिवार को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।पहली पारी में हाई स्कूल गृह विज्ञान की परीक्षा थी। इसमें 1477 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। 1392 ने परीक्षा दी 85 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।दूसरी पारी में इंटरमीडिएट इतिहास की परीक्षा थी इसमें 109 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 104 ने परीक्षा दी 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।नगर के ध्यान सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज को उप संकलन केंद्र बनाया। उप संकलन केंद्र प्रभारी राम सागर ने देर शाम बताया कि शनिवार को दोनों परीक्षाओं में 90 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## ईशा की नमाज व तराबी पढ़ने को लेकर दो पक्षो में मारपीट

कंाठ। थाना क्षेत्र में ईशा की नमाज तराबी पढ़ने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंाठ भिजवाया गया है। थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर एक दर्जन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।थाना कंाठ के कस्बा उमरी कलां के मोहल्ला नांगलिया निवासी जीशान पुत्र शरबत हुसैन तथा दूसरे पक्ष के अरहान पुत्र नौशाद निवासी जामा मस्जिद कस्बा उमरी कलां 19 फरवरी की रात को मरकज वाली मस्जिद में तराबी एवं नमाज पढ़ रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के लोगों में कहा सुनी हो गई। शोर की आवाज सुनकर दोनों पक्षों के लोग इकट्ठे हो गए और एक दूसरे से जमकर मारपीट की। जिसमें दोनों पक्षों के जीशान, ओवैस सहित कई लोग घायल हो गए। घायलों को लेकर उनके परिजन थाना कंाठ पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जीशान की तहरीर के आधार पर ओवैस अली, जैद अली,, अब्दुल रहमान, सफीउर्रमान, फैसल, रिसालत एवं दूसरे पक्ष के अरहान की तहरीर के आधार पर जीशान, नमन, इरफान, रियासत, इरतजा आदि दोनों पक्षों के एक दर्जन लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## सरकारी तालाब से कब्जा हटाने गई राजस्व टीम से नोंकझोंक, आंशिक कब्जा हटाकर लौटी टीम

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। तहसील के सामने स्थित सरकारी तालाब की भूमि से कब्जा हटाने गई राजस्व टीम की महंत से तीखी नोंकझोंक हो गई। महंत अपनी पत्नी के साथ मौके पर आ गया और बिना नोटिस दिये कार्रवाई का विरोध करने लगे। इस पर टीम पुलिस बल की मौजूदगी में आंशिक कार्रवाई कर वापस लौट आई। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व अधिवक्ता निधिगोपाल यादव ने प्रशासन से शिकायत की थी कि तहसील के सामने तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने भूमि की पैमाइश कर सीमांकन किया और निशान लगाए। शनिवार को राजस्व विभाग की टीम नायब तहसीलदार राजेश कुमार के नेतृत्व में जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंची और चिन्हित हिस्से पर बुलडोजर चलाकर कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान दौरान महंत ने अधिकारियों के सामने ही विरोध जताना शुरू कर दिया। नोंकझोंक इस हद तक बढ़ गई कि महंत ने लेखपाल पर एक लाख रूपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। जिस पर हल्का लेखपाल भी भड़क उठे। विवाद बढ़ता देख राजस्व टीम आंशिक कब्जा हटाकर वापस लौट आईं। इस दौरान कोतवाल प्रदीप कुमार, निरीक्षक जयप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक रमेश चंद्र समेत भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## सात वर्षीय बालक समीर रजा ने भी रखा रोजा नमाज पढ़कर मांगी दुआएं

मसवासीः रमजान के मुकद्दस महीने में बच्चों में रोजा रखने का हौसला बढ़ता जा रहा है छोटे-छोटे बच्चे रोजे के साथ-साथ नमाज को भी अदा कर रहे हैं जिससे परिवार में एक अलग खुशी का माहौल है।बच्चे एक दूसरे को रोजा रखने के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। क्षेत्र के बिजारखाता में तौफीक अहमद के 7 वर्षीय पुत्र समीर रजा ने शनिवार को रोजा रखा और नमाज की अदायगी भी समय पर की समीर के रोजा रखने पर आसपास के कई बालकों ने भी रोजा रखा और नमाज की याद आएगी की समीर के पिता तौफीक अहमद ने बताया कि उनका पुत्र समीर रजा रोजा रखने की जिद पर अड़ा था। मना करने पर वह रोने लगा और रोजा रखने के लिए मां-बाप पर दबाव बनाने लगा जिससे मजबूरन उसे सहरी खिलाकर रोजा रखने के लिए तैयार करना पड़ा। समीर के पिता के अनुसार उसने फज्र जौहर असर मगरिब की नमाज अदा की। प्यास की शिद्दत के बावजूद वह हिम्मत नहीं हारा और उसने रोजे की पूरी अदाएंगी की। शाम को पूरी शान और शौकत के साथ उसे इफ्तारी कराई।

## मानसिक रूप से कमजोर बालक घर से लापता

मसवासीः चौकी क्षेत्र के गांव मिलक खोद से मानसिक रूप से कमजोर एक बालक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। परिजनों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी है पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। शनिवार को मिलकखोद निवासी राजू का 14 वर्षीय पुत्र विवेक जो मानसिक रूप से कमजोर है शुक्रवार की सुबह से ही रहस्यमय ढंग से लापता है लापता बालक के पिता राजू ने पुलिस को बताया कि आसपास के गांव और रिश्तेदारी में तलाशा गया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है पूर्व में भी बिना बताए घर से जा चुका है। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

## लोहे के तारों से बिजली की लाइनों में हो रहे फॉल्ट

फॉल्ट होने से शहरवासियों को नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। पतंगबाजी का शौक लोगों के साथ बिजली विभाग को भारी पड़ रहा है। पतंगबाजी करने वाले लोग लोहे के तार बांधकर पतंगें उड़ा रहे हैं। जिससे शहर के अधिकांश मोहल्लों की बिजली आपूर्ति बेपटरी होती जा रही हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को आपूर्ति नामात्र को ही मिल रही हैं।

पहाड़ी गेट, शाहबाद गेट, रजा बिजलीघर और डूंगरपुर क्षेत्र का बहुत बुरा हाल है। यहां के लोग पतंग लोहे का तार बांधकर पतंग उड़ा रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार लोहे का तार बांधकर पतंगबाजी करने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजलीघर के यार्ड में लोहे के तार गिर रहे हैं, जिससे आपूर्ति उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रही हैं। पहाड़ी गेट के अवर अभियंता राम सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को जागरूक किया गया है। लोहे का तार बांधकर पतंगबाजी न करें। इससे विभाग के साथ-साथ विभाग को खामियाजा उठाना पड़ रहा हैं। जेई ने बताया कि पतंगबाजी करने वालों की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी। अगर कोई भी लाहे का तार बांधकर पतंग उड़ाता हुआ मिला तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसलिए सभी से अपील है कि चीनी मांझा और लोहे का तार बांधकर पतंग न उड़ाए।

## हाईकोर्ट बेंच को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुरः उत्तर प्रदेश में इलाहबाद हाईकोर्ट प्रयागराज में हैं। जिसकी एक बैंच राजधानी लखनऊ में हैं। इसको आसपास के 15 जिलों का क्षेत्राधिकार दिया गया है। लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी 22 जिलों का क्षेत्राधिकार इलाहाबाद हाईकोर्ट को दिया गया है। शनिवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी के नेतृत्व में तमाम में अधिवक्ता एकत्रित हुए। जहां उन्होंने बेंच स्थापना को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।इसके बाद अधिवक्ताओं ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है। जिसमें उनका कहना है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए भारत सरकार को निर्देशित किया जाए। सभी अधिवक्ताओं को सुगमता से शस्त्र लाइसेंस आत्मरक्षा के लिए दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में महासचिव मोहम्मद उसमान खां, सर्वजीत सिंह, संजीव यादव, अब्दुल खालिक, मोहम्मद अकरम, जसविन्दर सिंह, मुरताज अली, सोहन लाल, चेतराम सिंह सैनी, विक्की राज आदि मौजूद रहे।

## रठौंडा मेले में राम धनुष यज्ञ का हुआ मंचन

जागरण मोर्चा कार्यालय

मिलकः क्षेत्र के प्रसिद्ध रठौंडा मेला में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत शुक्रवार की देर रात राम धनुष यज्ञ,सीता स्वयंवर का भव्य मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से जनकपुरी दरबार और भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग किए जाने के प्रसंग को सजीव कर दिया। कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के गांवों व कस्बों से भारी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक पहुंचे। पूरा मेला परिसर देर रात तक जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजता रहा।

मंचन के दौरान राजा जनक के दरबार का आकर्षक दृश्य, देश-विदेश से आए राजाओं का परिचय, और भगवान राम द्वारा गुरुदेव विश्वामित्र की आज्ञा से शिव धनुष उठाने का दृश्य दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जैसे ही भगवान राम ने धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास किया और धनुष भंग हुआ, पूरे पंडाल में तालियों और जयघोष की गूंज फैल गई। कलाकारों के संवाद, परिधान और मंच सज्जा ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बना दिया।आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि रठौंडा मेला में प्रतिवर्ष रामलीला और अन्य धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिससे क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं को बढ़ावा मिलता है। सुरक्षा व्यवस्था और प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे देर रात तक दर्शक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे।स्थानीय ने लोगों ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस दौरान क्षेत्र व गांव के सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मिलक में आज 9 घंटे बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

मिलकःविद्युत वितरण उपखंड मिलक के अंतर्गत आने वाले 33 केवी विद्युत उपकेंद्र पर पावर परिवर्तक ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य कराया जाएगा। उपखंड अधिकारी कृष्ण मोहन ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि आज रविवार को उपकेंद्र पर स्थापित 5 एमवीए क्षमता के पावर परिवर्तक को बढ़ाकर 10 एमवीए किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में भविष्य में बढ़ते विद्युत भार को सुचारु रूप से वहन किया जा सके और उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति मिल सके। इस लिए आज सुबह 10ः बजे से सायं 7 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मिलक से जुड़े सभी फीडरों की सप्लाई पूर्ण रूप से बंद रहेगी। इसके चलते नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग नौ घंटे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह उक्त समयावधि में होने वाली असुविधा के लिए विभाग ने खेद व्यक्त किया है और सहयोग की अपेक्षा की है।

## मौलाना जलालुद्दीन नेक व काबिल इंसान थेः सांसद

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। केमरी जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना जलालुद्दीन के इंतकाल की खबर सुनते ही सांसद मोहिबुल्लाह नदवी सफदरजंग हॉस्पिटल पहुंचे। मौलाना का इंतकाल हो जाने पर सांसद नदवी ने गहरा दुख प्रकट किया।

मौलाना जलालुद्दीन साहब केमरी की जामा मस्जिद में शाही इमाम थे। रामपुर में मदरसा शाह बगदादी में बच्चों को दीनी तालीम दिया करते थे। अभी कुछ रोज पहले सड़क हादसे में मौलाना जलालुद्दीन घायल हो गए थे। मौलाना जलालुद्दीन का इलाज दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल में चल रहा था। मौलाना जलालुद्दीन का शनिवार को इंतकाल दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल में हो गया। इंतकाल की खबर सुनते ही रामपुर के समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल पहुंचे। मौलाना जलालुद्दीन का आखिरी दीदार किया। मरहूम की मगफिरत की दुआ की सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने मौलाना जलालुद्दीन के इंतकाल पर गहरा दुःख जताया। कहा कि मौलाना जलालुद्दीन बहुत ही नेक व काबिल इंसान थे। उन्होंने अपनी मेहनत के बल पर अच्छे मुकाम हासिल किए थे। इंतकाल से पूरा केमरी कस्बा व रामपुर जिला गमगीन है। इनकी कमी हम सबको खलेगी। यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब पाशा ने दी।

## बिना यूनिफार्म के चिकित्सक के मिलने पर होगी कार्रवाई

सीएमएस ने सभी चिकित्सकों से कहा कि यूनिफॉर्म पहनकर आए

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने सभी चिकित्सक, कर्मचारियों से कहा कि वह यूनिफार्म पहनकर अस्पताल परिसर आए। उन्होंने सभी को चेतावनी दी कि बिना यूनिफार्म के मिलने पर अवश्य कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को जिला अस्पताल का सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने सभी वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ड्रेस कोड के पालन नहीं करने पर कर्मचारी अनुपस्थित माने जाएंगे। बल्कि एक दिन का वेतन भी काटा जा सकता है। उन्होंने देखा कि कर्मचारी बिना यूनिफार्म के दवा वितरण कर रहे थे। इस पर सीएमएस ने एक कर्मचारी की अनुपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए। सीएमएस ने बताया कि जिला अस्पताल में स्टाफ नर्स से लेकर सफाई कर्मचारी यूनिफार्म और आईडी के साथ ड्यूटी पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने ड्रेस कोड का पालन नहीं करने पर संबंधित कर्मचारी को उस दिन अनुपस्थित मानते हुए वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए वह खुद ही जिम्मेदार होंगे। रात्रि 8 बजे जिला अस्पताल में बने वार्ड का राउंड किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ड्यूटी पर बिना यूनिफार्म के मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही समय से आकर ड्यूटी करें।

# सुपर आठः दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तिलक और सूर्यकुमार को संभालना होगा मोर्चा

एजेंसी




अहमदाबाद। ग्रुप चरण में अपने चारों मैच जीतकर खिताब बचाने की अपनी दावेदारी को मजबूत करने वाली भारतीय टीम को टी20 विश्व कप के सुपर आठ में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की बड़े शॉट खेलने के बजाय स्थिर बल्लेबाजी करने की बदली हुई रणनीति की परीक्षा होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम के पास कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन, केशव महाराज और एडन माक्रम के रूप में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है जो मौजूदा चैंपियन भारत की कड़ी परीक्षा लेने के लिए तैयार है। दोनों टीमें पिछले दो महीनों में छठी बार एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी और यह देखना बाकी है कि रविवार को कौन सी टीम परिस्थितियों का बेहतर फायदा उठाएगी। भारतीय टीम को ग्रुप चरण में खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन वह इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि उसकी बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन (दो अर्धशतक और 202 का स्ट्राइक रेट) को छोड़कर शीर्ष चार में शामिल अन्य तीन बल्लेबाजों ने अभी तक कोई खास कमाल नहीं दिखाया है। अभिषेक शर्मा लगातार तीन मैच में शून्य पर आउट हो चुके हैं और उन्हें टूर्नामेंट में अपने पहले रन का इंतजार है। सूर्यकुमार और तिलक ने हालांकि सूत्रधार की भूमिका निभाई है लेकिन इन दोनों ने ऐसी पिचों पर सहज प्रदर्शन नहीं किया है जहां गेंद रुककर आ रही हो। भारत रन बनाने के लिए हार्दिक पंड्या (स्ट्राइक रेट 155) और शिवम दुबे (स्ट्राइक रेट 178) पर भी काफी हद तक निर्भर रहा है। टीम को इन दोनों ऑलराउंडर से फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अभिषेक के लगातार दो बार ऑफ स्पिनरों के हाथों आउट हुए हैं और इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्क्रम पावरप्ले में ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करने का फैसला करते हैं या नहीं। भारतीय टीम के लिए भले ही अभिषेक की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन पहले चरण में तिलक की लचर बल्लेबाजी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 24 गेंदों में 25 रन, नामीबिया के खिलाफ 21 गेंदों में 25 रन और नीदरलैंड के खिलाफ 27 गेंदों में 31 रन बनाए। इस तरह से वह अभी तक अधिकतर मैच में रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। टूर्नामेंट में उनका स्ट्राइक रेट 120 से थोड़ा ऊपर है जो उनके करियर के स्ट्राइक रेट 141 से काफी कम है। सूर्यकुमार ने अमेरिका के खिलाफ 49 गेंद पर नाबाद 84 रन की मैच विजेता पारी खेलने के बाद कोई खास कमाल नहीं दिखाया है। वह पाकिस्तान या नीदरलैंड के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी में बहुत अधिक सहज नहीं दिखाई दिए।

## श्रीलंका के खिलाफ पिछली श्रृंखला के प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा इंग्लैंड

एजेंसी






पाल्लेकल (श्रीलंका)। अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली इंग्लैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट से पहले श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने इसी महीने की शुरुआत में श्रीलंका को टी20 श्रृंखला में 3-0 से हराया था और वह सुपर आठ के मैच में अपने इस प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड का टी20 विश्व कप में प्रदर्शन अभी तक प्रभावशाली नहीं रहा है। उसे एसोसिएट देशों के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था जबकि पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज से उसे हार मिली थी। सह-मेजबान श्रीलंका ने आयरलैंड और ओमान पर जीत के साथ शुरुआत की। उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उसे आठ विकेट से हराया। लेकिन गुरुवार को कोलंबो में अपने आखिरी ग्रुप मैच में जिम्बाब्वे से हारने के बाद श्रीलंकाई टीम की लय बिगड़ गई। दोनों टीमों के लिए यह एक नई शुरुआत होगी, जिसमें श्रीलंका घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। दूसरी तरफ इंग्लैंड उस स्थान पर अपनी लय वापस हासिल करने की कोशिश करेगा जहां उसने कुछ दिन पहले अच्छा प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड ने लीग चरण के अपने सभी मैच भारत में खेले हैं और श्रीलंका लौटकर खुश होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद शतक जड़ने वाले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। वह इस टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले तीन खिलाड़ियों में से एक हैं और अब तक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। कुसल मेंडिस भी अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने चार मैचों में तीन अर्धशतक लगाए हैं। इंग्लैंड के गेंदबाज श्रीलंका के जिन प्रमुख बल्लेबाजों को निशाना बनाना चाहेंगे, उनमें वह भी शामिल होंगे। जहां तक इंग्लैंड की बात है तो उसके बल्लेबाज अभी तक रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उसकी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जैकब बेथेल ने किया है जिन्होंने अभी तक 143 रन बनाए हैं।

## संन्यास लेने के नौ साल बाद पेशेवर मुक्केबाजी में वापसी करेंगे अजेय फ्लॉयड मेवेदर




एजेंसी

लॉस एंजिल्स। दिग्गज मुक्केबाज फ्लॉयड मेवेदर ने कहा है कि वह नौ साल के अपने संन्यास को समाप्त करके इस साल गर्मियों में प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजी में वापसी करेंगे। मंगलवार को 49 वर्ष के होने वाले मेवेदर ने 2017 के बाद से कोई पेशेवर मुक्केबाजी मुकाबला नहीं लड़ा है। तब उन्होंने कॉनर मैकग्रेगर को हराया था। इस मुकाबले के बाद मेवेदर (50-0, 27 नॉकआउट) ने अपने करियर में तीसरी बार संन्यास की घोषणा की थी। पांच बार के पूर्व विश्व चैंपियन मेवेदर का रिंग में कोई सानी नहीं है। उन्होंने अब तक हर पेशेवर मुकाबला जीता है। संन्यास लेने के बाद भी वह प्रदर्शनी मुकाबलों में हिस्सा लेते रहे हैं। मेवेदर ने पहले ही इस साल 59 वर्षीय माइक टायसन के खिलाफ एक प्रदर्शनी मुकाबले की घोषणा कर दी थी। इसके लिए हालांकि अभी तक स्थान या टेलीविजन पार्टनर की पुष्टि नहीं की गई है।

## ट्रंप शुल्क के रूप में वसूले गए 133 अरब डॉलर के रिफंड को लेकर अस्पष्टता कायम

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए व्यापक शुल्कों को उच्चतम न्यायालय की तरफ से अवैध करार दिए जाने के बाद इन सीमा शुल्कों के रूप में संग्रहीत 133 अरब डॉलर की राशि को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं हो पाई है। कंपनियां इस शुल्क राशि का रिफंड पाने के लिए कतार में लग गई हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि इसकी राह जटिल और लंबी हो सकती है। व्यापार कानून विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी आयातक सीमा शुल्क के रूप में चुकाई गई राशि को आखिरकार वापस पा सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें लंबी कानूनी प्रक्रिया के दौर से गुजरना पड़ सकता है। विंसन एंड एल्किन्स लॉ फर्म में साझेदार और व्यापार वकील जॉयस अडेतुतू ने कहा, 'कुछ समय के लिए यह एक ऊबड़-खाबड़ रास्ते से भरा सफर होने वाला है। क्लार्क हिल फर्म के अधिवक्ताओं का कहना है कि अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंसी और सीमा सुरक्षा एजेंसी, न्यूयॉर्क के अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेष न्यायालय और अन्य निचली अदालतों की प्रक्रिया के कारण रिफंड मिलने में समय लग सकता है। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने शुक्रवार को 6-3 के बहुमत से दिए गए फैसले में कहा कि ट्रंप का आपातकालीन शक्तियों के कानून (आईईपीए, 1977) के जरिए दूसरे देशों पर आयात शुल्क लगाने का कदम वैध नहीं था। इस कानून के तहत राष्ट्रपति के पास आयात पर कर लगाने का अधिकार नहीं था। अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंसी ने दिसंबर तक आईईपीए के तहत जारी शुल्क आदेशों के तहत कुल 133 अरब डॉलर वसूल किए हैं।

# केंद्र ने व्यापार सूचकांक के आधार वर्ष को वित्त वर्ष 2022-23 में अपडेट किया

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने भारत के व्यापार सूचकांकों के आधार वर्ष में बदलाव कर इसे वित्त वर्ष 2012-13 से बदल कर वित्त वर्ष 2022-23 कर दिया है। यह कदम देश की बदलती व्यापार संरचना और वैश्विक रुझानों को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय ने भारत के व्यापार सूचकांकों के आधार वर्ष में बदलाव की घोषणा कर इसे 2012-13 से बदल कर 2022-23 कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि अर्थव्यवस्था में आए ढांचागत बदलावों, व्यापार के बदलते तौर-तरीकों और मौजूदा आर्थिक संकेतकों के साथ बेहतर तालमेल बिठाने के लिए यह कदम उठाया गया है। मंत्रालय ने बताया कि इस बदलाव से व्यापारिक आंकड़ों की प्रासंगिकता और विश्वसनीयता बढ़ेगी, जो नीति निर्माताओं और शोधकर्ताओं के लिए अब अधिक उपयोगी साबित होंगे। ये सूचकांक मंत्रालय के अधीन आने वाले वाणिज्यिक खुफिया एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई-एंड-एस) द्वारा तैयार एवं प्रकाशित किए जाते हैं। ये सूचकांक देश के बाहरी व्यापार क्षेत्र में कीमतों के उतार-चढ़ाव को समझने, राष्ट्रीय खातों के संकलन और व्यापार की शर्तों के आकलन के लिए महत्वपूर्ण संकेतक माने जाते हैं। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार सूचकांकों का संकलन और प्रकाशन करने वाले डीजीसीआई-एंड-एस ने कहा कि व्यापार सूचकांकों का आधार वर्ष में यह संशोधन अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलावों, वस्तुओं की बदलती संरचना और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में परिवर्तनों के अनुरूप आंकड़ों को समायोजित करता है। अद्यतन श्रृंखला में 2022-23 को नया आधार वर्ष माना गया है, जो (2022-23 = 100)। ये कदम व्यापार के बदलते तौर-तरीकों और मौजूदा आर्थिक संकेतकों के साथ और बेहतर तालमेल बिठाने के लिए उठाया गया है।

### हमने अपने ग्रुप की कुछ टीमों को कम करके आंकाः ब्रूक

पाल्लेकल (श्रीलंका)। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने शनिवार को स्वीकार किया कि उन्होंने अपने ग्रुप की कुछ टीमों को कम करके आंका और कहा कि उनकी टीम अब टी20 विश्व कप के सुपर आठ में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# उन्होंने सरासर झूठ बोलाः बांग्लादेश के सहायक कोच ने पूर्व खेल सलाहकार नजरुल को लताड़ा

एजेंसी






ढाका। बांग्लादेश के सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने पूर्व खेल सलाहकार आसिफ नजरुल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया और मौजूदा टी20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी के संबंध में अपना रुख बदल दिया।

सलाहुद्दीन ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के फैसले को स्वीकार करना बेहद मुश्किल था। उन्होंने दावा किया कि टीम के दो सदस्य मानसिक रूप से बुरी तरह टूट गए थे। नजरुल ने शुरू में यह दावा किया था कि सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत की यात्रा न करने का फैसला सरकार ने लिया था। लेकिन अपने पद से इस्तीफा देने के बाद वह इससे मुकर गए और उन्होंने कहा था कि यह फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों ने लिया था। सलाहुद्दीन ने पत्रकारों से कहा, ''उन्होंने सरासर झूठ बोला। मैं भी एक शिक्षक हूं और शिक्षक आम तौर पर कम झूठ बोलते हैं। वह इस तरह खुलेआम झूठ बोलेंगे। मैं सचमुच इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता। मैं खिलाड़ियों को अपना चेहरा कैसे दिखाऊंगा। उन्होंने तो एकदम यू-टर्न ले लिया। सलाहुद्दीन ने कहा कि फैसला लेने में खिलाड़ियों की कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा, ''वह ढाका विश्वविद्यालय में शिक्षक हैं। मेरे देश के सर्वोच्च शिक्षण संस्थान का कोई व्यक्ति इस तरह का झूठ बोल रहा है। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। हम इसे कैसे स्वीकार कर सकते हैं। उन्होंने पहले कुछ कहा और बाद में अपने बयान से पलट गए। बांग्लादेश ने अपने मैच खेलने के लिए भारत आने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में उसकी जगह शामिल किया गया था। सलाहुद्दीन ने कहा कि टी20 विश्व कप से बाहर किए जाने के बाद खिलाड़ी बेहद निराश थे। उन्होंने कहा, '' विश्व कप में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है और उनका सपना एक पल में चकनाचूर हो गया। मैं जानता हूं कि हमारे दो खिलाड़ी पांच दिन तक सदमे में रहे। वे पूरी तरह से टूट चुके थे।

# शुद्ध बाजार उधारी वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के तीन प्रतिशत तक आएगीः आरबीआई बुलेटिन




एजेंसी

मुंबई। सरकार की शुद्ध बाजार उधारी में गिरावट से निजी क्षेत्र के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध होने की संभावना है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के जारी मासिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। आरबीआई बुलेटिन के मुताबिक, केंद्र सरकार की शुद्ध बाजार उधारी वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के तीन प्रतिशत तक घटाने का प्रस्ताव है, जो महामारी-पूर्व स्तर की ओर धीरे-धीरे वापसी का संकेत है। इस साल के लिए 17.3 लाख करोड़ रुपये की सकल बाजार उधारी का प्रस्ताव कई लोगों की अपेक्षाओं से अधिक माना गया है। इससे निजी क्षेत्र के लिए उपलब्ध संसाधनों और बजट दिवस पर बाजार में गिरावट को लेकर चिंता हुई। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध बाजार उधारी महामारी से पहले वित्त वर्ष 2019-20 में 4.73 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 2.4 प्रतिशत) थी। यह वित्त वर्ष 2020-21 में बढ़कर 10.33 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 5.2 प्रतिशत) हो गई थी और इसके बाद के वर्षों में महामारी पूर्व स्तर से अधिक रही, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी का 4.1 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में 3.9 प्रतिशत थी। बुलेटिन के मुताबिक, ल्केंद्र सरकार की शुद्ध बाजार उधारी की जीडीपी के अनुपात में क्रमिक गिरावट महामारी-पूर्व स्तर की ओर निजी क्षेत्र के लिए संसाधनों की उपलब्धता को बढ़ाने में मदद करेगी। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बजट में सकल बाजार उधारी 17.2 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 4.4 प्रतिशत) और शुद्ध बाजार उधारी 11.7 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का तीन प्रतिशत) रहने का लक्ष्य है। वित्त वर्ष 2024-25 में शुद्ध बाजार उधारी 11.63 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 3.5 प्रतिशत) और वित्त-वर्ष 2025-26 में 11.32 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 3.2 प्रतिशत) थी। बुलेटिन के मुताबिक, शुद्ध बाजार उधारी में कमी आने से घरेलू वित्तीय बाजार पर दबाव कम होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप के कार्यक्रम में भाग लेने वाले इन्फेंटिनो की राजनीतिक तटस्थता की जांच करेगा आईओसी

मिलान। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने कहा कि विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के प्रमुख जियानी इन्फेंटिनो के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस' कार्यक्रम में भाग लेने के कारण उनकी राजनीतिक तटस्थता की जांच की जाएगी। इन्फेंटिनो और कोवेंट्री आईओसी के उन 107 सदस्यों में शामिल हैं, जो 'राजनीतिक हितों से हटकर स्वतंत्र रूप से कार्य करने' की शपथ से बंधे हुए हैं। ट्रंप ने गुरुवार को वाशिंगटन डीसी में इस कार्यक्रम की मेजबानी की, जहां इन्फेंटिनो ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ की तरफ से समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत गाजा में फीफा की धनराशि से 75 मिलियन डॉलर का निवेश किया जा सकता है। इस साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप से पहले इन्फेंटिनो ने फीफा को अमेरिकी सरकार के साथ करीब से जोड़ने की कोशिश की है। उन्होंने पिछले साल ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था और इसके बाद भी वह कई बार ट्रंप से मिल चुके हैं। कोवेंट्री ने शुक्रवार को मिलान कोर्टिना शीतकालीन खेलों में अपनी अंतिम प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''ओलंपिक चार्टर अपने सदस्यों से क्या अपेक्षा करता है इस बारे में हमारी नीति बहुत स्पष्ट है। मुझे लगता है कि हम दस्तावेजों पर कथित हस्ताक्षर की जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि इन्फेंटिनो ने इस बैठक में मुख्य भूमिका निभाई थी। कोवेंट्री ने कहा, ''अब जब आप लोगों ने हमें इसके बारे में बता दिया है तो हम इसकी जांच करेंगे।

### वीनस विलियम्स को इंडियन वेल्स में एकल और युगल के लिए वाइल्ड कार्ड

इंडियन वेल्स (अमेरिका)। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को अगले महीने दक्षिणी कैलिफोर्निया में होने वाले बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल और युगल ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। यह 45 वर्षीय खिलाड़ी 2024 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। उस समय भी उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था लेकिन वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। वीनस तीन बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। उन्होंने 2001 की एक विवादित घटना के बाद 2002 से लेकर 2016 तक इस प्रतियोगिता का बहिष्कार किया था। टूर्नामेंट के निदेशक टॉमी हास ने शुक्रवार को कहा, ''इस वर्ष की प्रतियोगिता के लिए पहला वाइल्ड कार्ड वीनस विलियम्स को प्रदान करना हमारे लिए सम्मान की बात है। वीनस इस खेल की दिग्गज खिलाड़ी हैं और हमारे खेल के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन चार से 15 मार्च तक किया जाएगा। वीनस ने कहा, ''मैं इंडियन वेल्स में वापसी करने को लेकर बेहद उत्साहित और कैलिफोर्निया में खेलने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। वीनस ने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था लेकिन एकल और युगल दोनों में पहले दौर में बाहर हो गई थी।

### नवी मुंबई हवाई अड्डे ने डिजियात्रा सुविधा शुरू की

मुंबई। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) ने वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने के लगभग दो महीने बाद 'डिजियात्रा' सेवा शुरू करने की घोषणा की है। निजी हवाईअड्डा संचालक ने एक बयान में शुक्रवार को कहा कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा देश के पांच अन्य हवाईअड्डों के साथ नागर विमानन मंत्रालय के राष्ट्रव्यापी डिजी यात्रा कार्यक्रम में डिजिटल रूप से शामिल हो गया है। बयान में कहा गया कि उद्घाटन समारोह ऑनलाइन किया गया और इस मौके पर तीन यात्रियों ने प्रतीकात्मक रूप से डिजियात्रा ई-गेट का इस्तेमाल किया और बायोमेट्रिक प्रवेश बिंदुओं पर रिबन काटा। एनएमआईए ने कहा कि डिजी यात्रा हवाईअड्डे पर यात्रियों की प्रवेश प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए चेहरे की पहचान प्रौद्योगिकी का उपयोग करती है। इससे प्रतीक्षा का समय कम होता है और डेटा की गोपनीयता और सुरक्षा भी बनी रहती है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आईजीआईएमएस में बन रहे 1200 बिस्तरों वाले नए अस्पताल भवन का किया निरीक्षण

एजेंसी



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को अधिकारियों को इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस), शेखपुरा, पटना में 1200 शैय्या के नये अस्पताल भवन सह आवसीय भवन के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया है।

श्री कुमार ने आज आईजीआईएमएस), शेखपुरा, पटना में 1200 शैय्या के नये अस्पताल भवन सह आवसीय भवन के निर्माण कार्य का जायजा लिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री कुमार को बताया कि इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द पूर्ण हो जायेगा। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इसका निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि इस अत्याधुनिक मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण होने से मरीजों को इलाज में और सहूलियत होगी। साथ ही बिहार की स्वास्थ्य सेवायें बेहतर और उन्नत होंगी। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि 24 नवंबर 2005 को राज्य में जब से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनी तब से समाज के सभी वर्ग के लोगों के उत्थान एवं हर क्षेत्र के विकास के लिये काम किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किये गये हैं। उन्होंने बताया कि पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज के लिए प्रतिमाह मात्र 39 मरीज ही आते थे यानी प्रतिदिन एक या दो मरीज आते थे। वर्ष 2006 से अस्पतालों में मुफ्त दवा और इलाज की पूरी व्यवस्था की गयी है। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हर महीने औसतन 11 हजार 600 मरीज आते हैं। बिहार में पहले मात्र 06 मेडिकल कॉलेज थे जिनकी संख्या अब 12 हो गयी है। पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को 5400 बेड तथा अन्य पांच पुराने मेडिकल कॉलेज को 2500 बेड का किया जा रहा है। साथ ही आईजीआईएमएसको 3000 बेड का बनाया जा रहा है। श्री कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था काफी सुदृढ़ हुयी है जिससे बिहार के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध हो रही हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, डॉ.चन्द्रशेखर सिंह, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव हिमांशु शर्मा, बिहार मेडिकल सर्विसेज एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अमित कुमार पाण्डेय, आईजीआईएमएस के निदेशक प्रो. (डॉ.) बिन्दे कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम नीतीश ने डीबीटी के माध्यम से बाढ़ प्रभावित किसानों के खातों में 113 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए

एजेंसी



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कृषि इनपुट अनुदान योजना के अंतर्गत, वर्ष 2025 में हुई अतिवृष्टि से उत्पन्न बाढ़ एवं मोन्था तूफान के कारण हुई फसल क्षति के लिए 02 लाख से अधिक प्रभावित किसानों को 100 करोड़ रूपये से अधिक की राशि का डीबीटी के माध्यम से रिमोट दबाकर अंतरण किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान इस राशि का उपयोग आगामी फसलों के लिए कर सकेंगे। कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत सभी बाढ़ प्रभावित किसानों को अनुदान राशि दी जा रही है। राज्य सरकार सभी बाढ़ पीड़ित किसानों को सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। हमलोग किसानों की तरक्की के लिए लगातार काम कर रहे हैं। हमारा मानना है कि राज्य के खजाने पर बाढ़ पीड़ितों का पहला अधिकार है। वर्ष 2025 में भारी वर्षा से उत्पन्न बाढ़ एवं मोथा तूफान से राज्य के 13 जिलों यथा बेगूसराय, भोजपुर, दरभंगा, गयाजी, कैमूर, किशनगंज, मधेपुरा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी एवं सुपौल में काफी फसल क्षति हुयी थी। इन जिलों के 53 प्रखंड और 493 पंचायत के किसान प्रभावित हुये थे। जिसके लिए कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत प्रभावित किसानों को फसल क्षतिपूर्ति अनुदान दिया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा सभी प्रभावित जिलों के किसानों से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किया गया तथा जिलों द्वारा इसका सत्यापन किया गया। आज 2 लाख 2 हजार किसानों को 113 करोड़ 16 लाख रूपये सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित किया जा रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली में तीन जगह आग, मदनपुर खादर में सिलेंडर ब्लास्ट से एक परिवार के 3 लोग झुलसे

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में शुक्रवार देर रात और शनिवार तड़के आग की तीन अलग-अलग घटनाओं से हड़कंप मच गया। पहली घटना दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के मदनपुर खादर इलाके की है, जहां शनिवार सुबह करीब 4:46 बजे एक मकान के ग्राउंड फ्लोर पर सिलेंडर ब्लास्ट के बाद भीषण आग लग गई। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों की पहचान जगदीश (60), उनकी पत्नी लक्ष्मी (52) और बेटे जतिन (22) के रूप में हुई है। तीनों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार सभी की हालत गंभीर बनी हुई है। दमकल विभाग के मुताबिक सुबह 4:46 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही तीन दमकल गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज धमाके की आवाज के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में गैस सिलेंडर फटने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। दूसरी घटना मध्य दिल्ली के दयाबस्ती इलाके के पास शुक्रवार रात करीब 11 बजे सामने आई। यहां एक फैक्टरी में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग ने एक-एक कर 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा। जांच में पता चला कि फैक्टरी में कुर्सियां बनाने का काम होता था। आग तेजी से फैल गई, जिससे आसपास के इलाकों में धुआं भर गया। दमकल अधिकारियों के अनुसार काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। खबर लिखे जाने तक कूलिंग का काम जारी था और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## महाराजगंज में मैट्रिक परीक्षा के दौरान पांच छात्राएं बेहोश प्राथमिक उपचार के बाद लौटाया गया केंद्र

**सीवान।** जिले के महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय में मैट्रिक परीक्षा के पांचवें दिन विज्ञान विषय की प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान दो अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर पांच छात्राएं अचानक बेहोश हो गईं। घटना के बाद परीक्षा केंद्रों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।जानकारी के अनुसार, सेंट जोसेफ स्कूल तथा उमाशंकर प्रसाद उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा चल रही थी, तभी कुल पांच छात्राएं अचानक बेहोश हो गईं। उमाशंकर प्रसाद उच्च विद्यालय केंद्र के केंद्राधीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह और सेंट जोसेफ स्कूल के केंद्राधीक्षक ने तत्काल इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी।सूचना मिलते ही अधिकारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर तुरंत एंबुलेंस भेजने का निर्देश दिया। एंबुलेंस के माध्यम से सभी छात्राओं को पीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया।सेंट जोसेफ स्कूल केंद्र की परीक्षार्थी किरण कुमारी, तबस्सुम, ज्योति तथा उमाशंकर प्रसाद उच्च विद्यालय केंद्र की आंचल कुमारी और खुशबू कुमारी ने बताया कि परीक्षा के दौरान उन्हें अचानक डर और घबराहट महसूस होने लगी, जिसके बाद वे बेहोश हो गईं।घटना की सूचना मिलते ही महाराजगंज की एसडीओ अनीता सिन्हा, बीडीओ बिंदु कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार तथा थाना अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी पीएचसी पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

## उत्तराखंड में साफ और शुष्क रहेगा मौसम, कोई चेतावनी नहीं

**देहरादून।** उत्तराखंड में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के सभी जनपदों में दिनभर मौसम साफ और शुष्क बना रहेगा। फिलहाल किसी भी जनपद के लिए कोई मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है। शनिवार को मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में वर्षा या बर्फबारी की संभावना नहीं है और सामान्य परिस्थितियां बनी रहेंगी। शुष्क मौसम के चलते तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। राजधानी देहरादून में आसमान मुख्यत: साफ रहने का अनुमान है। यहां अधिकतम तापमान लगभग 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

## सैलजा ने यादव के जवाब पर गंभीर चिंता जतायी

**चंडीगढ़।** कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने घग्गर नदी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा भेजे गए आधिकारिक जवाब पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि जब सरकार स्वयं स्वीकार कर रही है कि हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ से विभिन्न नालों के माध्यम से अपशिष्ट जल घग्गर में छोड़ा जा रहा है, तो केवल कागजी योजनाएं पर्याप्त नहीं हैं। सुश्री सैलजा ने केंद्र और राज्य सरकारों से समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि वर्षों से सफाई के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है।

## बीएसएफ के 458 पुरुष रंगरूट हुए पासआउट

**होशियारपुर।** पंजाब में होशियारपुर से लगभग 15 किलोमीटर दूर खारकान शिविर स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सहायक प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) में शनिवार को आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 458 पुरुष रंगरूट कांस्टेबलों को बल में शामिल किया गया । एसटीसी के शहीद सतपाल चौधरी परेड ग्राउंड में बैच संख्या 277 और 278 की परेड और प्रमाणन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें एसडीजी मुख्यालय बीएसएफ (पश्चिमी कमान), चंडीगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक सतीश एस खंडारे मुख्य अतिथि थे और उन्होंने परेड में सलामी ली।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय के बाहर किया विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन भारत मंडपम में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन के दौरान युवा कांग्रेस के द्वारा किए गए विरोध के खिलाफ किया जा रहा है। भाजपा नेताओं, सांसदो और कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम के दौरान विरोध प्रदर्शन कर युवा कांग्रेस ने देश की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि राहुल गांधी इतने निम्न स्तर पर उतर आए हैं कि प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते अब देश का विरोध करने लगे हैं। एआई शिखर सम्मेलन कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन था, जिसमें पूरी दुनिया भारत की एआई शक्ति को देख रही थी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे आयोजनों से भारत की तकनीकी और नवाचार क्षमता को वैश्विक मंच पर मजबूती मिलती है और इस तरह के विरोध प्रदर्शन से देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है।

# रेखा गुप्ता ने 'सीएम जनसुनवाई पोर्टल एवं मोबाइल ऐप' का किया शुभांरभ

**इंडियन युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एआई समिट में विरोध प्रदर्शन को मुख्यमंत्री ने बताया शर्मनाक**

एजेंसी



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली सचिवालय से 'सीएम जनसुनवाई पोर्टल एवं मोबाइल ऐप', 'ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल' को कॉमन सर्विस केंद्रों (सीएससी) से जोड़ने और नए ईडब्ल्यूएस/ डीजी/ सीडब्ल्यूएसएन पोर्टल' का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि पहली बार दिल्ली में हमने जनसुनवाई के माध्यम से सरकार के द्वार जनता के लिए खोले। अब जनसुनवाई को डिजिटल बनाकर इसे और अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट आशीष सूद, डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर दिल्लीवासी अपने मोबाइल या पोर्टल के माध्यम से पानी, बिजली, सड़क और सफाई जैसी समस्याओं की शिकायत सीधे दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आय, निवास, जाति, विवाह, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और राशन कार्ड सहित 75 सरकारी सेवाएं अब दिल्ली के 7,000 कॉमन सर्विस केंद्रों पर घर के पास ही मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/वंचित समूह (डीजी)/ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) पोर्टल' से निजी स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया और अधिक साफ, पारदर्शी और व्यवस्थित होगी, जिससे बच्चों को सही और निष्पक्ष अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ऐसी विकसित दिल्ली बनाने के लिए लगातार काम कर रही है, जहां तकनीक के माध्यम से हर नागरिक को बेहतर और आसान सेवाएं मिलें। मुख्यमंत्री ने इंडियन युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एआई समिट में विरोध प्रदर्शन को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि यह देशद्रोही मानसिकता है। उन्होंने कहा कि देश में इतना बड़ा कार्यक्रम हो रहा है और कांग्रेस देश को कभी आगे बढ़ते नहीं देख सकती है।

# सुभाष नगर मेट्रो रेड लाइट के पास हादसा, स्कूटी सवार युवक की मौत

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना सुभाष नगर मेट्रो रेड लाइट के पास, नजफगढ़ रोड पर राजौरी गार्डन की ओर जाने वाली लेन में हुई। पुलिस के अनुसार तड़के 3:26 बजे दुर्घटना और एक युवक के घायल होने की सूचना पीसीआर कॉल के माध्यम से तिलक नगर थाना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हालत में मिले। हादसे में घायल युवक की पहचान रघुबीर नगर निवासी हेम शंकर (25) के रूप में हुई। पुलिस युवक को तुरंत दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह ई-स्कूटी पर सवार था और एक निजी डिलीवरी कंपनी में कार्यरत था। पुलिस अधिकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पीछे से आ रही वर्ना कार ने ई-स्कूटी को टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# दिल्ली पुलिस सप्ताह के तहत महिला सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक, जागरूकता का दिया संदेश

एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस सप्ताह के अवसर पर महिला सुरक्षा को लेकर शनिवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। महिला एवं बाल विशेष पुलिस इकाई (एसपीयूडब्ल्यूएसी) ने वसंत कुंज, आरके पुरम (झुग्गी बस्ती क्षेत्र) और खान मार्केट में महिला सुरक्षा जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय और संवादों के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, कानूनी अधिकार, साइबर अपराध से बचाव, घरेलू हिंसा की रोकथाम और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 व 1091 पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला एवं बाल विशेष पुलिस इकाई की पुलिस उपायुक्त अंजीथा चेप्याला के अनुसार नुक्कड़ नाटक के जरिए यह संदेश दिया गया कि महिलाएं किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न को सहन न करें और तुरंत पुलिस या संबंधित एजेंसियों से संपर्क करें। कलाकारों ने वास्तविक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से साइबर ठगी, ऑनलाइन उत्पीड़न और घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों पर जागरूक किया। वहीं कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों, बाजार में मौजूद लोगों और विशेष रूप से महिलाओं व किशोरियों ने सक्रिय भागीदारी की।

# वादे के अनुसार नवगछिया को अविलंब सम्पूर्ण जिला का दर्ज़ा दे एनडीए सरकार : अरुण यादव

एजेंसी




भागलपुर। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने शनिवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि पुलिस जिला नवगछिया वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग रही है कि पुलिस जिला नवगछिया को पूर्ण प्रशासनिक जिला का द़र्जा मिले। उन्होंने कहा कि नीतीश-भाजपा की नई सरकार बने तीन माह पूरा हो गया है। भाजपा नेता सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार विधानसभा चुनाव में चुनावी जनसभा में घोषणा किया था कि पुनः एनडीए की सरकार बिहार में बनते ही नवगछिया को पूर्ण प्रशासनिक जिला का द़र्जा देंगे। साथ ही नवगछिया इलाके के लोगों को नौकरी-रोजगार देने के लिए उद्योग-धंधे स्थापित करेंगे। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है, लेकिन बिहार सरकार द्वारा नवगछिया को पूर्ण जिला का द़र्जा और नवगछिया इलाके के लोगों के लिए नवगछिया क्षेत्र अंतर्गत उद्योग-धंधे स्थापित करने को लेकर कोई चर्चा अभी तक नहीं की गई है। जोकि क्षेत्रवासियों के लिए चिंता का विषय है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस जिला नवगछिया को पूर्ण राजस्व जिला का द़र्जा प्राप्त हुए बिना पुलिस जिला नवगछिया क्षेत्र की जनता का समग्र विकास असंभव है। नवगछिया क्षेत्रफल, जनसंख्या और राजस्व के हिसाब से जिला बनने का सभी अहर्ता पूरा करता हैं। इसलिए नीतीश-भाजपा सरकार अपने वादे अनुसार अविलंब पुलिस जिला नवगछिया को संपूर्ण जिला का द़र्जा दें।

# भारत मंडपम् में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन दुर्भाग्णपूर्ण : रावत

एजेंसी



हरिद्वार। भारत मंडपम् में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट जैसे वैश्विक मंच पर कांग्रेस द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन को सांसद हरिद्वार एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं आश्चर्यजनक बताया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी ज्ञान,नवाचार और तकनीक की सदी है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विकास की दिशा निर्धारित कर रही है। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर नकारात्मक राजनीति करना देश की प्रगति की भावना के विपरीत है। श्री रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विजनरी सोच ने भारत को नई वैश्विक पहचान दिलाई है। उनका स्पष्ट संकल्प है कि एआई तकनीक के जरिए अंतिम व्यक्ति तक अवसर,पारदर्शिता और सशक्तिकरण पहुँचे। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और नवाचार आधारित शासन की पहल ने भारत को वैश्विक तकनीकी मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाया है। उन्होंने कहा कि जब विश्व भारत की क्षमता और नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है,तब ऐसे मंच पर विरोध प्रदर्शन यह दर्शाता है कि कुछ लोगों को परिवर्तन और प्रगति की यह गति स्वीकार नहीं है। लोकतंत्र में असहमति का अधिकार है,परंतु राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए। सांसद रावत ने कहा कि देश की जागरूक जनता सब जानती है,भविष्य विरोध से नहीं, विजन और संकल्प से बनता है। भारत तकनीक, नवाचार और सशक्त नेतृत्व के साथ आगे बढ़ रहा है और विकास की इस यात्रा को कोई भी नकारात्मक राजनीति रोक नहीं सकती।

# उत्तराखंड क्रीड़ा विश्वविद्यालय की प्रथम प्रबन्ध परिषद की बैठक में 'ग्राम से ओलंपिक' विज़न पर जोर

एजेंसी



देहरादून। उत्तराखण्ड क्रीड़ा विश्वविद्यालय की प्रबन्ध परिषद की प्रथम बैठक शनिवार को लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में 'ग्राम से ओलंपिक' विज़न पर जोर दिया गया। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अवस्थापना संबंधी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

कुलपति अमित कुमार सिन्हा ने विश्वविद्यालय की स्थापना, प्रस्तावित पाठ्यक्रमों, मानव संसाधन, प्रशासनिक ढांचे तथा बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। शिक्षण एवं प्रशासनिक पदों के सृजन के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श करते हुए औचित्य सहित प्रस्ताव शासन को भेजे जाने पर सहमति बनी। बैठक में अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की परिकल्पना वर्ष 2022 में की गई थी। इसका अधिनियम मार्च 2025 में पारित हुआ तथा 5 मई 2025 को राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई। विश्वविद्यालय का मुख्यालय गौलापार, हल्द्वानी में स्थापित है, जिसे ह्लमिशन ओलंपिक 2036ङ्क के लक्ष्य के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि क्रीड़ा विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित न रहकर उत्कृष्ट खेल संस्कृति के निर्माण का केंद्र बने। उन्होंने ह्लग्राम से ओलंपिकङ्क की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं की पहचान, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन पर विशेष जोर दिया। साथ ही अन्य खेल विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) कर प्रशिक्षण, शोध और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। बैठक में कुलसचिव डॉ. आशीष चौहान, अपर सचिव मनुज गोयल, अपर सचिव नवनीत पांडे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


जागरण मोर्चा
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से प्रकाशित ।
सम्पादक
योगेश कुमार वर्मा
मो0- 7579849555,9627739857
E-mail:
www.jagranmorchadaily@gmail.com
RNI.No.-UPHIN/2022/82743
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

# नेपाल : हिन्दू मुस्लिम समुदाय के बीच झड़प होने के बाद कर्फ्यू आदेश जारी

काठमांडू । नेपाल के मधेश प्रांत में रौतहट जिले में गौर नगरपालिका के सनगढ़ गाँव में दो समुदायों के बीच हुआ विवाद गंभीर रूप ले चुका है और तीन दिन बीतने के बाद भी सुलझ नहीं पाया है। गुरुवार रात एक मामूली विवाद के रूप में शुरू हुई घटना आगजनी और तोड़फोड़ तक पहुँच गई। पुलिस के अनुसार, विवाद एक विवाह समारोह के दौरान बजाए गए संगीत को लेकर उत्पन्न हुआ। पास की एक मस्जिद में रात्रि नमाज़ के समय संगीत बजने से स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जिसके बाद तीखी बहस हुई और कुछ लोगों के साथ कथित मारपीट भी की गई। शुक्रवार सुबह दोनों पक्षों के बीच फिर से पत्थरबाजी होने की खबर है, जिससे तनाव और



बढ़ गया। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि अशांति धीरे-धीरे आसपास के अन्य क्षेत्रों में भी फैल गई है।

इस बीच जिला प्रशासन कार्यालय, रौतहट ने बिगड़ती स्थिति को देखते हुए गौर-6 के कुछ इलाकों में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। मुख्य जिला अधिकारी द्वारा जारी सूचना के अनुसार, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अगले आदेश तक सभा, जुलूस, रैली, धरना, नारेबाजी तथा इसी प्रकार की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

सूचना में कहा गया है कि निर्धारित क्षेत्र में पाँच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर रोक रहेगी तथा प्रदर्शन या उकसाने वाली गतिविधियाँ प्रतिबंधित रहेंगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गौर नगरपालिका के संवेदनशील स्थानों में निषेधाज्ञा लागू की गई है और आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरणों ने स्थानीय निवासियों से शांति बनाए रखने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने और उन्हें न फैलाने की अपील की है। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

# ट्रंप ने 10 फीसदी वैश्विक टैरिफ संबंधी कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी

वाशिंगटन । अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ का आदेश जारी किया है जो तुरंत लागू होगा। मौजूदा अमेरिकी टैरिफ के अतिरिक्त लगाया गया यह शुल्क भारत सहित सभी देशों को प्रभावित करेगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की तरफ से हालिया दिनों में लगाए गए टैरिफ को असंवैधानिक ठहराए जाने के बाद 21 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी देशों पर 10 फीसदी वैश्विक टैरिफ लगाने संबंधी आदेश जारी किया है।व्हाइट हाउस ने ट्रुथ सोशल पर जारी की गई ट्रंप की पोस्ट को साझा किया है जिसमें बताया गया है कि राष्ट्रपति ने सभी देशों पर



10 प्रतिशत का वैश्विक टैरिफ लगाने संबंधी कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिया है और यह टैरिफ तुरंत प्रभाव से लागू होगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक दिन पूर्व ट्रंप की टैरिफ नीतियों को असंवैधानिक करार दिया।ट्रंप ने इसे निराशाजनक बताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट में उनकी दलीलों को सही तरह से नहीं सुना गया। ट्रंप ने कहा कि उन्हें ऐसे निर्णय की उम्मीद नहीं थी।

## उत्तराखंड क्रीड़ा विश्वविद्यालय की प्रथम प्रबन्ध परिषद की बैठक में 'ग्राम से ओलंपिक' विज़न पर जोर

एजेंसी

देहरादून। उत्तराखण्ड क्रीड़ा विश्वविद्यालय की प्रबन्ध परिषद की प्रथम बैठक शनिवार को लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में 'ग्राम से ओलंपिक' विज़न पर जोर दिया गया। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अवस्थापना संबंधी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

कुलपति अमित कुमार सिन्हा ने विश्वविद्यालय की स्थापना, प्रस्तावित पाठ्यक्रमों, मानव संसाधन, प्रशासनिक ढांचे तथा बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। शिक्षण एवं प्रशासनिक पदों के सृजन के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श करते हुए औचित्य सहित प्रस्ताव शासन को भेजे जाने पर सहमति बनी। बैठक में अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की परिकल्पना वर्ष 2022 में की गई थी। इसका अधिनियम मार्च 2025 में पारित हुआ तथा 5 मई 2025 को राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई। विश्वविद्यालय का मुख्यालय गौलापार, हल्द्वानी में स्थापित है, जिसे ल्लमिशन ओलंपिक 2036ङ्क के लक्ष्य के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि क्रीड़ा विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित न रहकर उत्कृष्ट खेल संस्कृति के निर्माण का केंद्र बने। उन्होंने ल्लग्राम से ओलंपिकङ्क की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं की पहचान, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन पर विशेष जोर दिया। साथ ही अन्य खेल विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) कर प्रशिक्षण, शोध और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। बैठक में कुलसचिव डॉ. आशीष चौहान, अपर सचिव मनुज गोयल, अपर सचिव नवनीत पांडे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नेपाल-भारत आर्थिक सहकार्य सहज और परिणाममुखी बनाने पर जोर

एजेंसी

काठमांडू । नेपाल उद्योग वाणिज्य महासंघ के अध्यक्ष चन्द्रप्रसाद ढकाल ने नेपाल-भारत आर्थिक सहयोग को और अधिक परिणाममुखी बनाने पर जोर दिया है। नई दिल्ली में शुरू हुए 'द्वितीय इंडो-नेपाल व्यापार महोत्सव 2026' को शनिवार को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के बीच सरल कस्टम प्रक्रिया, मानकों का समन्वय, डिजिटल व्यापार प्रणाली का सुदृढ़ीकरण तथा लघु एवं मध्यम उद्योगों को वित्तीय पहुँच और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में सहूलियत प्रदान की जानी चाहिए। ढकाल ने कहा कि भारत, नेपाल का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार और प्रमुख निवेश स्रोत है। उन्होंने उल्लेख किया कि खुली सीमा, सांस्कृतिक निकटता और जनस्तर के संबंधों ने दोनों देशों की साझेदारी को विशिष्ट बनाया है। उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता और आपूर्ति शृंखलाओं में



अवरोध की स्थिति का उल्लेख करते हुए पड़ोसी देशों के बीच सहयोग को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उनका कहना था कि भारत के हालिया केंद्रीय बजट में अवसंरचना, डिजिटल कनेक्टिविटी, हरित ऊर्जा तथा लघु एवं मध्यम उद्योगों के प्रोत्साहन को दी गई प्राथमिकता नेपाल के लिए भी नए अवसर सृजित कर सकती है। अध्यक्ष ढकाल ने जानकारी दी कि नेपाल जलविद्युत संसाधनों में समृद्ध है और भारत को बिजली निर्यात शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि उपयुक्त प्रसारण लाइन और नीतिगत स्थिरता सुनिश्चित होने पर नेपाल भारत का विश्वसनीय हरित ऊर्जा साझेदार बन सकता है। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र में नेपाल की प्राकृतिक सुंदरता, साहसिक और आध्यात्मिक गंतव्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि होटल, रिसॉर्ट और केबल कार परियोजनाओं में निवेश के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ल्लनेपाल में ऊर्जा, पर्यटन, औद्योगिक क्षेत्र, विशेष आर्थिक क्षेत्र, सीमा-पार लॉजिस्टिक्स, कृषि प्रसंस्करण, औषधि उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक संभावनाएँ हैं। इन क्षेत्रों में निवेश के लिए मैं भारतीय निवेशकों से आग्रह करता हूँ। नेपाल के निजी क्षेत्र द्वारा सदैव राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक अनुशासन के पक्ष में आवाज उठाने का उल्लेख करते हुए ढकाल ने कहा कि दीर्घकालीन निवेशकों का विश्वास बनाए रखने के लिए नेपाल में नीतिगत सुधार जारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इंडो-नेपाल व्यापार महोत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सद्भावना को व्यावसायिक साझेदारी में परिवर्तित करने का एक मंच है।

## नहर में गिरी कार में दो युवकों की मौत, परिजनों ने की शिनाख्त

हरिद्वार। मंगलौर मोड़ स्थित राणा स्टील फैक्ट्री के पास नहर पटरी किनारे शनिवार प्रातः एक सफ़ेद रंग की कार क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी मिली। कार का आधा हिस्सा नहर में डूबा था और आधा बाहर झाड़ियों में था। जिसमें दो युवक मृत पाए गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब पौने आठ बजे चेतक मोबाइल के कांस्टेबल दिनेश चौहान को स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दी गई कि नहर किनारे एक कार संख्या यूके 17 डब्ल्यू दुर्घटनाग्रस्त हालत में पड़ी है और उसमें दो व्यक्ति मृत अवस्था में हैं। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राकेश डिमरी मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे। दोनों मृतकों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सरकारी अस्पताल रुड़की की मोर्चरी में रखवाया तथा शिनाख्त के लिए सीसीआर,डीसीआर को अवगत कराया गया। कुछ ही देर बाद मृतकों के परिजन अस्पताल पहुंचे।

## भतीजे ने की ताई की हत्या, 72 घंटे में खुलासा

उधम सिंह नगर। जिले के खटीमा शहर में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवक ने पैसों के लालच में अपनी ताई की निर्ममता से हत्या कर दी। पुलिस ने 72 घंटे के भीतर मामले का खुलासा करते हुए आरोपी रवि चंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को एसएसपी उधम सिंह नगर अजय गणपति ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए कई टीमों का गठन किया गया। करीब 70 सीसीटीवी फुटेज खंगालने और पूछताछ के बाद पुलिस ने मृतका के भतीजे रवि चंद्र को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पैसों की जरूरत के चलते मफलर से गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया। वारदात के बाद वह नगदी और कीमती सामान लेकर फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

# श्री राम सेवक सभा का 30वां फागोत्सव 23 फरवरी से, महिला होली जुलूस में पहली बार प्रतियोगिता

एजेंसी

नैनीताल । नगर की 1918 से स्थापित धार्मिक-सामाजिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में 23 फरवरी से 4 मार्च तक 30वां फागोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष महिला होली जुलूस एवं स्वांग में पहली बार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ तीन प्रस्तुतियों को पुरस्कृत किया जाएगा। महासचिव जगदीश बवाड़ी ने बताया कि सामाजिक सद्भाव की परंपरा को बनाए रखते हुए यह प्रयोगात्मक पहल की जा रही है।

फागोत्सव के अंतर्गत 23 फरवरी को महिला होली जुलूस से शुभारंभ होगा।



इसके बाद विभिन्न तिथियों पर महिला बैठकी होली, स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियां, रंग धारण, चीर बंधन, पुरुष बैठकी होली, एकल गायन, होली जुलूस और होलिका दहन जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। 28 फरवरी को सभा के प्रशिक्षित बाल कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण होली की विशेष प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजन के दौरान कूर्मांचल बैंक के सहयोग से फोटोग्राफी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। विजेताओं को नगद पुरस्कारों के साथ कौसानी में पांच दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला में निःशुल्क सहभागिता का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के लिए 2 मार्च तक पंजीकरण और 6 मार्च तक फोटो अपलोड करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। पत्रकार वार्ता में सभा पदाधिकारियों ने दिवंगत जीएल साह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भारत मंडपम में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन दुर्भाग्यपूर्ण : रावत

हरिद्वार। भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट जैसे वैश्विक मंच पर कांग्रेस द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन को सांसद हरिद्वार एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं आश्चर्यजनक बताया।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी ज्ञान,नवाचार और तकनीक की सदी है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विकास की दिशा निर्धारित कर रही है। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर नकारात्मक राजनीति करना देश की प्रगति की भावना के विपरीत है।

श्री रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विजनरी सोच ने भारत को नई वैश्विक पहचान दिलाई है। उनका स्पष्ट संकल्प है कि एआई तकनीक के जरिए अंतिम व्यक्ति तक अवसर,पारदर्शिता और सशक्तिकरण पहुँचे। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और नवाचार आधारित शासन की पहल ने भारत को वैश्विक तकनीकी मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाया है। उन्होंने कहा कि जब विश्व भारत की क्षमता और नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है,तब ऐसे मंच पर विरोध प्रदर्शन यह दर्शाता है कि कुछ लोगों को परिवर्तन और प्रगति की यह गति स्वीकार नहीं है। लोकतंत्र में असहमति का अधिकार है,परंतु राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए। सांसद रावत ने कहा कि देश की जागरूक जनता सब जानती है,भविष्य विरोध से नहीं, विजन और संकल्प से बनता है। भारत तकनीक, नवाचार और सशक्त नेतृत्व के साथ आगे बढ़ रहा है और विकास की इस यात्रा को कोई भी नकारात्मक राजनीति रोक नहीं सकती।





